हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, उत्तराषाढ़ा, विक्रम संवत् 2082
• औरंगाबाद • रविवार • 18 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 156 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

Page 11



खेल

**नाडा की डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में इंटरपोल के प्रतिनिधि, सिनर-अल्कारेज इटैलियन...**

Page 10



देश

**ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश में भारत का पक्ष रखने पर सांसद सुप्रिया सुले बोलीं...**

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 95,130 | ₹ 97,000 |

## आज का इतिहास

**1974 : भारत ने पोखरण में अपना पहला परमाणु परीक्षण विस्फोट किया, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों के बाहर एक राष्ट्र द्वारा पहला पुष्टि किया गया परमाणु परीक्षण।**

**1912 : पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म श्री पुंडालिक रिलीज हुई।**

## न्यूज बाइट्स

### लोकगायिका स्वाति मिश्रा के पिता राजेश मिश्रा भाजपा में शामिल

**पटना (नि.सं.)।** लोकगायिका स्वाति मिश्रा के पिता राजेश मिश्रा शनिवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। यह मिलन समारोह भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर स्वाति मिश्रा भी मौजूद रहीं। उनके साथ मंच पर भाजपा नेता मंगल पांडेय, संजय सरावगी, और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

पटना जंक्शन के आसपास नहीं लगेगा जाम

# सीएम ने किया मल्टी मॉडल हब और भूमिगत पथ का उद्घाटन

**निज संवाददाता | पटना**

सीएम नीतीश कुमार ने नए बहुमंजिला पार्किंग भवन (मल्टी मॉडल हब) और पटना जंक्शन तक भूमिगत पथ (सब-वे) का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा है कि बहुमंजिला पार्किंग भवन और सब-वे की शुरुआत होने से पटना जंक्शन और इसके आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम होगी। साथ ही सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इससे पहले उन्होंने नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन से बसों और यात्री वाहन के परिचालन का शुभारंभ किया। लोकार्पण के बाद नवनिर्मित सब-वे का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ट्रैवेलेटर, एस्केलेटर आदि का जायजा लिया और यात्री सुविधाओं तथा कनेक्टिविटी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। लोगों की सुविधा के लिए भूमिगत पथ तक पहुंचने के लिए दो लिफ्ट और दो स्वचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर) भी लगायी गयी हैं। पूरी लंबाई में एयरकंडीशनिंग की सुविधा भी दी गयी है। भूमिगत पथ में बुद्ध स्मृति पार्क के निकट एक अतिरिक्त प्रवेश या निकास की सुविधा भी दी गयी है। भविष्य में इस भूमिगत पथ को निर्माणाधीन पटना मेट्रो स्टेशन से भी जोड़ने की योजना है। इस भूमिगत पथ और बहुमंजिला पार्किंग भवन की सुविधा मिलने से पैदल चलने वाले लोगों को पटना जंक्शन तक आवागमन में काफी सुविधा होगी।



### 84.83 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है सब-वे का निर्माण

नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 84।83 करोड़ रुपये की लागत से पटना जंक्शन के समीप भूमिगत पथ (सब-वे) का निर्माण कराया गया है। यह पटना जंक्शन के पास से शुरू होकर जीपीओ गोलंबर तक जाता है, जिसकी लंबाई 440 मीटर है। इस परियोजना में जीपीओ गोलंबर के नजदीक 66।81 करोड़ रुपये की लागत से बहुमंजिला पार्किंग भवन (मल्टी मॉडल हब) का निर्माण किया गया है जहां बस, ऑटो, टैक्सी एवं निजी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है।

### क्या बोले सीएम?

सीएम ने पत्रकारों से कहा कि जीपीओ गोलंबर के नजदीक मल्टीलेवल हब को पटना जंक्शन से जोड़ने के लिए सब-वे का निर्माण कराया गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अंतर्गत यातायात व्यवस्था को विकसित करना है। इस सब-वे और बहुमंजिला पार्किंग भवन का लोकार्पण होने से पैदल चलने वाले लोगों को पटना जंक्शन तक आवागमन में काफी सुविधा होगी। सीएम ने कहा कि हमने पहले भी कई बार इस परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। उस दौरान बेहतर और व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराने का निर्देश दिया था।

बिहार चुनाव की तैयारियां तेज

# चुनाव आयुक्त ने मोतिहारी में ईवीएम एफएलसी सेंटर का लिया जायजा

- एफएलसी कार्य 2 मई से शुरू होकर 24 मई तक चलेगा। इसमें 18 अभियंता संलग्न हैं।

**निज संवाददाता | पटना**



चुनाव आयुक्त डॉ विवेक जोशी ने शनिवार को ईवीएम/विविपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) सेंटर का जायजा लिया। इस दौरान वहां चल रहे एफएलसी कार्य का बहुत ही बारीकी से जायजा लिया गया। उन्होंने ईसीआईएल के अभियंताओं से एफएलसी से संबंधित सभी चीजों की जानकारी मांगी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में ईवीएम/विविपैट की प्रथम स्तरीय जांच की जा रही है। यह जांच ईसीआईएल के 18 अभियंताओं के द्वारा की जा रही है।

इस दौरान डीएम सौरभ जोरवाल ने बताया कि जिला में कुल 7209 बीयू, 5613 सीयू तथा 6058 वीवीपैट उपलब्ध है। ईसीआईएल के 18 अभियंताओं के द्वारा पिछले 2 मई से एफएलसी का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 24 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 4380 बीयू, 4380 सीयू तथा 4380 वीवीपीएटी का एफएलसी कार्य किया जा चुका है। इस दौरान 431 बीयू , 47 सीयू तथा 36 वीवीपैट को रिजेक्ट किया गया है।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने बताया कि एफएलसी का कार्य आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश और प्रोटोकॉल के अनुसार कराया जा रहा है। इस दौरान एफएलसी केंद्र पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार, विनोद सिंह गुंजियाल के अलाले भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस,एलजेपी, बहुजन समाजवादी पार्टी और आप के जिला प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इससे पहले कल (शुक्रवार) को चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। चुनाव कार्य निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से कराने के निर्देश भी दिए। राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं अधिकतम सहभागिता वाला बनाने पर बल दिया। कहा कि सभी सहभागी पक्षों की सक्रिय सहभागिता के लिए प्रशासन को रचनात्मक पहल करनी चाहिए।

## 26 जिलों में बारिश और ठनका का आसार, छह जिलों में हीट वेव का अलर्ट

**निज संवाददाता | पटना**

मौसम विभाग ने बिहार के 26 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने 12 जिलों ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि 14 जिलों में यलो अलर्ट है। औरंगाबाद में दोपहर डेढ़ बजे बाद अचानक मौसम बदला और तेज बारिश हुई। आपदा प्रबंधन विभाग ने कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी चंपारण, गया, रोहतास के लिए भारी बारिश और आकाशीय बिजली की संभावना जताई गई है। लोगों से घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है।

मौसम विभाग ने बिहार के 6 जिलों में हीट वेव का भी अलर्ट जारी किया है। इन जिलों के तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। कुछ जिलों का अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। 18 मई को पूरे बिहार में बारिश की संभावना है।

## 26 मई को एक्युप्रेशर चिकित्सकों का महाकुंभ, देशभर से जुटेंगे विशेषज्ञ

**निज संवाददाता | पटना**

पटना में एक्युप्रेशर और एक्युपंक्चर चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर आने वाला है। बढ़ियां बात यह है कि 26 मई को अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय परिसर, पटना में 32वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, इंडियन काउंसिल ऑफ एक्युप्रेशर योग और स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।



सम्मेलन के संयोजक डॉ. अजय प्रकाश ने जानकारी दी कि इस महाकुंभ में देश के 17 राज्यों से लगभग 400 चयनित एक्युप्रेशर चिकित्सक भाग लेंगे। इस दौरान 6 विषयों पर आधारित शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, जो चिकित्सा के क्षेत्र में नई दिशा और शोध को गति प्रदान करेंगे। यह सम्मेलन एक्युप्रेशर चिकित्सा के जनक माने जाने वाले डॉ. चन्द्रमा प्रसाद गुप्त की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर एक्युप्रेशर की चार पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा, जिनमें ह्यूमन फिजियोलॉजी और आयुष्मान भवः नामक स्मारिका प्रमुख हैं।

सम्मेलन में चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले 32 चिकित्सकों को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 11 मई से 25 मई तक देशभर में आयोजित एक्युप्रेशर पखवाड़े के अंतर्गत जो चिकित्सक और संयोजक निःशुल्क चिकित्सा शिविर चला रहे हैं, उन्हें भी मंच पर सम्मानित किया जाएगा।

इस विशेष सम्मेलन में बिहार के कई राजनेताओं, मंत्रीगणों, विधान सभा अध्यक्ष, विधान परिषद सभापति, शिक्षा क्षेत्र के दिग्गज, प्रमुख चिकित्सक और समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता एक्युप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त करेंगे। वहीं प्रमुख वक्ताओं में डॉ. एल.पी. सिंह, डॉ. हरेराम राय, डॉ. श्रीप्रकाश बरनवाल, डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. निखिल चौधरी, डॉ. एन.बी. शुक्ला, डॉ. अनिता सिन्हा, डॉ. पियुष त्रिवेदी और डॉ. के.पी. सिंह सहित कई विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। यह सम्मेलन न सिर्फ एक्युप्रेशर चिकित्सा के विकास और विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा, बल्कि चिकित्सकों को एक साझा मंच भी प्रदान करेगा, जहाँ वे अपने अनुभव और शोध साझा कर चिकित्सा के इस प्रभावशाली स्वरूप को और भी जनसामान्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षण में टीम टीचिंग है बेहतर विकल्प

**गया।** गया कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग के बीएड प्रशिक्षु की ओर से चलाए जा रहे इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शहर के टी-मॉडल इंटर स्कूल में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर किया गया। इस दौरान शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षण को प्रभावी और आनंददाई बनाने का एक बेहतर विकल्प टीम टीचिंग है। जिस प्रकार से किसी गायन समूह में गायक के साथ-साथ साज पर उसके कई सहयोगी रहते हैं, उसी प्रकार से यदि शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया में भी एक से अधिक प्रशिक्षु शिक्षक अध्ययन-अध्यापन करें तो उसका विद्यार्थियों पर एक गहरा प्रभाव पड़ेगा। विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज ने कहा कि मेधावी विद्यार्थी विभिन्न सह शैक्षिक गतिविधियों में सहभागिता करते हुए सफल हुए हैं। वैसे विद्यार्थी जो इस बार सफल नहीं हो सके हैं वे भविष्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जीतने का लक्ष्य बनाएं।

### एयरपोर्ट का नाम भगवान बुद्ध पर रखने की मांग

**गया।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने की। संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जमुई सांसद अरुण भारती शामिल हुए। बैठक में कुल दस प्रस्ताव पारित किए गए। सभी प्रस्ताव वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पढ़कर पारित किए। सातवां प्रस्ताव राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह ने पढ़ा। इसमें गया स्थित हवाई अड्डे का नाम भगवान बुद्ध हवाई अड्डा रखने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि यह नाम वैश्विक बौद्ध विकास को मान्यता देगा। श्री सिंह ने बताया कि दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की।

### राजगीर में 19 को लगेगा नियोजन मेला

**बिहारशरीफ।** बेरोजगार युवक व युवतियों को रोजगार देने के उद्देश्य से आगामी 19 मई को राजगीर के मेला मैदान में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में एमआरएफ, सानवी ग्रीन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, स्विगी डिलीवरी लिमिटेड, मिनिवेल सर्विसेज, एलएलपी वेल्पसन इंडिया लिमिटेड, क्वेस कॉरपोरेशन लिमिटेड, टाटा मोटर्स, सहित अन्य स्थानीय एवं निजी कंपनियों द्वारा रिटेल, हेल्थ केयर, अकाउंटिंग, डिलेवरी सर्विसेज, हॉस्पिटैलिटी, सिक्योरिटी सर्विसेज से संबंधित करीब ढाई हजार रिक्तियों भरा जाएगा।


### पिता की मौत, बेटी ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप

**गया।** गया शहर के एपी कालोनी में डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप है। बीती रात रामपुर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर निवासी अरुण यादव को हार्ट अटैक आया। अरुण यादव की बेटी ने हालात को भांपते हुए बिना देर किए उन्हें स्कूटी पर बैठाया। एपी कॉलोनी स्थित शुभकामना हॉस्पिटल पहुंचाया। लेकिन यहां अरुण यादव की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही हुई है। इसको लेकर इन्होंने हंगामा किया है। मृतक की बेटी प्रिया कुमारी का कहना है कि पिता मर चुके थे, फिर भी डॉक्टर दवाइयां लिखते रहे। यही नहीं, 3 लाख रुपए ऐंठने के बाद भी मरीज को पटना रेफर नहीं किया गया। उल्टा कहा गया कि हालत सामान्य है। बेटी के आरोपों के मुताबिक, रातभर डॉक्टर नदारद रहे। सिर्फ कंपाउंडर के भरोसे गंभीर मरीज को छोड़ दिया गया। जब परिवार वालों ने मरीज को देखने की जिद की, तो उन्हें रोका गया। किसी तरह अंदर घुसने पर देखा गया कि अरुण यादव की मौत हो चुकी है। हद तो यह कि उनकी मौत के बाद भी दवाइयां अस्पताल प्रबंधन की ओर से ख़रीदवाई जा रही थी।

# गया जिले में पिता और बेटे की गोली मारकर हत्या

◆ भतीजे ने पहले चाचा को गोली मारी, भागने के दौरान भाई मिला तो उसे भी शूट किया

निज संवाददाता। गया



गया में शनिवार दोपहर पिता और बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया। मृतकों में अशोक सिंह और उनके बेटे कुणाल सिंह शामिल हैं। परिवार का आरोप है कि, 'अशोक सिंह के भतीजे नीतीश कुमार ने ही दोनों की हत्या की है। वारदात के वक्त अशोक सिंह घर में अकेले थे। उन्हें गोली मारने के बाद आरोपी नीतीश गांव से भागने लगा। घटनास्थल से 500 मीटर दूर भागने के बाद आरोपी नीतीश को अशोक सिंह का बेटा कुणाल मिला। नीतीश ने उसे भी गोली मार दी और फरार हो गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि जमीन विवाद में डबल मर्डर हुआ है। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र के दखिनगांव की है।

**पैर का ऑपरेशन कराया था:** बताया जा रहा कि अशोक सिंह की पत्नी की कुछ दिन पहले मौत हो चुकी थी। बेटे कुणाल की अभी शादी नहीं हुई है। वो दिल्ली में रहकर पढ़ाई करता था। अभी वो घर आया हुआ था। आज ही उसे दिल्ली जाना था। एक बहन है उसकी शादी हो चुकी है। वो अपने ससुराल में रहती है। अशोक सिंह ने अपने पैर का ऑपरेशन कराया था। उनके पैर में जख्म था। वे बेड पर ही रहते थे।

**लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया:** मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा दिया है। सूचना पर वजीरगंज थाना अध्यक्ष व्यंकटेश झा भी मौके पर पहुंचे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वजीरगंज के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित की है। एफएसएल और तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर सबूत इकट्ठा कर रही है। वजीरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## भारत मां के वीरों की आत्मा की शांति के लिए खाटू श्याम की यात्रा पर निकला यश



निज संवाददाता। गया

रामपुर गांव के प्रकाश कुमार गुप्ता अपने 9 साल के बेटे यश राज के साथ साइकिल से खाटू श्याम जी की यात्रा पर निकले हैं। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम घाटी में आतंकियों द्वारा मारे गए जवानों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए की जा रही है। बोधगया से राजस्थान तक की यह यात्रा 1400 किलोमीटर लंबी होगी। यश को बाराचट्टी की विधायक ज्योति देवी, श्री जगन्नाथ मंदिर के कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष नारायण मांझी, सुरेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, सतीश सिन्हा और 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य ओम प्रकाश गुप्ता ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक ने 3 हजार और अरविंद सिंह ने 21 सौ रुपये प्रोत्साहन राशि दी। विधायक ने कहा कि यश एक प्रतिभाशाली बच्चा है। भगवान के द्वार तक साइकिल से पहुंचने की उसकी लगन पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है। यश इससे पहले दो बार साइकिल से अयोध्या जा चुका है। नौ दिन उपवास में रहकर माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। बाबाधाम की यात्रा भी साइकिल से की। अब तक वह 3 हजार किलोमीटर की यात्रा कर चुका है। खाटू श्याम जी की यात्रा से पहले पूरे परिवार ने भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए। फिर सभी बड़ों का आशीर्वाद लेकर यात्रा शुरू की। प्रकाश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा सिर्फ धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि मजबूत इच्छाशक्ति से कुछ भी संभव है।

## सीबीएसई : एलाइड इंटरनेशनल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

निज संवाददाता। गया



गया सीबीएसई ने सत्र 2025 की बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। एलाइड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल की टॉपर अदिति राजश्री ने 96% अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर पलक कुमारी रहीं, जिन्हें 93.4% अंक मिले। तीसरे स्थान पर सोम कुमार रहे, जिन्होंने 92% अंक प्राप्त किए। आकाश वर्मा ने 91.4%, विद्या भारती ने 90.4%, सोनाली कुमारी, रौशन कुमार ने 90-90% अंक पाए। शशांक कुमार और श्वेता रानी को 89-89% अंक मिले। श्रेया कुमारी और कावेरी कुमारी ने 88.4% अंक हासिल किए। सोनाली कुमारी को 87.2%, अंशु कुमारी, अमृता कुमारी और दीप्ति कुमारी को 87-87% अंक मिले। आरती कुमारी और बादल कुमार को 86-86% अंक प्राप्त हुए। राज कुमार और हर्षित कुमार को 85.2%, वत्सल गोविंद, सिंटू कुमार, साहस कुमार और रवि प्रसाद को 85-85% अंक मिले। कावेरी कुमारी को 84.4%, राधिका कुमारी को 84.2%, कौशल कुमार को 84%, आदित्य रंजन को 83.4%, प्रांशु कपूर को 83%, सत्य प्रकाश, हर्षिता सिन्हा और रहीमा कलाम को 82-82% अंक मिले। अदिति शर्मा को 81.4%, पृथ्वी राज को 80.4%, देव बरियार, आयुषी कुमारी और पीयूष कुमार को 80-80% अंक प्राप्त हुए। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार राय ने बच्चों की सफलता पर शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

# गया में जमीन विवाद में हिंसक झड़प



◆ 2 लोगों की हालत गंभीर, तलवार और गड़ासा से किया हमला, आर्मी जवान और परिजनों पर आरोप

निज संवाददाता। गया

गया के फतेहपुर ब्लॉक में जमीन विवाद में दो गुटों के बीच मारपीट हुई है। मारपीट में 2 लोग घायल हुए हैं। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। आर्मी के 2 जवानों और उनके परिजनों पर आरोप लगा है। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना खजुरी गांव की है। घायलों की पहचान सत्येंद्र प्रसाद और राजेश कुमार के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार देर शाम दोनों बाइक से बाजार जा रहे थे। इस दौरान गांव के ही आर्मी जवान राजेश, विकास कुमार, अंकित कुमार, सुरेंद्र प्रसाद और फुलु ने उन्हें रोक लिया। बिना कुछ कहे राजेश, विकास ने तलवार और गड़ासा से हमला कर दिया। हमले में बाइक सवार राजेश कुमार की गर्दन पर गहरा कट लग गया। सिर तीन जगह से फट गया। सत्येंद्र पर लोहे की रॉड और देसी रिवॉल्वर से वार किया गया। दाहिना हाथ और पैर पर गहरा कट लगा है। जबकि एक हाथ फ्रैक्चर हो गया। दोनों को मरा समझकर आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को फतेहपुर सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

**पुलिस पर गंभीर आरोप:** इस मामले में फतेहपुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पर गंभीर आरोप लगा है। घायल सत्येंद्र के भाई अरुण कुमार ने कहा कि जब एफआईआर में गर्दन कटने की बात लिखी गई, तो थानाध्यक्ष ने आवेदन लेने से मना कर दिया। कहा कि इस लाइन को हटाओ, तभी केस दर्ज होगा। मजबूरी में दूसरा आवेदन दिया, तब जाकर मामला दर्ज हुआ।

**आरोपों को किया खारिज:** वहीं, थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई। एक आरोपी जवान को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## नालंदा के चंडी ब्लॉक में 3 घंटे तक कटेगी बिजली

**नालंदा।** नालंदा में चंडी ब्लॉक के न्यू नरसंडा फीडर से आज 3 घंटे तक बिजली की सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान बिजली के खंभों और जर्जर तार को ठीक किया जाएगा। मेंटेनेंस का काम खत्म होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। विभाग के मुताबिक 33KV नई चंडी-2 लाइन में मेंटेनेंस के कारण सुबह 7 बजे से 10 बजे तक बिजली कटौती की गई है। इस दौरान नरसंडा और आसपास के गांवों में बिजली कटेगी।

**उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील:** कार्यपालक अभियंता (ग्रामीण) रुपक कुमार ने बताया की नई लाइन में कुछ आवश्यक कार्य किए जाने हैं। जिसके लिए बिजली कटौती जरुरी है। इससे लोगों को असुविधा होगी, लेकिन बेहतर सेवा के लिए यह कार्य आवश्यक है। आम जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। काम खत्म होने के बाद जल्द ही बिजली चालू कर दी जाएगी।

## मालदा मंडल द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पिरपैंती एवं राजमहल स्टेशनों के उन्नयन कार्यों के प्रदर्शन हेतु मीडिया टूर का आयोजन

विशेष संवाददाता | कोलकाता




रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने आज पिरपैंती एवं राजमहल रेलवे स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु एक मीडिया टूर का आयोजन किया गया। इस मीडिया टूर का नेतृत्व मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) यतीश कुमार ने किया, जिनके साथ मंडल के सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इस दौरे का उद्देश्य मीडिया को चल रहे पुनर्विकास कार्यों की जानकारी देना, परियोजना की प्रगति से अवगत कराना एवं भविष्य की रूपरेखा साझा करना था। पिरपैंती स्टेशन पर डीआरएम/मालदा ने मीडिया प्रतिनिधियों को पुनर्विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी एवं स्टेशन का भ्रमण कराकर उन्नत अवसंरचना और यात्री सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिरपैंती स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की आधारशिला वर्चुअली रखी गई थी। एनएसजी-5 श्रेणी में आने वाला पिरपैंती स्टेशन, पूर्व रेलवे के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक है। अमृत भारत स्टेशन योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 18.93 करोड़ की लागत से विभिन्न कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें सिविल, इलेक्ट्रिकल, एसएंडटी, साइनेज, लिफ्ट, 12 मीटर फुट ओवर ब्रिज / रूफ प्लाजा, आगमन एवं प्रस्थान ब्लॉक का निर्माण, पैदल मार्ग, आकर्षक मूर्तियाँ, आधुनिक आंतरिक सज्जा, सौंदर्यपूर्ण लाइटिंग के साथ नवीन अग्रभाग (फैसाड) आदि शामिल हैं। स्टेशन की डिज़ाइन एवं इंटीरियर को स्थानीय कला एवं समीपवर्ती ऐतिहासिक धरोहरों से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया है, जिससे इसे एक विशिष्ट पहचान मिली है। निर्धारित सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

राजमहल रेलवे स्टेशन पुनर्विकास की मुख्य विशेषताएं - इसी प्रकार का मीडिया टूर राजमहल रेलवे स्टेशन पर भी आयोजित किया गया, जहाँ मीडिया प्रतिनिधियों को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हुए महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी गई। यह योजना राजमहल स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। राजमहल स्टेशन भी एनएसजी-5 श्रेणी में आता है और पूर्व रेलवे के प्रमुख स्टेशनों में शामिल है। पुनर्विकास कार्य चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण हेतु 7.03 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है। इसमें सिविल, इलेक्ट्रिकल, एसएंडटी कार्य, साइनेज शामिल हैं। यह समग्र उन्नयन कार्य यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया है। यहाँ भी नियोजित कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

**पिरपैंती स्टेशन पर प्रथम चरण में पूर्ण किए गए प्रमुख कार्य**

* सौंदर्यपूर्ण लाइटिंग के साथ आधुनिक अग्रभाग (फैसाड) का निर्माण
* प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, डिजर्व लाउंज, एग्जीक्यूटिव लाउंज तथा महिला प्रतीक्षालय का विकास
* कांकर्स एरिया एवं आगमन ब्लॉक का निर्माण
* सर्कुलेटिंग एरिया का विकास जिससे यात्री आवागमन सरल हो
* इंडोर व आउटडोर बड़े आकार की वीडियो वॉल्स की स्थापना
* स्टेशन में दिशानिर्देशन हेतु साइनेजेज कार्यों का निष्पादन
* दिव्यांगजन-अनुकूल पूर्ण अवसंरचना की व्यवस्था

**राजमहल स्टेशन पर प्रथम चरण में पूर्ण किए गए प्रमुख कार्य**

* आधुनिक अग्रभाग का निर्माण एवं सौंदर्यपूर्ण अग्रभाग लाइटिंग
* सर्कुलेटिंग एरिया एवं पैदल मार्गों का विकास
* लंबी ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म का विस्तार
* प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, रिजर्व लाउंज, एग्जीक्यूटिव लाउंज, महिला प्रतीक्षालय तथा पे एंड यूज टॉयलेट का निर्माण
* दिशानिर्देशन हेतु साइनेजेज कार्यों का निष्पादन
* आकर्षक मूर्तियों की स्थापना एवं मानक इंटीरियर्स का विकास
* स्थानीय कला और ऐतिहासिक धरोहरों से प्रेरित आंतरिक एवं बाह्य डिजाइन
* पूर्णतः दिव्यांगजन-अनुकूल अवसंरचना
* इंडोर बड़ी स्क्रीन वीडियो वॉल की स्थापना

# आपरेशन सिंदूर की सफलता को करें शेयर-दीपक मस्के



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिला मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आईटी और सोशल मीडिया पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि मुख्य मेहमान के रूप में बिहार प्रदेश आईटी और सोशल मीडिया प्रभारी दीपक मस्के उपस्थित रहे। जनता से सीधे जुड़ने के तरीकों पर चर्चा हुई। साथ ही आपरेशन सिंदूर की सफलता को सोशल मीडिया पर शेयर करने की बात कही गई है। बैठक में मुख्यालय सह प्रभारी रवि केशरी, हिमांशु गुप्ता के साथ-साथ जिला आईटी सेल औरसोशल मीडिया संयोजक शीतेश गुंजन सहित जिले के सभी मंडलों के आईटी और सोशल मीडिया संयोजक उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि भाजपा नालंदा पूरे जिले में एक मजबूत संगठन की संरचना तैयार करेगी, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हम सभी पार्टी के एक परिवार के सदस्य हैं और पार्टी हमारी मां है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर पूरी तरह सक्रिय होकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया।

**सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के बारे में दी जानकारी:** मुख्य अतिथि दीपक मस्के ने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। सोशल मीडिया वर्तमान समय में जनता से सीधे जुड़ने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। विशेष रूप से हाल ही में संपन्न हुए 'आपरेशन सिंदूर' के बारे में उन्होंने कहा कि यह भारतीय सेना का अदम्य साहस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और सफल नेतृत्व का प्रतीक है। आप सभी को चाहिए कि इस सफलता और भारतीय सेना की बड़ी जीत को सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर प्रचारित करें। मस्के ने आगे कहा की कोई भी भाजपा कार्यकर्ता किसी भी दायित्व पर हों, उन्हें सोशल मीडिया पर पार्टी की विचारधारा, केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विपक्षी दलों की नकारात्मक राजनीति और उनके भ्रामक बयानों का खंडन करना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने आपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना को मॉडर्न और अत्यंत मजबूत बनाया है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण आपरेशन सिंदूर है।

### नालंदा में सड़क हादसे में एक शख्स की मौत

**नालंदा।** नालंदा के सरमेरा थाना क्षेत्र में मिट्टी लोडेड ट्रैक्टर ने एक शख्स को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे ड्राइवर को लोगों ने खदेड़कर पकड़ लिया। घटना के विरोध में बिहटा-सरमेरा टू लेन जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और सरमेरा बीडीओ मौके पर पहुंचे। समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-AUCTION) किया जाना है।

ऑक्शन कैटलॉग नम्बर BSB 10 PARKING 25

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
| --- | --- | --- | --- |
| सीवान कचहरी हाल्ट स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| गाजीपुर सिटी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 10:40 बजे तक |
| दिघवा दुबौली स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 10:50 बजे तक |
| जीरादेई स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| दाउदपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:10 बजे तक |
| प्रयागराज रामबाग स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:20 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:40 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:50 बजे तक |
| चैनवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |

ऑक्शन कैटलॉग नम्बर BSB 11 PARKING 25

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
| --- | --- | --- | --- |
| प्रयागराज रामबाग स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| चौरीचौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 10:40 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 10:50 बजे तक |
| रसड़ा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:10 बजे तक |
| किडिहरापुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:20 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:40 बजे तक |
| चितबड़ागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:50 बजे तक |
| बनकटा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |

• ई–नीलामी (E-AUCTION) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन ₹10,000/– (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One time Registration) करना आवश्यक है, साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) में करेंट खाता हो, जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तें की संपूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वा.–38 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–2 ऑफ 2025–26 / खुला / गति शक्ति इकाई, डीडीयू।**
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / आर०एस०पी० / महेन्द्रूघाट द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई – निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : निविदा सं0–2–डीडीयू–उप मुख्य परियोजना प्रबंधक – गति शक्ति इकाई –25–26**
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / आर०एस०पी० / महेन्द्रू घाट के अधीन डीडीयू डिविजन में गति शक्ति यूनिट द्वारा निष्पादित किए जा रहे विभिन्न कार्यो के लिए सामान्य सलाहकार की नियुक्ति के प्रस्ताव (आर०एफ०पी) के लिए अनुरोध। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत** : 2,13,69,762.44, **(iii) धरोहर राशि** : 2,56,900.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 10.06.2025 को 12:00 बजे तक, **(v)** वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : **www.ireps.gov.in** नोटः–विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी.
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/0259/डीडीयूजीएस/जीएस/टी/25–26/40



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या : DNR/PROJ/TRL/NBG/RE-TEN/02, दिनांक– 15.05.2025
**1.0 कार्य का नाम एवं स्थान :** Design, Supply, erection, testing & commissioning of 132KV D/C 3-phase transmission line from GSS Nabinagar to Railway TSS Nabinagar and associated 02 nos. 132KV Line Bays at GSS Nabinagar under Railway Project Danpaur of East Central Railway. **2.0 कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 479462233.77/–, **3.0 निविदा फार्म की कीमत :** ₹ 0.00/–, **4.0 आवश्यक बयाना राशि :** ₹ 2547300.00/–, **5.0 निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–29.05.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 12.06.2025 को 15:00 बजे।, **6.0 वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। :** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। **7.0 पता एवं अन्य जानकारी :** मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल, जिला– पटना, पिन–801105।
उप मुख्य विद्युत अभियंता/
रेल परियोजना/पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/0266/प्रोजेक्ट/डीएनआर/इंजी./टी/25–26/40



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–05 ऑफ 2025–26/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यो के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।
**निविदा सं.–03–डीडीयू–व.मं.इंजी.–मुख्यालय –25–26, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डी.डी.यू. के अधीन डी.डी.यू. में यूरोपीय कॉलोनी में ब्लॉक संख्या 76/एफ, 93/बी, 107, 73/बी, 150, 97, 148, 74/ए, 96, 87 आदि में रहने वाले का परिवर्तन के कारण नाली, पीछे और किनारे की चारदीवारी, सेप्टिक टैंक, सम्प, फर्श, गेट, दरवाजे और खिड़कियाँ, रंग धुलाई, पेंटिंग आदि की मरम्मत। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 5804315.10 **(iii) धरोहर राशि :** ₹ 116100.00 **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 06.06.2025 को 12:00 बजे तक। **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in** नोटः– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/0260/डीडीयूजीएस/इंजी./टी/25–26/40



**पूर्व मध्य रेल**

**ई निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं./बिड संख्या – जीईएम/2025/बी/6216218**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित फेस–टू–फेस पूछताछ काउन्टरों (मैनुअल) की व्यवस्था, उद्घोषणा तथा टीआईबी/सीआईबी/टीटीई लॉबी के डाटा फिडिंग, इत्यादि हेतु 03 वर्षों (1095 दिनों) की अवधि हेतु संचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से दो पैकेट प्रणाली पर बोलियाँ (बिड) आमंत्रित करते हैं।
**क्र. सं. :** 01., **कार्य का नाम एवं स्थानः** दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित फेस–टू–फेस पूछताछ काउन्टरों (मैनुअल) की व्यवस्था, उद्घोषणा तथा टीआईबी/सीआईबी/टीटीई लॉबी के डाटा फिडिंग के साथ–साथ रिटर्न सेक्शन, ट्विटर सेल, हेल्पलाईन (138)/वाणिज्यिक नियंत्रण–दानापुर के अधीन केन्द्रीय पूछताछ में डाटा फिडिंग के लिए 03 वर्षों (1095 दिनों) की अवधि के लिए संचालन हेतु अनुबंध। **क्र. सं. :** 02., **कार्य की अनुमानित लागत :** रू 27,80,98,836.30, **क्र. सं. :** 03., **अग्रदाय राशिः** रू 15,40,500/–, **क्र. सं. :** 04., **बिड समापन एवं बिड खुलने की तारीख एवं समय :** बिड बंद होने की तारीख/समय – 06.06.2025 को 12.00 बजे।, बिड खुलने की तारीख/समय – 06.06.2025 को 12.30 बजे।, **क्र. सं. :** 05., **वेबसाईट विवरण– नोटिस बोर्ड आदि का स्थान जहाँ निविदा (सूचना एवं निविदा प्रलेख) देखा जा सकता है:** वेबसाईट– www.gem.gov.in. नोटिस बोर्ड का स्थान – वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर के कार्यालय में।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/0264/डीएनआर/वा./टी/25–26/44

### सैकड़ों युवाओं ने शहीद मनीष के अंतिम दर्शन को लेकर निकाली बाइक मार्च

# राजकीय सैन्य सम्मान के साथ पंच तत्व में विलीन हुए शहीद मनीष, अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

निज संवाददाता | नवादा






नवादा देश की रक्षा करते करते ड्यूटी के दौरान 14 मई की सुबह सवा सात बजे शहीद हुए भारतीय सेना के जवान व नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के पाण्डेयगंगौट गांव निवासी 27 वर्षीय चन्दन कुमार का पार्थिव शरीर घटना के चौथे दिन उनका पैतृक गांव पहुंचा। हजारों वाहनों के काफिले एवं काफी जनसैलाब के बीच जैसे ही दोपहर एक बजे के आस पास उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पाण्डेयगंगौट पहुंचा,तो माहौल काफी गमगीन हो उठा। वहाँ मौजूद हजारों आँखें नम थी और हर दिल में गर्व का भाव था। सैनिक सम्मान के साथ जहां शहीद मनीष के पार्थिव शरीर को गांव स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं हजारों ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शहीद जवान को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शहीद मनीष को वीरों की तरह विदाई दी गई। दिवंगत शहीद जवान मनीष के पार्थिव शरीर को उनके छोटे भाई सन्नी कुमार ने नम आँखों से मुखाग्नि दी। इसके पूर्व शहीद जवान मनीष के पार्थिव शरीर जैसे ही नवादा पुलिस लाइन से निकला,जगह जगह रास्ते में हजारों लोगों ने गांव की गलियों एवं सड़कों को तिरंगा से पाट दिया। जगह जगह शहीद मनीष के शव वाहन को रोककर पुष्प वर्षा की गई। देश भक्ति गीतों के बीच जब तक सूरज चांद रहेगा, मनीष तेरा नाम रहेगा, शहीद मनीष अमर रहे, भारत माता की जय,पाकिस्तान मुर्दाबाद, जय हिंद, वन्दे मातरम आदि देशभक्ति नारों से पूरा इलाका गुंजयमान हो उठा। लोगों ने कहा कि हमारे जवानों की बलिदानी बेकार नहीं जाएगी। बलिदानी मनीष के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन को उमड़े लोगों के सुविधाओं के लिए एवं भीषण गर्मी से बचाव को लेकर बड़े बड़े शामियाना लगाया गया था। वहीं पेयजल की भी व्यवस्था भी की गई थी। एक शामियाना में शहीद मनीष के सेवाकाल के यादों को संजो कर रखा गया था। बता दें कि दिवंगत मनीष ने अपने सेवाकाल में विभाग से कई मेडल जीतें थे। वहीं स्थानीय मुखिया दीपक कुमार ने बताया कि उनके एवं ग्रामीणों के सहयोग से गांव के मुख्य द्वार सहित कई स्थानों पर शहीद मनीष का बैनर लगाकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। वहीं मुख्य सड़क व मुख्य द्वार से पूरे गांव तक जाने वाली सड़कों को ग्रामीणों द्वारा फूलों से सजाया गया। पूरे गांव की सड़कों पर एक साइड से फूल बिछाकर सम्मान दिया गया।

**गांव के मुख्य द्वार को शहीद मनीष द्वार करने का मांग**

ग्रामीणों ने पाण्डेयगंगौट गांव जाने वाली मुख्य द्वार का नाम शहीद मनीष द्वार रखने का निर्णय लिया है एवं इस दिशा में सरकार एवं प्रशासन से आवश्यक पहल करने का मांग किया है। वहीं फुलडीह मोड़ का भी नाम शहीद मनीष मोड़ करने की मांग प्रशासन से की जा रही है। शहीद मनीष के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन को लेकर उनके सम्मान में कौआकोल बाजार से दर्जनों बाइक के काफिला से सैकड़ों युवा रवाना हुए। बाजार समिति के अध्यक्ष राहुल शुक्ला ने बताया कि कौआकोल बाजार से सैकड़ों युवाओं की टोली शहीद मनीष के अंतिम दर्शन को लेकर कौआकोल से उनके पैतृक गांव के लिए बाइक से रवाना हुए।

**कड़ी धूप में शहीद के अंतिम दर्शन को सैकड़ों महिलाएं पहुंची**

शनिवार को प्रखंड क्षेत्र में गर्मी का भीषण पर प्रकोप रहा। तपती दुपहरी एवं भीषण गर्मी में भी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से आईं हजारों महिलाएं भी अपने मिट्टी के लाल के अंतिम दर्शन को आई। महिलाओं ने भी कहा कि यह गर्व की बात है कि आज देश के एक जवान हमलोगों की सुरक्षा करते करते शहीद हो गया।

**मध्य विद्यालय कौआकोल में छात्र-छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि**

भारतीय सेना में कार्यरत शहीद मनीष के बलिदान के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए मध्य विद्यालय कौआकोल में शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास ने बताया कि स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद मनीष की आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर शिक्षक विजय कुमार सुमन, सूर्यकांत निराला, अभिषेक राज, रामजन्म पासवान, शबनम प्रवीण, तराना खातून, शीला, अशोक आदि मौजूद थे।

**शहीद मनीष के अंतिम दर्शन में शामिल हुए कई दिग्गज**

दिवंगत शहीद मनीष कुमार के अंतिम दर्शन को लेकर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोगों ने नम आँखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। वहीं शहीद मनीष के पैतृक गांव पाण्डेयगंगौट में मुख्यमंत्री के आदेश पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इसके पूर्व पार्थिव शरीर पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। विधि व्यवस्था को लेकर जिले के रूपौ एवं कौआकोल थाना सहित कई अन्य थानों के पुलिस अधिकारी एवं जवान लगे रहें। शहीद जवान मनीष के अंतिम संस्कार में राज्यसभा सांसद डॉ० भीम सिंह चंद्रवंशी, नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश, सदर एसडीओ अखिलेश कुमार, पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी, विधायक मोहम्मद कामरान, एमएलसी अशोक यादव, मगही एवं भोजपुरी गायक गुंजन सिंह, बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता सहित अन्य कई दिग्गज लोग मौजूद रहे।

**विधायक मो. कामरान ने एक माह का वेतन देने का किया घोषणा**

गोविंदपुर विधायक मो० कामरान ने शहीद मनीष के परिवार को अपना एक माह का वेतन देने की घोषणा की है। साथ ही सरकार से एवं अन्य स्तर से भी आर्थिक मदद दिलाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का बलिदान बेकार नहीं जाएगा। विधायक की इस पहल पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है।

# पीएम की प्रस्तावित यात्रा की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



आगामी 30 मई को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी की रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड अंतर्गत मुरैना पंचायत के दुर्गाडीह गांव में प्रस्तावित यात्रा और कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित सभागार भवन में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री की यात्रा को सफल, सुव्यवस्थित और भव्य बनाने को लेकर सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज अनिल बसाक, अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी सूर्य प्रताप सिंह, बंदोबस्त पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित जिले के अन्य वरीय प्रशासनिक व तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन से संबंधित विभिन्न तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, हेलीपैड निर्माण, दर्शक दीर्घा, मीडिया जोन, तथा वीवीआईपी मूवमेंट की सुचारू व्यवस्था समयसीमा के भीतर पूर्ण होनी चाहिए। साथ ही मौके पर चिकित्सा सुविधा, आपातकालीन सेवा, फायर ब्रिगेड, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल और शौचालय सुविधा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त सड़क मरम्मत, यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, तथा विशिष्ट अतिथियों के आवास और भोजन व्यवस्था के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम स्थल की सफाई, सौंदर्यीकरण और रंग-रोगन के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि स्थल का वातावरण साफ-सुथरा और आकर्षक बना रहे। जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया निगरानी और अफवाहों पर लगाम लगाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को निर्देशित किया कि वे विशेष सतर्कता बरतें और सभी संचार माध्यमों से जनसामान्य तक सही जानकारी पहुंचाएं। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की भी विशेष समीक्षा की गई। स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग और विशेष सुरक्षा बलों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा गया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या आपात स्थिति से कुशलता से निपटा जा सके। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों का स्पष्ट रूप से आवंटन किया और कहा कि हर विभाग अपने-अपने स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करे और निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण कर लें। उन्होंने स्वयं भी समय-समय पर स्थल का निरीक्षण करने की बात कही, ताकि कार्यों की प्रगति की प्रत्यक्ष समीक्षा की जा सके। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से सहयोग की भावना से कार्य करने की अपील की और यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री का यह दौरा रोहतास जिले के लिए गौरव का विषय है।

# 400 लीटर महुआ शराब बरामद, दो तस्कर हुए गिरफ्तार

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम पार स्थित घने जंगल में बने रास्तों का उपयोग शराब तस्करों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसके पीछे यह तर्क दिया जाता है कि जंगली क्षेत्र सुनसान होते हैं, जहां पुलिसिया कार्रवाई का टेंशन शराब तस्करों को न के बराबर होता है। वहीं शराब तस्करों के मनसूबों पर पानी फेरते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने सशस्त्र पुलिस बलों के सहयोग से घने जंगली क्षेत्र जमुनदाहा गांव के समीप छापेमारी कर शराब लदे तीन बाईकों को जब्त किया गया। जब्त शराब 7 बोरों में रहे प्लास्टिक के गैलेनों में रहे कुल 400 लीटर देशी महुआ शराब को बरामद किया। साथ ही दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान नावाडीह गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह के पुत्र नीरज कुमार सिंह एवं लवणी मढ़ी गांव निवासी स्व. कैलाश सिंह के पुत्र प्रेम सिंह के रूप में हुई है।

# 24 घंटे के अंदर 43 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी अभिनव धीमान

निज संवाददाता | नवादा

नवादा पुलिस ने 16 मई 2025 को अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की, जिसमें कुल 43 फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि यह गिरफ्तारी विभिन्न अपराधों में शामिल अपराधियों की थी। इनमें से 01 अपराधी हत्या, 08 अपराधी हत्या के प्रयास, 01 अपराधी पुलिस पर हमले, 06 अपराधी मद्य निषेध से संबंधित और 27 अपराधी अन्य मामलों से जुड़े थे। इस दौरान पुलिस ने शराब के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की। 293.6 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसके अलावा पुलिस ने 16 वारंटों का निष्पादन और 19 कुर्की की कार्रवाई भी की। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान कुल 850 वाहनों की जांच की, जिसमें 52 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारियों में 03 मोटरसाइकिल, 01 ट्रैक्टर और 40 हजार रुपये की नकद राशि बरामद की गई। इसके साथ ही एक अपहृता भी पुलिस ने बरामद की। एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि नवादा पुलिस अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए हमेशा संकल्पित है। पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ विशेष रूप से छिपकर रहने वालों के खिलाफ आसूचना संकलन का कार्य तेज कर दिया है और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। यह गिरफ्तारी नवादा पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है, और यह दर्शाता है कि नवादा पुलिस अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और तत्परता से निभा रही है।

## 19 मई से 18 जून तक स्टडी किट हेतु दे सकते हैं आवेदन

नवादा (नि.सं.)। नवादा जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने जानकारी दी कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार के नियोजन सेवा विस्तार योजनांतर्गत 19 मई से 18 जून 2025 तक स्टडी किट के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। यह योजना यूपीएससी, बीपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कमजोर वर्ग (दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, एससी, एसटी, ईबीसी, महिला) के लिए है, जिनकी वार्षिक आय 3,00,000/- से कम हो और जिन्होंने एनसीएस पोर्टल पर 6 महीने पहले निबंधन कराया हो।

# 100 प्रतिशत स्कॉलरशीप से एमबीए पाकर मिली छह लाख रुपए सालाना की जॉब, परिजनों में खुशी की लहर

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र के प्राणचक गांव के छात्र राजीव रंजन जिसने आर्थिक तंगी के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। किंतु जीविका लाइब्रेरी से मदद किए जाने के बाद युवक ने मैट की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर 100% स्कॉलरशीप पाकर एमबीए का कोर्स कंप्लीट किया। वहीं छात्र राजीव को झारखंड के एक कंपनी में 6 लाख रुपए सलाना के पैकेज का ऑफर मिला है।छात्र राजीव रंजन की सफलता पर उनके परिजन समेत जीविका बीपीएम मनीष कुमार और जीविका लाइब्रेरी की विद्या दीदी किरण कुमारी ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शनिवार को छात्र राजीव रंजन जीविका लाइब्रेरी पहुंच विभिन्न प्रतियोगिता के परीक्षाओं में जुड़े छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। साथ ही बताया कि उनके पिता रविन्द्र प्रसाद किसान हैं और खेतों में फसलों को उगाकर हमसभी पांच भाई बहनों का परवरिश कर रहे हैं एवं माता गृहणी है व जीविका समूह से जुड़ी हैं। सफल छात्र का प्रारंभिक शिक्षा से लेकर बारहवीं की रजौली में हुई। उसके बाद वे जमुई के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल ब्रांच के साथ डिग्री ली। डिग्री लेने के बाद वे अपने गांव में रहने लगे, जिससे उनकी तैयारियां छूट गई।इस दौरान वर्ष 2022 के दिसंबर माह में प्रखंड परिसर में स्थित जीविका लाइब्रेरी ज्वाइन किए, जहां बच्चों के कौशल विकास को लेकर कई सेमिनार आदि का भी आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान मैट के जरिए बिहार में जीविका के बच्चों में दूसरा रैंक लाकर सत्र 2023-25 में 100% स्कॉलरशीप के साथ एमबीए कंप्लीट किया। इसी बीच झारखंड की एक सोशल वेलफेयर कंपनी द नज इंस्टीट्यूट में उन्हें 6 लाख रुपए सलाना के पैकेज का ऑफर मिला है। इससे आर्थिक तंगी से जूझ रहे छात्र राजीव रंजन को मुक्ति मिली है। छात्र ने बताया कि उनकी तीन बहनों में दो बहनों की शादी हो चुकी और एक बहन अविवाहित है, इसके अलावे एक छोटा भाई जो अभी बारहवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है।छात्र ने अपने भाई-बहनों को उच्चतर शिक्षा देने की बात कही है।

# अनुमंडलीय अस्पताल में घोर अनियमितता, मरीज हलकान

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं से आम जनमानस परेशान हैं। इससे भी अधिक दुःख की बात है कि परेशानियों को कहने के बाद भी पदाधिकारियों द्वारा अनियमितता बरतने वाले कर्मियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से उनका मनोबल और बढ़ जाता है। इसका नतीजा है कि अस्पताल में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ रुक नहीं पा रहा है। बीते शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे रजौली के आसपास की पांच महिलाओं का बंध्याकरण डॉ. अनुज कुमार और डॉ. स्नेहल द्वारा किया गया। बंध्याकरण के बाद महिलाओं को ऑपरेशन थिएटर के बगल में रहे वातानुकूलित कमरे और एक सामने वाले में रूम में शिफ्ट कर दिया गया। बंध्याकरण कराने आई महिलाओं में मलियातरी गांव निवासी अजय राजवंशी की पत्नी चांदनी कुमारी, बंधन छपरा गांव निवासी टिंकू कुमार की पत्नी बबीता कुमारी, बहादुरपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार की पत्नी खुशबू देवी एवं संपत बिगहा गांव निवासी लल्लू यादव की पत्नी इंदु देवी है। पीड़ित मरीज इंदु देवी के साथ रही परिजन सुमित्रा देवी ने बताई कि शाम से ही मेरे मरीज को दर्द है, किंतु तीन घंटे हो गए हैं, कोई नर्स तक देखने नहीं आई है और ना ही उन्हें अस्पताल द्वारा साफ-सुथरा चादर दिया गया है, जिसके कारण वे घर से लाए बिछावन पर सोने को मजबूर हैं।

वहीं ऑपरेशन से प्रसव कराकर भर्ती मरीज ढाब गांव निवासी अंतर्देशी राजवंशी की पत्नी गंगा देवी ने बताई कि उन्हें बीते दिनों सिजेरियन से पहले संतान के रूप में पुत्र की प्राप्ति हुई है। कल तक हम अकेले ही रह रहे थे, किंतु शुक्रवार को दर्जनों लोगों का आवागमन बेरोकटोक जारी है। इससे उन्हें संक्रमण का खतरा लग रहा है, चूंकि व्यवस्था सरकारी है, इसलिए वे खुलकर इसका विरोध नहीं कर रही हैं। वहीं अस्पताल के प्रबंधन को दुरुस्त बनाने में प्रबंधक विफल दिखाई दे रहे हैं। ड्यूटी करने वाले चिकित्सकों के लिए रेस्ट रूम तक की व्यवस्था नहीं है। वहीं ओपीडी में मरीजों को एक ही कमरों में बैठे चिकित्सकों के कारण लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। हालांकि अस्पताल में कमरों की कोई कमी नहीं है, कई कमरे तो खाली पड़े बंद ही रहते हैं। अस्पताल के कार्यालय में ही चिकित्सकगण अपनी ओपीडी और इमरजेंसी ड्यूटी करते नजर आते हैं। वहीं नवपदस्थापित सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार चौधरी के द्वारा अस्पताल भ्रमण के दौरान दो एयर कंडीशनर एवं बंद पड़े पंखों कोबदलने एवं मरम्मत का कार्य करवाया गया है। वहीं लोगों को आशा है कि सिविल सर्जन ही अनुमंडलीय अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्थाओं को दूर कर सकते हैं।

## ककोलत में सैलानियों की उमड़ रही भारी भीड़

नवादा (नि.सं.)। नवादा जिले में लगातार बढ़ती तपिश के चलते प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ककोलत जलप्रपात सैलानियों की भारी भीड़ से प्रतिदिन पट रही है। चिलचिलाती धूप, पछुवा हवा और तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण लोग बड़ी संख्या में ठंडी और प्राकृतिक जलधारा का आनंद लेने ककोलत पहुंच रहे हैं। ऐसे में सुबह से ही अत्यधिक भीड़ और प्रशासनिक कुव्यवस्था के कारण ककोलत की स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। मुख्य मार्ग पर घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लग रहा है।

# एक दिवसीय सद्भावना सन्त सम्मेलन का आयोजन

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

मानव धर्म के प्रणेता सदगुरु श्री सतपाल जी महाराज के प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति बेरौटा की ओर से बेरौटा मां तारा देवी मन्दिर परिसर में शुक्रवार एक दिवसीय सद्भावना सन्त सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हरिद्वार से साध्वी अवंतिका बाई जी प्रयागराज से दुर्गा बाई जी एवं नासिक से भवानी बाई जी पधारे। सभी संत महात्माओं ने प्रवचन में कहा कि मानव का कल्याण समय के सच्चे सदगुरु के द्वारा दिया गया आत्म ज्ञान से होगा। आत्म ज्ञान की प्राप्ति संत महात्माओं के द्वारा किया जा रहा सत्संग में होगा। मानव आत्म ज्ञान सभी मानव के हृदय में है। धन से सभी चीजें खरीद लोगे लेकिन शांति नही खरीदोगे। शांति का खजाना सदगुरु देते हैं।

गो धन गज धन और रत्न धन खान जब आये संतोष धन सब धन धूल समान। है मानव इस जीवन की बेड़ा को पार करना चाहते हो तो सदगुरु के चरणों से जुड़ जाओ। गुरु एक मल्लाह है जो भव से पार जाने का तरीका बताते हैं। भव से पार जाने पर ही तुझे नूर नजर आएगा। सदगुरु के सहारे बगैर भव से पार हो नही सकते हो। अंदर वाला है तो आप बद्रीनाथ, केदारनाथ कही भी यात्रा कर लोगे लेकिन अंदर वाला निकल गया तो कही नही जाओगे। इस लिए सदगुरु के चरणों से जुड़ कर अंदर वाला आत्म ज्ञान को जान कर भक्ति करो। इस सद्भावना सम्मेलन में शाखा प्रधान धर्मेन्द्र प्रसाद, रामनरेश प्रसाद, बाल्मीकि प्रसाद, रामप्रसाद शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में प्रेमी भाई बहन उपस्थित हुए और सत्संग सम्मेलन का आनंद लिया।

# 21 मई से समर कैम्प का होगा आयोजन

निज संवाददाता | नवादा



नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड में आगामी 21 मई 2025 से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप का आयोजन होने जा रहा है, जो कि एक माह तक, यानी 20 जून 2025 तक चलाया जाएगा। इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यालयी छात्रों की पढ़ाई को रोचक और उपयोगी बनाना है, विशेषकर गणित जैसे विषय में बच्चों की पकड़ मजबूत करना। इस विशेष शिविर में कक्षा पाँचवीं और छठवीं के विद्यार्थियों को केंद्र में रखा गया है, जहां गणितीय कौशल को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी शिक्षा सेवकों, यानी टोला सेवकों पर होगी, जिन्हें गाँव-गाँव जाकर उपयुक्त स्थानों का चयन कर वहां बच्चों को पढ़ाने का कार्य सौंपा गया है। इसको लेकर शनिवार को इंटर विद्यालय नारदीगंज में एक अहम बैठक और प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें समर कैंप से संबंधित कार्यों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में प्रथम संस्था के प्रतिनिधियों ने टोला सेवकों को प्रशिक्षण दिया और उन्हें बताया गया कि समर कैंप के संचालन के दौरान क्या-क्या सावधानियां बरतनी होंगी और कैसे बच्चों के बीच रोचक तरीके से पढ़ाई कराई जा सकती है। विशेषकर यह बात कही गई कि गाँवों में ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाए जो बच्चों के लिए सुरक्षित और अध्ययन के अनुकूल हों।

बैठक में बीआरपी सह समावेशी शिक्षा से जुड़े आनन्द कुमार, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, पिरामल फाउंडेशन से दीक्षा कुमारी सहित कई शिक्षाविदों की उपस्थिति रही। दीक्षा कुमारी ने सभी प्रधान शिक्षकों को 'बाल संसद' की अवधारणा से अवगत कराया और बताया कि बच्चों में नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए इस प्रकार की गतिविधियाँ अत्यंत उपयोगी होती हैं। उन्होंने बताया कि बाल संसद के माध्यम से बच्चों को विद्यालय के छोटे-बड़े निर्णयों में भागीदार बनाया जा सकता है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई टोला सेवकों ने भाग लिया, जिनमें संजीव कुमार, छोटेलाल मांझी, गणेश चौधरी, रविन्द्र कुमार, अनिरुद्ध कुमार, उषा देवी और महेश रजक प्रमुख रूप से शामिल हुए। सभी को समर कैंप के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षा प्रसार का दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षक भी शामिल हुए, जिन्होंने समर कैंप की रूपरेखा और इसकी उपयोगिता पर चर्चा की। उपस्थित प्रधान शिक्षकों में मनोज कुमार झा, पल्लवी लिसा, नरेश कुमार, संजय कुमार, श्लोक कुमार, विपिन कुमार विमल सहित अन्य गणमान्य शिक्षक शामिल रहे।

# सीओ एवं थानाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित जनता दरबार में आए पांच मामले का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में पांच अलग-अलग गांवों के जमीन विवादों का समाधान किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ, जहां उन्होंने अपने भूमि संबंधित समस्याओं का समाधान सीधे प्रशासनिक अधिकारियों से प्राप्त किया। जनता दरबार का संचालन रजौली के सीओ गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। इन अधिकारियों के साथ थाने में तैनात पुलिस बल, क्षेत्रीय चौकीदार और अंचल नाजिर शिव शंकर कुमार भी मौजूद थे, जो इस समाधान प्रक्रिया का हिस्सा बने। जनता दरबार में कुल पांच मामले रखे गए थे, जिनमें भौर, सलेमपुर, पचम्बा, भाईजी भित्ता और अंधरवारी गांव के निवासी शामिल थे। यह जमीन से संबंधित विवाद थे, जो स्थानीय लोगों के बीच लंबे समय से चल रहे थे और प्रशासनिक हस्तक्षेप का इंतजार कर रहे थे। इनमें से कुछ मामले ऐसे थे, जिनका समाधान पहले से ही गांव स्तर पर नहीं हो सका था, जबकि अन्य कुछ मामलों के लिए अधिकारियों की मदद की आवश्यकता थी। सीओ गुफरान मजहरी ने इन सभी मामलों का गहराई से निरीक्षण किया और दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद उचित समाधान दिया। भौर गांव के जमुना यादव और अलखदेव यादव के बीच, सलेमपुर गांव के वैजू पंडित और शिवबालक यादव के बीच, पचम्बा गांव के शहजादी खातून और आबिद अंसारी के बीच, भाईजी भित्ता गांव के देवचन्द्र प्रसाद और अशोक यादव के बीच, तथा अंधरवारी गांव के रामाधार पासवान और बच्ची देवी के बीच के विवादों का निराकरण किया गया। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत करने और आपसी समाधान के लिए प्रेरित किया। जनता दरबार में भूमि विवादों को सुलझाने का उद्देश्य जनता को न केवल समाधान प्रदान करना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि लोग सीधे प्रशासन से संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें। जमीन से जुड़े विवाद अक्सर लोगों के बीच तनाव और असहमति का कारण बनते हैं, और इनका समाधान न होने पर यह बड़े विवादों में बदल सकते हैं। इसलिए, यह कदम बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे ग्रामीणों को न्याय मिल सकेगा और उनके मन में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

अंचल अधिकारी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि यदि किसी को जमीन विवाद में समाधान नहीं मिलता है, तो उन्हें उच्च अदालत का रुख करने की सलाह दी जाती है, ताकि उनका मामला कानूनी तरीके से हल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जमीन विवादों को लेकर कभी भी आपस में झगड़ा न करें, बल्कि इन्हें जनता दरबार में लाकर प्रशासन से समाधान प्राप्त करें। इस मौके पर एसआई नूर आलम और स्थानीय चौकीदारों के साथ दर्जनों ग्रामीण भी उपस्थित थे, जो इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। जनता दरबार ने यह संदेश दिया कि प्रशासन अपने नागरिकों के प्रति जवाबदेह है और उनकी समस्याओं का समाधान तत्परता से किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल भूमि विवादों को हल करने का एक बेहतर माध्यम साबित हुआ, बल्कि यह भी दिखाता है कि स्थानीय प्रशासन अपने कार्यों को सशक्त और पारदर्शी तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में भी ऐसी अधिक जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को और अधिक सुविधा मिले और उनके मन में प्रशासन के प्रति विश्वास और बढ़े। यह कदम प्रशासन की ओर से एक सकारात्मक प्रयास है, जो स्थानीय लोगों के लिए न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तिलक से लौटते वक्त शिक्षक दंपती दुर्घटना में घायल

**आरा**। गुरुवार रात करीब 11:30 बजे नारागदा से तिलक समारोह से लौट रहे शिक्षक दंपती का एक्सीडेंट हो गया। हादसा देवरिया (कृष्णगढ़) और सरैया के बीच हुआ। रास्ता पार कर रहे जंगली जानवरों के कारण बाइक असंतुलित हो गई। बाइक पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय ज्ञानपुर के प्रधानाध्यापक नागेश्वर प्रसाद और उनकी पत्नी आशा रानी सवार थीं। आशा रानी प्राथमिक विद्यालय तुलसी छपरा गांव में प्रभारी हैं। दोनों ग्राम-फरहदा, थाना बड़हरा के निवासी हैं। हादसे के बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। शुक्रवार को डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी। दोनों को चोटें आई हैं, पर हालत खतरे से बाहर है। घटना की जानकारी मिलते ही बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बड़हरा राणा जी और उनके साथी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों का हाल जाना। मिलने वालों में गोविंद प्रसाद और पंकज कुमार भी मौजूद थे। सभी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की प्रोन्नति को ले संचालित परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की प्रोन्नति को लेकर शुक्रवार को परीक्षा हुई। यह परीक्षा फोर्थ ग्रेड कर्मचारी को लोअर डिवीजन क्लर्क एवं लोअर डिवीजन क्लर्क के कर्मचारियों को अपर डिवीजन क्लर्क में प्रोन्नति को लेकर ली गई। इस परीक्षा में भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के 159 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने आवेदन किया था। इसमें से 157 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की उपस्थित रही। प्रोन्नति के लिए परीक्षा दो चरणों में संचालित की गई थी। प्रथम पेपर तीन घंटे का था जो कि 75 अंक का था। जबकि दूसरा पेपर प्रैक्टिकल 25 अंक का था। इधर परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर दिनभर विश्वविद्यालय के गलियारों में चर्चा होती रही। कहां जा रहा था कि प्रोन्नति को लेकर काफी धांधली हो रही है। प्रोन्नति के लिए विश्वविद्यालय ने दो पेपर की परीक्षा संचालित की थी। थ्योरी की परीक्षा 3 घंटे की हुई लेकिन प्रैक्टिकल की परीक्षा में गड़बड़ी की गई है। परीक्षा के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। इस संदर्भ में जब कंप्यूटर विभाग के डायरेक्टर से पूछा गया की क्या प्रोन्नति के लिए कर्मचारियों की कंप्यूटर की परीक्षा ली गई तो उन्होंने बताया कि परीक्षा लेने की जिम्मेदारी संयोजक की थी केवल हम लोगों को अपना सेटअप तैयार रखना था। परीक्षा कराना हमारी जिम्मेदारी नहीं थी। इधर संयोजन से जब परीक्षा के विषय में पूछा गया तो उन्होंने इस विषय पर चुप रहना ही मुनासिब समझा।

### शिविर में 250 चित्रों की प्रदर्शनी लगी

**गड़हनी**। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गड़हनी के प्रेक्षागृह में तीन दिवसीय कला शिविर सह चित्र प्रदर्शनी हुआ। वरिष्ठ कला शिक्षक रौशन राय, राज कुमार, आरती का संयुक्त प्रयास रहा। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी, प्रमुख विनोद सिंह व कई लोगों ने किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी मुहम्मद अहसन ने कहा कि यह आयोजन एक कलात्मक अभियान की तरह है। वरिष्ठ शिक्षक आनंद पाण्डेय और प्रधानाध्यापक मंगलम जी ने कहा कि भोजपुर की धरती से संचालित यह शिविर छात्राओं के रचनात्मक विकास का संकेत है। यथार्थ सचिव भास्कर मिश्रा ने कहा कि कला में स्थानीयता और अभिरुचि छात्राओं के जीवन निर्माण में सहायक है। प्रदर्शनी में भोजपुरिया संस्कृति की झलक भी दिखी। वरिष्ठ संगीत शिक्षक नागेन्द्र नाथ पाण्डेय और प्रमोद कुमार के निर्देशन में छात्राओं ने सुंदर गीत गाए। शिविर में लगभग 55 छात्राओं ने भाग लिया। ज्योति कुमारी, पूजा कुमारी, प्रियंका कुमारी, निशा कुमारी और खुशी कुमारी की कलाकृतियों ने दर्शकों का देर तक ध्यान खींचा। छात्राओं को कला की प्राथमिक जानकारी दी गई। बाल कला में स्थानीयता और सपाट रंगों का प्रयोग अधिक रहा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर और कस्तूरबा विद्यालय प्रभारी मिथिलेश ने व्हाट्सएप से शुभकामनाएं भेजीं। आरती और राजकुमार ने अपने अनुभव साझा किए। आयोजन का संचालन चित्रकार रौशन राय ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां हर विद्यालय में होनी चाहिए। प्रदर्शनी में लगभग 250 कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं।

### लोक शिकायत के चार मामलों का निष्पादन

**आरा**। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय में 10 अपीलीय मामलों और बिहार सरकारी सेवक शिकायत निवारण नियमावली, 2019 अंतर्गत 2 अपीलीय मामलों की सुनवाई हुई। डीएम तनय सुल्तानिया ने इन 12 अपीलीय मामलों की सुनवाई की। जिनमें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से मामले रहें। इनमें कुल चार मामलों को डीएम द्वारा निष्पादित किया गया। शेष मामलों के लिए अगली तिथि का निर्धारण किया गया। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को ही जिला जनता दरबार का भी आयोजन किया गया। डीएम तनय सुल्तानिया के द्वारा लोगों की फरियाद सुनी गई। जिले के अलग-अलग जगहों से पहुंचे 46 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। डीएम ने कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया।

### केंद्रीय विद्यालय भवन निर्माण के लिए 3.81 एकड़ भूमि का निःशुल्क बंदोबस्त

**बक्सर**। जिले के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने की दिशा में बिहार सरकार ने एक सराहनीय पहल की है। बक्सर अंचल अंतर्गत मौजा बक्सर किला, थाना संख्या 332, खाता संख्या 292 के विभिन्न खेसरा की कुल 3.81 एकड़ भूमि को केन्द्रीय विद्यालय बक्सर के भवन निर्माण हेतु आवंटित कर दिया गया है। यह भूमि अब केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को टोकन मूल्य मात्र एक रुपये पर 30 वर्षों की लीज पर निःशुल्क बंदोबस्त के रूप में दी गई है। लीज में आगे नवीकरण का विकल्प भी शामिल है। यह भूमि पहले सिंचाई विभाग, बिहार, पटना के अधीन थी। भवन निर्माण के लिए दी गई इस भूमि का स्थान भी काफी उपयुक्त है। समाजसेवी चंदन चौबे कात्यायन ने जानकारी दी कि यह जमीन 11 नंबर लख के समीप आंबेडकर छात्रावास से सटे इलाके में स्थित है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर वे वर्षों से प्रयासरत थे और लगातार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर शिक्षा मंत्री तक को ज्ञापन सौंपते आ रहे थे। उन्होंने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए बिहार सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह दिन बक्सर के लिए शुभ है और निश्चित रूप से इस भूमि पर केन्द्रीय विद्यालय का भवन बनने से जिले के नौनिहालों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और संसाधन प्राप्त होंगे, जो उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा। वर्तमाम में यह विद्यालय एमपी उच्च विद्यालय के कुछ कमरों में संचालित है। भूमि बंदोबस्त की स्वीकृति बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह द्वारा दी गई है। यह निर्णय जिले में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### 13 करोड़ से गंगा कटाव निरोधक कार्य शुरू

**आरा**। गंगा कटाव से बचाव के लिए मणि राय के टोला में गुरुवार को कटाव निरोधी कार्य की शुरुआत हुई। बड़हरा के विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने करीब 13 करोड़ रुपये से कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने कटाव रोकने के कार्य में लगे मजदूरों को अंगवस्त्र और फूलमाला देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि गंगा किनारे बसे गांवों को हर साल कटाव से नुकसान होता है। इसे रोकने के लिए राज्य सरकार ने राशि दी है। सभी कार्य तय समय में पूरे होंगे। मणि राय के टोला में कार्य से सलेमपुर, बाघाकोल तेतरिया समेत कई गांवों को फायदा मिलेगा। बड़हरा में विकास कार्यों में तेजी आई है। मैं जनता की सेवा के लिए विधायक बना हूं। इस अवसर पर बाढ़ नियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता अभिषेक कुमार, सहायक अभियंता कुमारी सुंदरम, कनीय अभियंता राजकुमार, संवेदक सुमन सिंह, मुकेश सिंह, पंकज सिंह, सुगनी पांडेय, रितेश पांडेय, दीपक दुबे, मुन्ना सिंह, उज्ज्वल सिंह, मनोज सिंह, गरीबन पांडेय, हृदयानंद पांडेय, मुखिया पांडेय, विवेक सिंह, हल्ला यादव, अशोक सिंह थे।

# भोजपुर में करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

निज संवाददाता | आरा



- आरा में शौच करने जा रहे थे, ट्रांसफार्मर से टूटे तार से सटे, अस्पताल पहुंचने से पहले गई जान

भोजपुर के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गलचौर गांव में शनिवार की सुबह शौच करने जा रहे एक युवा किसान की विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन आनन–फानन में आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने देखकर मृत घोषित कर दिया। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गलचौर गांव बीरबल प्रसाद का 28 साल का बेटा जितेंद्र प्रसाद है। वह गांव पर ही रहकर खेती करते थे। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भाई धनजी प्रसाद ने बताया कि गांव में शुक्रवार की शाम से विद्युत प्रवाहित तार टूटकर गिरा हुआ था। इसकी शिकायत हम लोगों ने विभाग से की थी। लेकिन उसे ठीक नहीं किया गया। आज सुबह अपने घर से शौच करने एक लिए बधार की ओर जा रहे थे ।

**अस्पताल लाने से पहले ही तोड़ा दम**: विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आ गए, बधार की ओर गिरकर छटपटा रहे थे । तभी स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। अपने स्तर से काफी बचाने की कोशिश की गई लेकिन अस्पताल लाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। पुलिस शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। समाजसेविका सोनाली सिंह ने मृतक के परिजनों से बात कर उन्हें ढांढस बंधाया और परिवार को हर संभव मदद करने का वादा किया। सोनाली सिंह कहा कि एक छोटी लापरवाही के कारण आज युवक की मौत हो गई है। जितेंद्र के जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बिहार सरकार व जिला प्रशासन से मांग करते है कि सरकारी प्रक्रिया के तहत पीड़ित के परिवारों उचित मुआवजा दें। मृतक युवक के घर में पत्नी मोती कुमारी और दो बेटी अंशिका व रानी है। घर में मां लखपातो देवी समेत अन्य परिवारों का रो रोकर बुरा हाल है।

## आरा में सड़क हादसे में घायल किसान की मौत



निज संवाददाता | आरा

- पिछले 15 दिनों से पटना में भर्ती थे, अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी

आरा के टाउन थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिछले 15 दिनों से पटना के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती थे। मृतक श्रीनिवास सिंह(30) तीयर गांव के रहने वाले थे। खेती-बाड़ी करते थे। 30 अप्रैल को तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जमीरा गांव जा रहे थे। धरहरा के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी।

**अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर**: परिजनों ने बताया कि वाहन की टक्कर से श्रीनिवास सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पहले आरा में ही भर्ती थे। बाद में डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया था। जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। मृतक 3 भाई और 4 बहन में सबसे छोटा था। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

**जांच में जुटी पुलिस**: पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर छानबीन की जा रही है।

## 2 स्कॉर्पियो की टक्कर से किशोरी समेत 2 की मौत

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर में शुक्रवार की देर रात दो स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई। हादसे में बारातियों वाली वाहन पलट गई। जिसमें बैठे दो लोगों की मौत हो गई। घटना NH-922 पर रामगढ़ के पास हुई। मृतकों की पहचान भरियार गांव के मोनू बिंद (22) और चारघाट गांव की राधिका कुमारी (15) के रूप में हुई है। हादसे में नौ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। चार लोगों की स्थित गंभीर देखते हुए बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पांच लोगों का इलाज रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। घायल महिला ने बताया कि चक्की थाना क्षेत्र के भरियार गांव निवासी संजय बिंद के बेटे की शादी समारोह से सभी लोग लौट रहे थे। लवकुश बिंद की शादी आरा निवासी बंधु बिंद की बेटी रेणु कुमारी से ब्रह्मपुर के इंदु मैरिज हॉल में हो रही थी।

**शादी समारोह से लौटने के दौरान हादसा**: इसी बीच रात करीब 12 बजे बारातियों की स्कॉर्पियो रामगढ़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। ब्रह्मपुर थाना अध्यक्ष सुरेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को पहले रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। चार घायलों को गंभीर हालत में बक्सर सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पहुंचे कथावाचक राजन जी महाराज

- भोजपुर में 9 दिवसीय महायज्ञ का आयोजन, बोले- अध्यात्म से दूर होने का कारण आवरण है

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर में सहार प्रखंड के गुलजारपुर गांव में 9 दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन कथावाचक राजन जी महाराज ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह की कथा का वर्णन किया। यज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य गोविंदाचार्य महाराज की देखरेख में किया जा रहा है। कथा सुनने के लिए रोजाना अलग-अलग गांवों से हजारों लोग पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा महिला भक्तों की भीड़ है। राजन जी महाराज ने भक्तों से कहा कि कथा जीवन की व्यथा को समाप्त कर देती है। मनुष्य जीवन में मिले कार्यों को शत प्रतिशत करना चाहिए। जिससे आपका जीवन सफल बनता है। आध्यात्मिक से सारे जीव और सनातनी जुड़े हुए हैं। कथा सुनने मात्र से आपको यह एहसास हुआ कि यह आपके जीवन पर आधारित है। अध्यात्म आपके जीवन का दुर्गुणता को दूर करके सद्गुण का प्रकाश लाता है। अध्यात्म से दूर होने का कारण आवरण है। जिसके बढ़ने से लोग अध्यात्म से दूर होते हैं। आवरण को खत्म करने का एक ही रास्ता सत्संग, कथा है।

**भक्तों के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं**: कार्यक्रम में तरारी से बीजेपी विधायक विशाल प्रशांत भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गुलजारपुर पंचायत में एक राष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज आए हुए हैं। काफी जाने माने कथावाचक हैं। हमारी आप सभी से गुजारिश है कि आप अपने पूरे परिवार के साथ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में हो रहे कथा को सुनें। इस कथा में पटना, रोहतास, बक्सर समेत अन्य जिलों से लोग पहुंच रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए कमिटी द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोजन, जलपान, अतिथि सत्कार, पार्किंग, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। इन कार्यों में सहायता के लिए सैकड़ों स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। जो पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इस महायज्ञ से न केवल धार्मिक चेतना का प्रसार हो रहा है, बल्कि सामाजिक समरसता और संस्कृति के संरक्षण का संदेश भी जनमानस तक पहुंच रहा है।

## फर्जी मुकदमों के खिलाफ किसान संगठनों का हल्ला बोल

- किसान नेताओं का आरोप- सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी गांव में घुस रही, जबरन पैसे-मोबाइल छीन रही

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर में पुलिस द्वारा फर्जी एफआईआर दर्ज करने और किसानों को डराने-धमकाने के खिलाफ आज प्रभावित किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा और बिहार संयुक्त किसान मोर्चा ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान नेताओं ने जिला प्रशासन और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि किसान शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन भ्रष्ट प्रशासन उन्हें दबाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया कि किसान अपने संघर्ष के बल पर प्रशासन को अदालत तक लाने में सफल रहे हैं। अदालत ने कुछ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद बक्सर मुफस्सिल थाना की पुलिस गांवों में भय का माहौल बना रही है। किसान नेताओं का आरोप है कि सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी गांवों में घुसकर लोगों से जबरन पैसे और मोबाइल छीन रहे हैं।

**अश्विनी चौबे पर झूठा दावा**: किसान नेता अश्विनी कुमार चौबे के मामले में पुलिस का कहना है कि वे उन्हें कांड संख्या 101/2024 में गिरफ्तार करने गई थी। लेकिन नेताओं ने बताया कि अश्विनी को इस मामले में पटना हाईकोर्ट से पहले ही स्टे मिल चुका है और वह घटना के दिन गांव में मौजूद ही नहीं थे। पुलिस जिन 12 लोगों को आरोपी बता रही है, उनमें से तीन उस दिन थर्मल पावर प्लांट में ड्यूटी पर थे, जिसकी पुष्टि उनके बायोमेट्रिक उपस्थिति से होती है। बावजूद इसके, पुलिस उनसे भी महंगे मोबाइल की मांग कर रही थी।

**दबाव की राजनीति नहीं चलेगी**: प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्चा के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन और पुलिस का यह रवैया नहीं बदला तो वे आंदोलन तेज करेंगे। किसानों ने सरकार से न्याय की मांग करते हुए सभी झूठे मुकदमों को वापस लेने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

## मधुबनी व दरभंगा के 6 साइबर ठग गिरफ्तार



निज संवाददाता | आरा

व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को एक विशेष अवसर देखने को मिला जब उच्च न्यायालय पटना के न्यायमूर्ति एवं इंस्पेक्टिंग जज शैलेन्द्र कुमार सिंह का प्रथम आगमन हुआ। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ की ओर से एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें न्यायमूर्ति का पारंपरिक रूप से सम्मान किया गया। संघ की ओर से न्यायमूर्ति शैलेन्द्र कुमार सिंह को श्रीमद्भागवत गीता और भगवान वामन की स्मृति चिह्न भेंट की गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायमूर्ति के समक्ष अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं को भी रखा। संघ के महासचिव विंदेश्वरी प्रसाद पाण्डेय ने अधिवक्ता भवन के लिए भूमि आवंटन, रेलवे कोर्ट, बाल सुधार गृह और किशोर न्यायालय कोर्ट के लिए न्यायालय परिसर के समीप भूमि उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा महासचिव ने न्यायालय परिसर में शीघ्र ही पोस्ट ऑफिस और एटीएम की स्थापना, कोर्ट रूम में कुर्सियों और टेबल की संख्या बढ़ाने, कोर्ट गैलरी में गर्मी को देखते हुए पंखों की व्यवस्था करने तथा रेलवे स्टेशन की तर्ज पर न्यायालय परिसर में ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग रखी। उन्होंने इन मांगों को अधिवक्ताओं की कार्य सुविधा और न्यायालय के समुचित संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। मौके पर धिवक्ता संघ के अध्यक्ष बबन ओझा, महासचिव विंदेश्वरी प्रसाद पाण्डेय के साथ-साथ कमोद सिंह, शशिकांत उपाध्याय, विशाल सिंह, अरविंद चौबे, धीरज ठाकुर, राघव कुमार पाण्डेय, मोनू कुमार, अमित कुमार, रेणु रणविजय ओझा और अजय राय सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे। क्राइम रिपोर्टर | आरा साइबर थाना की पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 6 साइबर ठग को मधुबनी और दरभंगा से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार साइबर ठगो में दरभंगा जिले के मनीगाछी थाना क्षेत्र के मड़वाघाट गांव के निवासी मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद फैसल, मधुबनी जिले के अंधराठाडी थाना क्षेत्र के गिदरगंज गांव के निवासी मोहम्मद दस्तगीर आलम, मोहम्मद शहनवाज, जमैला बाजार के मोहम्मद अनस और इसी गांव का मोहम्मद तारीक अनवर, हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 9 फोन, 2 लैपटॉप, 5 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक, 14 सिम कार्ड एवं 27 एटीएम कार्ड जब्त किया है। पुलिस उपाधीक्षक-सह-साइबर थाना के थानाध्यक्ष अबू सैफी मुर्तजा ने प्रेस वार्ता में बताया कि 12 मई 2025 को आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र में नवादा चौक के निवासी सुरुचि कुमारी ने 29600 रुपया साइबर ठग के द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी होने का आवेदन दिया था। पुलिस को बताया कि ठगों ने Quickr.com में नौकरी दिलाने के नाम पर 29600 रुपये का ऑनलाइन ठगी कर ली गयी है।

## पीजी मनोविज्ञान विभाग की ओर से दो दिवसीय सेमिनार की शुरुआत

निज संवाददाता | आरा



वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी के पीजी मनोविज्ञान विभाग की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत शुक्रवार को न्यू कैंपस, जीरो माइल में हुई। सेमिनार का विषय था- डिजिटल युग में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करना और मानव विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका की खोज। उद्घाटन दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण और शंखध्वनि के साथ हुआ। पहले सत्र में प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक प्रोफेसर गिरीश्वर मिश्रा और लाइफटाइम प्रोफेसर एस एल वाया ने संबोधित किया। इसी सत्र में 'वेल बीइंग एंड टेक्नोलॉजी' नामक पुस्तक और स्मारिका का विमोचन किया गया। मंच पर कुलपति प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, कुलसचिव प्रोफेसर रणविजय कुमार, प्रॉक्टर डॉ लालबाब, संयोजिका डॉ लतिका वर्मा और इंडियन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर तारिणी मौजूद रहे। प्रोफेसर गिरीश्वर मिश्रा ने कहा कि तकनीक के लगातार उपयोग से हमारी सोचने की प्रक्रिया बदल रही है। अब हमारी स्मृति का नियंत्रण मोबाइल कर रहा है। स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने के लिए आत्म अनुशासन जरूरी है। प्रोफेसर एस एल वाया ने विपश्यना को मानसिक सुख-शांति के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि जब हम गलत कार्य करते हैं, तो मन खुद ही बेचैनी और घबराहट के रूप में सजा देता है। यह नैसर्गिक दंड है। आईपीए अध्यक्ष प्रोफेसर तारिणी ने मनोविज्ञान के शिक्षकों और छात्रों से समाज के लिए काम करने और चारदीवारी से बाहर निकलने का आह्वान किया। कुलसचिव प्रोफेसर रणविजय कुमार ने बाहर से आए सभी अतिथियों का आभार जताया और डिजिटल शिक्षा की प्रगति पर बात की। मनोविज्ञान सभी विषयों की जननी : कुलपति कुलपति प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने मनोविज्ञान को सभी विषयों की जननी बताया। उन्होंने मातृभाषा में सोचने, समझने और सपने देखने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह वही धरती है जहां भगवान श्री राम को भी शिक्षा लेने के लिए आना पड़ा। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेमिनार की संयोजक प्रोफेसर लतिका वर्मा ने सभी आए हुए देश के कोने-कोने से सभी प्रतियोगियों का मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं विश्वविद्यालय का परिचय एवं अपने सेमिनार का सार संक्षिप्त बताया। इस अवसर पर कई शिक्षक और शोधार्थी शामिल हुए। मंच संचालन डॉ. प्रियंका पाठक और डॉ. वाचस्पति दुबे ने किया। संचालन के दौरान डॉ. दुबे ने प्रोफेसर गिरीश्वर मिश्रा और कुलपति प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के जीवन परिचय और शैक्षणिक योग्यता का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आउटसोर्सिंग कर्मियों ने लगाया ताला, शुरू हुई चार माह के वेतन भुगतान की प्रक्रिया

**मुंगेर**। मुंगेर चार महीने के लंबित वेतन भुगतान के लिए आउटसोर्सिंग कर्मियों ने मुंगेर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ताला लगा दिया। इसके चलते विवि का कामकाज ठप हो गया। इस दौरान छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा कि अधिकारी जो समय से विश्वविद्यालय मुख्यालय पहुंच गए थे वे दिन भर परिसर में बंद रहे। जो देर से आए वे घंटों बाहर खड़े रहे रहे। हालांकि, कुलपति प्रो. संजय कुमार दोपहर बाद मुख्यालय पहुंचे और भुगतान को लेकर अधिकारियों से विचार विमर्श कर लंबित वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कराई। कुलसचिव कर्नल विजय कुमार ठाकुर ने बताया कि पूर्व के चार माह के लंबित वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू की गई है। कर्मियों को आज ही या बैंक की समय सीमा समाप्त हो जाने से शनिवार तक भुगतान कर दिया जाएगा। इधर, करीब 72 आउटसोर्सिंग कर्मी अपनी मांगों के लिए आंदोलन पर अड़े रहे। उन्होंने साफ कहा कि जब तक उनके खाते में वेतन की राशि क्रेडिट नहीं हो जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने नई कंपनी के साथ किए जा रहे करार में भी संशोधन की मांग की। उनका कहना था कि नई कंपनी के एकरारनामे में भुगतान की दर पहले से बढ़ाकर तय की जाए। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन को 16 माह के बकाए वेतन भुगतान के लिए लिखित समय सीमा तय करने की भी मांग की। इधर नवंबर से वेतन भुगतान नहीं होने की वजह से 20 मई से कर्मचारी महासंघ भी आंदोलन करने के मूड में है। जिसकी रूपरेखा 18 मई को महासंघ के वृहत परिषद की बैठक में बनाई जाएगी।

### पोलो मैदान में महिला होमगार्ड बहाली के पहले दिन सुरक्षा बनी औपचारिकता

**मुंगेर**। पोलो मैदान में चल रही होमगार्ड बहाली के पहले दिन गुरुवार से महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता जांच शुरू है। जिले की 3307 अभ्यर्थियों की जांच 19 तक चलेगी। रविवार को यह प्रक्रिया बंद रहेगी। सुबह 5 बजे से ही अभ्यर्थी मैदान में पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर, बहाली के पहले दिन मैदान में सुरक्षा को लेकर लापरवाही देखी गई। देर शाम तक प्रक्रिया चलती रही। प्रशासन ने कोई आंकड़ा जारी नहीं किया। इस बहाली में कुल 17526 अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। इनमें 14219 पुरुष और 3307 महिला अभ्यर्थी हैं। पुरुषों की जांच 15 मई तक पूरी हो चुकी है। 16 मई से महिलाओं की जांच शुरू हुई है। सुरक्षा व्यवस्था में कई खामियां सामने आईं। मैदान के चारों ओर बांस-बल्ली लगाकर बेरिकेडिंग की गई थी। नियम के अनुसार मैदान में सिर्फ अभ्यर्थी और अधिकारी ही प्रवेश कर सकते हैं। लेकिन गुरुवार को पुरुष अभिभावक दीवार फांदकर मैदान में घूमते नजर आए। पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे। सिर्फ मुख्य द्वार पर जांच की औपचारिकता दिखाई दी। प्रशासन ने मोबाइल फोन पर रोक लगा रखा है। लेकिन मैदान में महिला अभ्यर्थी खुलेआम मोबाइल पर बात करते दिखाई दीं। मैदान के चारों ओर 100 मीटर के दायरे में वाहन और भीड़ पर भी रोक है। इसके बावजूद सैकड़ों वाहन मैदान की दीवार से सटे खड़े थे। दिन भर बनी रही अव्यवस्था दो चलंत शौचालय मैदान में लगाए गए हैं। लेकिन पश्चिमी हिस्से में लगे शौचालय के पास दर्जनों पुरुष दीवार पर बैठे रहे। महिला अभ्यर्थी वहां जाने से कतराती रहीं। दिनभर यह स्थिति बनी रही। पुलिसकर्मी भीड़ हटाने में नाकाम रहे। बहाली के दौरान मैदान में फास्ट-फूड और कोल्ड ड्रिंक पर रोक है। लेकिन लोग मैदान में घुसकर अभ्यर्थियों को फास्ट-फूड और कोल्ड ड्रिंक दे रहे थे।

### पूर्व फुटबॉलर और रेफरी को किया सम्मानित

**मुंगेर**। खेलो इंडिया के फाइनल मुकाबले में झारखंड की महिला और पुरुष टीमों ने जीत दर्ज की। महिला वर्ग में झारखंड ने तमिलनाडु को हराया। पुरुष वर्ग में झारखंड ने उड़ीसा को हराया। दोनों मैचों में झारखंड की टीमें चैंपियन बनीं। मैच के दौरान पूर्व फुटबॉलर और रेफरी को सम्मानित किया गया। मुंगेर के हेड ऑफ रेफरी रजी अहमद, पूर्व फुटबॉलर संजय कुमार सिंह, अमित कुमार, मो. सलाम और निलेश कुमार सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव सैयद इम्तियाज हुसैन ने दिया। इसकी जानकारी खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने दी। जिले के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल रहा। भवेश कुमार सिंह, अजय कुमार अजीत, मनोज यादव, कृष्णानंद, मो. जैनुल आबेदीन और अनिल कुमार यादव ने सभी सम्मानित लोगों को बधाई दी।

### बांका में सड़क हादसे में छात्र की मौत, नानी के घर से लौटते वक्त ऑटो ने टोटो को मारी टक्कर

**भागलपुर**। बांका जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में छठी कक्षा के 11 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मनियारपुर बधुआ गांव के रहने वाले प्रिंस कुमार नानी के घर से लौट रहे थे। बौंसी चौक पर टोटो में सवार प्रिंस को एक तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में कई अन्य लोग भी घायल हुए, जिनका विभिन्न निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। प्रिंस को सिर और छाती में गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता जय नारायण यादव मजदूरी करके बेटे को पढ़ा रहे थे। उनका सपना था कि बेटा बड़ा अफसर बने। मां पूजा देवी ने बताया कि उन्होंने प्रिंस को नानी के घर जाने से मना किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव का पोस्टमॉर्टम अभी बाकी है।

### छेड़खानी के बाद दो पक्षों में मारपीट-पत्थरबाजी, स्कूटी सीखने आई थी लड़की



**भागलपुर**। भागलपुर में शुक्रवार को एक लड़की से छेड़खानी की गई। इसी बीच 2 समुदाय के बीच मारपीट हो गई। पीड़िता के परिजन और कुछ लड़के आपस में भिड़ गए। लड़की के भाई के अनुसार दूसरे पक्ष से करीब 100 लोग आ गए थे। करीब 3 लोग घायल हुए हैं, हालांकि पुलिस ने कहा है कि 1 के जख्मी होने की सूचना है। बताया जा रहा करीब 3-4 दिन से एक लड़की नाथनगर CTS मैदान में स्कूटी सीखने के लिए आ रही थी। आज कुछ लड़कों ने उस पर कमेंट कर दिया। उसके साथ छेड़छाड़ भी की। जिसके बाद दो पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायल को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा कि गुरुवार की शाम में भी विवाद हुआ था। लड़की स्कूटी चला रही थी, जिससे ग्राउंड में धूल उड़ रही थी। जिस कारण होमगार्ड की तैयारी करने वाले लड़कों को परेशानी हुई। उन्होंने स्कूटी चलाने से मना किया। जिस कारण विवाद हो गया था। किसी तरह से गुरुवार को मामला शांत हो गया था। लड़की के भाई ने कहा, 'गुरुवार के विवाद के बाद आज जब मेरी बहन स्कूटी चलाने के लिए पहुंची तो पहले दूसरे पक्ष के लोग मौजूद थे। उनलोगों ने मारपीट के लिए प्लानिंग कर रखी थी। मैदान में आने के बाद बहन ने मुझे बुलाया था। मारपीट के दौरान मैं किसी तरह से बचा और अपनी बहन को भी बचाया। मेरे मौसा दिव्यांग है। उन्हें एक पत्थर लगा है। दूसरे पक्ष के लोगों ने काफी पत्थरबाजी की है।' इस घटना की सूचना मिलते ही नाथनगर थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह, ललमटिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार और मधुसूदनपुर थानाध्यक्ष सफदर अली मौके पर पहुंचे और पुलिस बल के साथ भीड़ को काबू में किया। सीनियर अधिकारियों ने भी मौके का दौरा किया। एसएसपी हृदयकांत, सिटी एसपी शुभांक मिश्रा, एसडीएम धनंजय कुमार और डीएसपी-टू राकेश कुमार ने ग्राउंड पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# भागलपुर में प्रेग्नेंट महिला की मौत के बाद हंगामा

## अस्पताल में परिजनों ने काटा बवाल, गलत इंजेक्शन देने का आरोप

निज संवाददाता। भागलपुर





**डॉक्टर बोले- बीमारी से जान गई है**

भागलपुर के नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डिलीवरी के लिए भर्ती महिला की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान भवानीपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर निवासी श्रवण कुमार शाह की पत्नी निशा देवी(38) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को रात करीब 9:00 बजे निशा देवी को डिलीवरी के लिए नारायणपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। एडमिट होने के बाद नर्स ने इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाते ही तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर भागलपुर मायगंज रेफर कर दिया। आनन-फानन में वहां लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मायागंज से फिर सुबह 3 बजे सीएचसी पहुंचे।

**गलत इंजेक्शन लगाने से गई जानः** मृतका के पति श्रवण शाह ने बताया कि भर्ती से पहले मेरी पत्नी पूरी तरह से स्वस्थ थी। सिर्फ पेट में दर्द था। इंजेक्शन देने के कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई। नर्स की लापरवाही और गलत इंजेक्शन के कारण जान गई है। इलाज के दौरान मरीज से मिलने तक नहीं दिया गया।

**चमकी बीमारी से हुई मौतः** वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि इलाज में लापरवाही नहीं हुई है। महिला की मौत चमकी बीमारी के कारण हुई है। परिजनों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया है। जांच की जा रही है।

# भागलपुर में मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना की समीक्षा




निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री और भागलपुर जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह ने की। मीटिंग में पीरपैंती विधायक ललन पासवान, कहलगांव विधायक पवन यादव, डीडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम धनंजय कुमार समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि यह योजना शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, रोजगार और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए है। सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने और जनता तक पहुंचाने का काम अधिकारियों का है। अधूरे और रुके हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलना चाहिए। तभी इस योजना का उद्देश्य पूर्ण होगा।

**योजना को सफल बनाना अधिकारियों की जिम्मेदारीः** मंत्री संतोष कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। यदि योजनाओं का लाभ जनता को नहीं मिल रहा है तो इसे बनाने का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह योजना जनता के लिए है। इसे सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही अधिकारियों को योजना का प्रचार-प्रसार बढ़ाने के निर्देश दिए। जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही विभागीय तालमेल से योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। मीटिंग में अन्य विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

# गुजरात से भागलपुर लौट रहा युवक लापता



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर जिले के औरंगजेब आलम(23) पिछले एक सप्ताह से लापता है। गुजरात में मजदूरी करता था। 10 मई को गांधीधाम स्टेशन से नारायणपुर स्थित अपने घर आने के लिए कामाख्या एक्सप्रेस पकड़ा था, लेकिन अभी तक घर नहीं पहुंचा है। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। पिता इब्राहिम आलम ने बताया कि 12 मई को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर बेटे से फोन पर बात हुई थी। बेटे ने कहा था कि अभी बेगूसराय के लखमिनियां स्टेशन पर हूं। कुछ देर में खगड़िया पहुंच जाऊंगा। वहां से फिर नारायणपुर आ जाऊंगा। काफी देर इंतजार करने के बाद वो नहीं आया। हमलोग स्टेशन पर इंतजार करते रहे। उसका फोन भी बंद था। अपने स्तर से काफी प्रयास किया।

# भागलपुर में 2 ई-रिक्शा चालक के बीच मारपीट, पैसेंजर बैठाने को लेकर कहासुनी

निज संवाददाता। भागलपुर

**विवाद बढ़ने के बाद एक-दूसरे पर किया हमला**



भागलपुर के मायागंज अस्पताल गेट के पास शनिवार को 2 ई-रिक्शा चालकों के बीच सवारी को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। बताया जाता है कि मोहम्मद चांद नामक चालक अस्पताल से बाहर निकल रहे यात्रियों को अपने रिक्शा पर बैठाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान मोहम्मद जाहिद नामक चालक ने भी यात्रियों से अपने रिक्शा पर चलने को कहा, जिस पर विवाद शुरू हो गया। मोहम्मद चांद का आरोप है कि जाहिद ने उसके बुलाए यात्रियों को बरगलाकर अपने रिक्शा पर बैठाने की कोशिश की। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो जाहिद गाली-गलौज करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। चांद ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय होने के कारण जाहिद और अन्य चालक अक्सर बाहरी चालकों को धमकाते हैं और दबाव बनाने की कोशिश करते हैं।

**एंबुलेंस को जाने में होती परेशानीः** वहीं, मोहम्मद जाहिद का कहना है कि उसने किसी यात्री को बरगलाया नहीं, बल्कि खुद ही यात्री को बुलाकर लाया था। उन्होंने आरोपों को बेबुनियाद बताया। बता दे कि मायागंज अस्पताल के मुख्य गेट के सामने अक्सर ई-रिक्शा की भीड़ लगी रहती है, जिससे एंबुलेंस को मरीजों को लाने-ले जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार भीड़ के कारण एंबुलेंस समय पर इमरजेंसी गेट तक नहीं पहुंच पाती। सुबह होते ही मायागंज अस्पताल गेट के सामने ई-रिक्शा का जमावड़ा शुरू होता है। दोपहर और शाम में सबसे ज्यादा भीड़ होती है और इसी वक्त मरीजों की भी संख्या ज्यादा होती है। इसको लेकर अस्पताल प्रशासन ने कई बार पहल की थी लेकिन फिर से वही हाल हो जाता है।

# मौलाना मज़हरूल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में पुस्तक विमोचन




- मौलाना मज़हरूल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में "लोकल इज़ ग्लोबल : स्टोरी ऑफ़ स्मॉल हिन्दी न्यूज़पेपर्स इन इंडिया" पुस्तक विमोचन का आयोजन
- भारतीय परिदृश्य में लघु समाचारपत्रों की भूमिका महत्वपूर्णः संजय कुमार

निज संवाददाता। पटना

मौलाना मज़हरूल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय, पटना में पत्रकारिता विभाग के शिक्षक डॉ मुकेश कुमार की पुस्तक "लोकल इज ग्लोबल : स्टोरी ऑफ़ स्मॉल हिन्दी न्यूज़पेपर्स इन इंडिया" का विमोचन शनिवार (17.5.2025) को भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी संजय कुमार, शिक्षा विभाग के डीन डॉ. असदुल्लाह खान, पत्रकार संतोष कुमार, सरोज सिंह और डॉ मुकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर भारतीय सूचना सेवा अधिकारी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि भारतीय परिदृश्य में लघु समाचारपत्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विकास और जनसरोकारों के मुद्दों पर केंद्रित इन समाचरपत्रों के सामने बड़ी चुनौतियाँ हैं, फिर भी सदियों से प्रकाशित हो रहे हैं। और इन पर पुस्तक का आना बड़ी बात है। यह पुस्तक पत्रकारिता के छात्रों के लिए शोध के तौर पर प्रयोग हो सकता है। उन्होंने पुस्तक की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि लघु समाचारपत्रों को इसे वर्तमान चुनौतियों के संदर्भ में समझने की ज़रूरत है। वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि छोटे अख़बार आज भी जनसरोकार की पत्रकारिता को जीवित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जहाँ बड़े मीडिया संस्थान बाज़ारवाद और कॉरपोरेट दबाव में कई बार जनहित की खबरों को पीछे छोड़ देते हैं, वहीं छोटे अख़बार स्थानीय मुद्दों, आम जनता की आवाज़ और सामाजिक संघर्षों को प्रमुखता देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे अख़बारों की पहुंच सीमित भले ही हो, लेकिन उनका प्रभाव गहराई लिए होता है। वरिष्ठ पत्रकार सरोज सिंह ने कहा कि छोटे अख़बार पत्रकारिता की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि इन अख़बारों के पत्रकार सीमित संसाधनों में भी अपने दायित्व का निर्वाह करते हैं और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल युग में छोटे अख़बारों को तकनीक से जोड़ना और सरकारी व निजी सहयोग दिलाना आवश्यक है, ताकि वे टिकाऊ बने रहें और निष्पक्ष पत्रकारिता को आगे बढ़ाते रहें। पुस्तक के लेखक पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ.मुकेश कुमार ने पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंग्रेजी में लिखी इस पुस्तक में लघु समाचार पत्रों की संघर्ष गाथा तो है ही साथ ही पत्रकारिता को रौशनी दिखाते लधु समाचार पत्रों की दुनिया को परोसा गया है। उन्होंने कहा कि छोटे अख़बार ही बड़े अख़बारों की बुनियाद हैं। जिस पत्रकारिता की बात हम आदर्श रूप में करते हैं जनपक्षधरता, सच्चाई और संघर्षशीलता वह छोटे अख़बारों में आज भी जीवित है। इतिहास गवाह है कि कई बार जब बड़े मीडिया संस्थान चुप रहे, तब छोटे अख़बारों ने सत्ता की नींव हिला देने वाले सच को उजागर किया। उन्होंने कहा कि मेरी यह पुस्तक भी पत्रकारिता के अनुभवों की उपज है । वहीं शिक्षा विभाग के संकाय अध्यक्ष डॉ असदुल्लाह खान ने पुस्तक लोकल इज़ ग्लोबल पर कहा कि यह पुस्तक न सिर्फ पत्रकारिता के छात्रों के लिए मार्गदर्शक है, बल्कि शोधकर्ताओं, मीडिया विश्लेषकों और जनसंचार के क्षेत्र में कार्यरत हर व्यक्ति के लिए एक उपयोगी दस्तावेज़ है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ मुक्ता सिन्हा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रध्यापक डॉ रणजीत ने किया । इस अवसर पर डॉ संजीत, डॉ चंद्रेश्वरी, श्रीमती ऋचा, रचना, रतनसेन, प्रतिमा, शालिनी, सुमन, आमिर, शाहनवाज, नवाब शरीफ, सूफिया, प्रियंका, मोना, शहाबुद्दीन, संजर, सूरज, सजिया, मनीष, मोनू, निसार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ।

# विक्रमशिला पुल के नीचे महिला-पुरुष का शव मिला

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ पानी में डूबने से मौत की आशंका, मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है

भागलपुर में विक्रमशिला पुल के नीचे गंगा किनारे एक महिला और पुरुष का शव मिला है। मामले की सूचना पर बरारी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। बरारी थानाध्यक्ष बिट्टू कुमार कमल ने बताया की पोस्टमार्टम के बाद डेड बॉडी को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। पहचान के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया गया है। सोशल मीडिया की भी मदद ली जा रही है। अगर परिजन आएंगे तो उन्हें शव सौंप दिया जाएगा। नहीं आने पर प्रशासन की ओर से अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**गंगा में डूबने से मौत की आशंकाः** घटनास्थल पर जांच के लिए FSL की टीम को बुलाया गया है। टीम के अनुसार महिला की उम्र करीब 45 और पुरुष की उम्र 50 वर्ष है। आशंका है कि दोनों की मौत 2 दिन पहले गंगा नदी में डूबने से हुई है। अधिकारियों का कहना है कि स्नान करने के बाद हादसा हो सकता है। हालांकि ये जांच का विषय है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। 3 दिन पहले भी विक्रमशिला पुल के नीचे से एक युवक का शव मिला था।

कार्यालय :–असैनिक शल्य चिकित्सक
– सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
Email Id – civilsurgeonpalamu@gmail.com

आवश्यक सूचना

जिला स्वास्थ्य समिति पलामू अर्न्तगत विज्ञापन सं0 01/2025 से संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0 01/2025 द्वारा दिनांक 11.05.2025 को आयोजित लिखित परीक्षा का Answer key तथा अभ्यर्थियों का प्राप्तांक www.palamu.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

आदेशानुसार
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 352811 (District)25-26*D

कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

कार्यालय आदेश

झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 33 (3) (ख) एवं 152 (3) के अंतर्गत नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा अधिसूचित झारखंड नगरपालिका सम्पति कर (निर्धारण संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 एवं झारखंड नगरपालिका सम्पति कर निर्धारण (निर्धारण संग्रहण और वसूली) नियमावली 2015 एवं संशोधित नियमावली 2017 के तहत वैसी धृतिया जिनका क्षेत्रफल 2000 वर्ग फीट है या उससे अधिक है की भौतिक एवं तकनीकी जाँच हेतु निम्न जाँच दल का गठन किया जाता है।

1. नगर परिषद के संबंधित नगर प्रबंधक।
2. नगर परिषद के संबंधित वार्ड के कर संग्रहकर्ता।
3. Sparrow Softech Pvt Ltd के प्रतिनिधि।

अतः उक्त के आलोक में जाँच दल को निर्देशित किया जाता है कि 2000 वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले धृतियों का स्थल निरीक्षण, भवन की मापी एवं अन्य जो भी जाँच आवश्यक हो कि जाँच करते हुए अपना प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी को पूर्व विवरणी के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

इस कार्य हेतु श्री ओंकार कुमार यादव, नगर प्रबंधक को नोडल पदाधिकारी के रुप में नामित किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 352726 (Urban Development) 25-26 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### लालू यादव की बढ़ी मुश्किल, इस मामले में कोर्ट ने दिया कुर्की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

**सिवान, एजेंसी।** सिवान कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव पर कुर्की की प्रक्रिया जारी करने का आदेश दिया है। मामला साल 2011 का है ,जब विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 109 दारौंदा के राजद प्रत्याशी परमेश्वर सिंह के समर्थन में तत्कालीन रेल मंत्री एवं राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए भाषण दिया था।



जिस स्थल पर उन्होंने भाषण दिया था वहां पर पूर्व से धारा 144 लगी हुई थी और ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करना वर्जित था, लेकिन लालू प्रसाद यादव ने ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करते हुए भाषण दिया। इसके बाद उनके विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। इसी मामले में उनकी लगातार अनुपस्थिति को देखते हुए एसीजेएम प्रथम सिवान की अदालत ने कुर्की जब्ती की प्रक्रिया जारी करने का आज आदेश पारित किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 30 मई को होगी।

### बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अपग्रेडेशन की डेडलाइन बढ़ी, अब इस तारीख तक कई सेवाएं बाधित

**पटना, एजेंसी।** राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के डाटा मैनेजमैंट सिस्टम के अपग्रेडेशन कार्य की अवधि को 19 मई तक के लिए बढ़ा दी गई है। यह अपग्रेडेशन कार्य 13 मई से आरंभ हुआ था और इसे सुचारू रूप से पूर्ण करने हेतु यह विस्तार किया गया है।बिजली कंपनी की ओर से दी गई



आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस अवधि के दौरान उपभोक्ताओं को रिचार्ज की जानकारी मीटर पर तुरंत नहीं दिखेगी। हालांकि विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, परंतु अपग्रेड प्रक्रिया के पूर्ण होने तक कुछ सेवाएं सीमित रह सकती हैं।

इससे पहले स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य की दोनों विद्युत वितरण कंपनियां साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से प्रीपेड मीटर प्रणाली को अपग्रेड किया जा रहा है। जिसकी कार्य अवधि 13 से 15 मई थी, लेकिन अब चार दिन और बढ़ा दी गई है। अपग्रेडेशन का कार्य गया, मुजफ्फरपुर तथा भागलपुर शहरी क्षेत्रों को छोड़ कर राज्य के अन्य सभी शहरी क्षेत्रों में चल रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार 29 मई को बिहार आएंगे पीएम मोदी, कई बड़ी योजनाओं की देंगे सौगात

**पटना, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की तैयारियों के साथ ही राजनीतिक दलों सक्रिता भी बिहार में तेजी से बढ़ रही है। सत्तापक्ष एवं विपक्ष के साथ ही तीसरा कोण बनाने को लेकर कई नए नवेले दल दम ठोक रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी चार महीने के अंदर तीसरी बार 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आने का कार्यक्रम निर्धारित हो गया है। मोदी 29 की शाम पटना पहुंचेंगे और लोकनायक जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत रात्रि विश्राम पटना में करेंगे।

अगले दिन 30 मई को रोहतास जिले के विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले कई योजनाओं का पीएम के हाथों उद्घाटन एवं शिलान्यास प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री इससे पहले गत वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान पटना में रोड शो के उपरांत राजभवन में रात्रि विश्राम किए थे। मोदी की दो दिवसीय यात्रा की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप



जायसवाल ने पुष्टि की है।

मोदी चार महीने के अंदर तीसरी बार बिहार आएंगे। इससे पहले 24 फरवरी को भागलपुर एवं 24 अप्रैल को मिथिलांचल की यात्रा पर मधुबनी आए थे। भागलपुर की यात्रा दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से देश के किसानों के खाते में भेजी थी। साथ कई योजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया था। इसके उपरांत मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल को मधुबनी यात्रा के दौरान जीविका दीदियों के लिए केंद्र सरकार की ओर से की जा रही मदद को विस्तार से गिनाया था। साथ ही रेलवे, सड़क एवं बाढ़ प्रबंधन से संबंधित कई योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया था। अब मोदी विक्रमगंज की सभा राजग ( राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ) की कमजोर हो रही जड़ में राजनीतिक खाद-पानी डालेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान शाहाबाद क्षेत्र की पांच सीटों पर राजग की हार हुई थी।

## रामविलास को भारत रत्न, निजी क्षेत्र में आरक्षण, चुनाव से पहले लोजपा रामविलास ने की बड़ी मांग




**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। इसी क्रम में लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के अध्यक्ष राजू तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई। वहीं, दूसरी ओर जदयू प्रवक्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा तेलंगाना में जातीय गणना को बेहतर मॉडल बताने पर आपत्ति जताई।

लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास की कार्यकारिणी बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की स्वतंत्र पहचान के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने और निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू कराने की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया।

साथ ही, बोधगया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नामकरण भगवान बुद्ध के नाम पर करने, रामविलास पासवान को भारत रत्न देने और उनकी प्रतिमा संविधान सदन में स्थापित करने तथा बहुजन-भीम संकल्प समागम का आयोजन करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया।

अपने संबोधन में नेताओं ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला और कहा कि राहुल गांधी सिर्फ बिहार घूमने आते है। राहुल गांधी ने दरभंगा के दलित छात्रावास में जाकर सिर्फ फोटो सेशन कराया और दलितों के प्रति संवेदनशील होने का ढोंग किया।

कार्यक्रम का संचालन पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान ने किया। बैठक में सांसद अरुण भारती, मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे और झारखंड के चतरा विधायक जनार्दन पासवान समेत सभी जिलाध्यक्ष मौजूद थे।

जदयू ने शुक्रवार को यह सवाल किया कि अगर तेलंगाना सरकार की जातीय गणना पारदर्शी है तो अब तक उसके आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जदयू प्रवक्ताओं ने कहा कि उनके पास जानकारी का घोर अभाव है।

जदयू प्रदेश कार्यालय पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, विधानपार्षद सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस विषय को उठाया। जदयू प्रवक्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा तेलंगाना में जातीय गणना को बेहतर मॉडल बताने के दावे पर कड़ी आपत्ति जताई।

यह कहा गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ने जातीय गणना से पूर्व ही 215 जातियों की सूची सार्वजनिक की और प्रत्येक जाति को यूनिक कोड आवंटित किया गया, जिससे डाटा की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके।

बिहार की जातीय गणना केवल जनसंख्या तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें यह भी दर्ज किया गया कि किस जाति के पास कितने लैपटाप, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन, बैंक खाता, मोबाइल, टीवी और जमीन है। यह सर्वे सामाजिक और आर्थिक स्थिति की समग्र तस्वीर प्रस्तुत करता है।

इसके विपरीत, तेलंगाना सरकार की जातीय गणना में न तो इन पहलुओं को शामिल किया गया और न ही किसी अधिकृत जाति सूची या यूनिक कोडिंग का कोई प्रमाण सामने आया है। यह अंतर स्वयं सिद्ध करता है कि बिहार मॉडल कहीं अधिक वैज्ञानिक, व्यापक और पारदर्शी है।

## बाढ़ में बना 100 बेड का मार्डन अस्पताल: 300 गांव के लोगों को नहीं जाना पड़ेगा पटना

**पटना, एजेंसी।** पटना के बाढ़ अनुमंडल में नया आधुनिक अस्पताल जल्द ही शुरू होने जा रहा है। इस अस्पताल से 7 प्रखंड के 300 से अधिक गांवों के लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। 19.50 करोड़ रुपये की लागत से बने इस अस्पताल का निर्माण 16 जनवरी 2023 से शुरू हुआ था। ग्राउंड फ्लोर समेत तीन मंजिला इस अस्पताल भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**ब्लड कलेक्शन की भी होगी सुविधा-** नवजात के लिए नीकू-पीकू वार्ड की विशेष व्यवस्था की गई है। बर्न यूनिट और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए गए हैं। अस्पताल में ब्लड कलेक्शन की सुविधा भी होगी, जिससे मरीजों को ब्लड के लिए पटना नहीं जाना पड़ेगा।

फिलहाल बाढ़ अनुमंडल अस्पताल एक जर्जर बिल्डिंग में चल रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण यह केवल एक रेफरल अस्पताल बन कर रह गया है। दुर्घटना के मामलों में भी मरीजों को पी.एम.सी.एच.रेफर करना



पड़ता है।

**15 से 20 जून तक हो सकता है उद्घाटन : एसडीएम-** एसडीएम शुभम कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जून में अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। पटना से आई डीपीएम हेल्थ की टीम ने नए भवन का निरीक्षण कर लिया है। उद्घाटन के बाद पुराने भवन को तोड़ दिया जाएगा। 15 से 20 जून के बीच अस्पताल का उद्घाटन होने की संभावना है। उद्घाटन के दो सप्ताह बाद अस्पताल को मरीजों के लिए खोल दिया जाएगा।

**लगभग सभी काम पूरा : उपाधीक्षक-** अस्पताल के उपाधीक्षक विनय कुमार चौधरी ने कहा कि नए भवन के उद्घाटन के बाद ब्लड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध होगी। एंबुलेंस की संख्या बढ़ाई जाने की मांग भी की जाएगी। विद्युत कनेक्शन छोड़कर लगभग सभी काम पूरे हो चुके हैं। विद्युत कनेक्शन के बाद टेस्टिंग की जाएगी, जिसके बाद उद्घाटन की तारीख तय की जाएगी। पोस्टमार्टम के भवन की व्यवस्था भी की गई है, विभिन्न रोग विशेषज्ञ की मांग भी विभाग से की जाएगी।

## आरा में सड़क हादसे में घायल किसान की मौत

### पिछले 15 दिनों से पटना में भर्ती थे, अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** आरा के टाउन थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिछले 15 दिनों से पटना के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती थे। मृतक श्रीनिवास सिंह( 30 ) तीयर गांव के रहने वाले थे। खेती-बाड़ी करते थे। 30 अप्रैल को तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जमीरा गांव जा रहे थे। धरहरा के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। परिजनों ने बताया कि वाहन की टक्कर से श्रीनिवास सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पहले आरा में ही भर्ती थे। बाद में डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया था। जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। मृतक 3 भाई और 4 बहन में सबसे छोटा था। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर छानबीन की जा रही है।

## सेना के शौर्य और सम्मान में लॉन्च हुआ मनोज तिवारी का सिंदूर की ललकार

**पटना, एजेंसी।** भोजपुरी फिल्म अभिनेता और उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने शुक्रवार शाम अपना नया देशभक्ति गीत ÷सिंदूर की ललकार÷ सोशल मीडिया पर लॉन्च किया। यह गाना उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य और सम्मान में समर्पित किया है। इसका संगीत सूरज विश्वकर्मा ने तैयार किया है और सुरभि तिवारी ने इसे प्रोड्यूस किया है। गाने की परिकल्पना नीलकांत बख्शी की है और इसे साविका फिल्म्स ने प्रस्तुत किया है।

गाने में बताया गया है कि जब 30 लाख सैनिकों के पीछे 150 करोड़ हिंदुस्तानी खड़े हों, तो दुश्मनों को जवाब देने में देर नहीं लगती।



गाने की पंक्तियां हैं - 30 लाख सैनिक के पीछे, 150 करोड़ हिंदुस्तानी...नाप देंगे, जब चाहेंगे, दुश्मन में कितना है पानी..,धर्म पूछ कर चली गोलियां सहन नहीं हो पाता है, खून और पानी साथ बहे अब यह नहीं संभव होगा..। बता दें कि हाल ही में भारतीय सेना द्वारा किए गए ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ में आतंकियों को करारा जवाब दिया गया है। भारतीय सेनाओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमला में भारतीय महिलाओं का सिंदूर मिटाने वाले जिहादियों को जहन्नुम में पहुंचाया है। उनके इस शौर्य और पराक्रम को संपूर्ण भारतीय सलाम कर रहे हैं। देशवासी सेनाओं को अपने-अपने तरीके से सम्मान दे रहे हैं। इसी बहादुरी से प्रेरित होकर मनोज तिवारी ने यह गीत लिखा और अपनी आवाज में इसे प्रस्तुत भी किया। गीत को सोशल मीडिया पर लोगों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। मनोज तिवारी का यह प्रयास भारतीय सेना के प्रति आम जनता की भावना को आवाज देता है।

## छात्रों को आरक्षण नहीं देने वाले निजी विश्वविद्यालयों की बढ़ी मुश्किल, शिक्षा विभाग ने मांगी रिपोर्ट

**पटना, एजेंसी।** प्रदेश में संचालित निजी विश्वविद्यालयों में भी आरक्षण का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच होगी। इसके मद्देनजर शिक्षा विभाग ने निजी विश्वविद्यालयों से आरक्षण का पालन संबंधी रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के आधार पर शिक्षा विभाग यह भी परखेगा कि निजी विश्वविद्यालयों में आरक्षण का पालन हो रहा है या नहीं।

अपनी गतिविधियां बताने के लिए प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय को शिक्षा विभाग के समक्ष प्रेजेंटेशन देना होगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने संबंधित निजी विद्यालयों को दिशा-निर्देश जारी किया है।

शिक्षा विभाग द्वारा जिन निजी विश्वविद्यालयों के अध्यक्ष व सचिव को पत्र भेजा गया है, उनमें सामाजिक कल्याण संस्था, संदीप फाउंडेशन, दवे मंगल मेमोरियल ट्रस्ट,




अल-करीम एजुकेशनल ट्रस्ट।

माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं लायंस सेवा केंद्र हास्पिटल, आल इंडिया सोसाइटी फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और रितनंद बेल्व्ड एडुकेशन फाउंडेशन शामिल हैं। निर्देश के मुताबिक संबंधित निजी विश्वविद्यालयों के नियम एवं परिनियम का सरकार से अनुमोदन, नामांकन की प्रक्रिया एवं आरक्षण का पालन, शुल्क में प्रविधान के अनुरूप दी जाने वाली छूट का अनुपालन, फीस संरचना, फीस के लिए समिति का गठन, फीस संरचना से राज्य सरकार को अवगत कराना। अकादमिक कैलेंडर, परीक्षा कैलेंडर, खेल कैलेंडर का निर्माण एवं समय-सीमा के अनुरूप उसका अनुपालन, विश्वविद्यालय का डायनामिक सेक्योर्ड वेबसाइट, छात्रों के लिए प्लेसमेंट सेल का गठन एवं उसकी उपलब्धियां, विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रविधानों का अनुपालन की जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा एनसीआरएफ, सीबीसीएस के साथ-साथ एबीसी-एनएडी आदि लागू कराया जाना, समर्थ पोर्टल एवं इसके सदृश्य अन्य साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का उपयोग, आडिट एवं वार्षिक लेखा प्रतिवेदन तथा अन्य विशेष शैक्षिक गतिविधियों के बारे में सूचना देने को कहा गया है।

# पटना के 5 रूट पर पिंक बस सेवा शुरू, किराया 6 रुपये से शुरू, महिला ही कंडक्टर

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में 5 रूट पर लेडीज स्पेशल पिंक बस सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना से 6 जिलों के लिए 20 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पटना में पिंक बस में पहले दिन 250 से ज्यादा महिला यात्रियों ने सफर किया। इसमें गांधी मैदान से 4 बसों का परिचालन शुरू हुआ। एक बस एनआईटी पटना से कंकड़बाग ऑटो स्टैंड तक चलेगी। पिंक बस का किराया 6 रुपये से शुरू है। अधिकतम टिकट 25 रुपये का है। इन बसों में कंडक्टर महिलाएं हैं।

पिंक बस सेवा केवल महिला यात्रियों के लिए है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सीट पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और इमरजेंसी अलार्म है। ये बसें सीएनजी से चलाई जा रही हैं। हर बस में बैठने के लिए 22 आरामदायक सीटे हैं। सीटों पर पैनिक बटन के साथ ही बस में सीसीटीवी कैमरा भी है। हर सीट के पास महिला यात्रियों को मोबाइल चार्जिंग की सुविधा भी दी गई है।

### पटना में इन रूट पर चलेंगी पिंक बस

- गांधी मैदान से पटना जीपीओ, आर ब्लॉक, इनकम टैक्स गोलंबर, पटना वीमेंस कॉलेज, सचिवालय, राजवंशी नगर मोड़, पटेल नगर होकर बाबा चौक तक
- गांधी मैदान से पटना जीपीओ, आर ब्लॉक, इनकम टैक्स, पटना वीमेंस कॉलेज, बिहार म्यूजियम, बोरिंग रोड, एएन कॉलेज, पाटलिपुत्रा, पीएंडएम मॉल होकर कुर्जी तक
- एनआईटी पटना से गांधी मैदान, पटना स्टेशन, कंकड़बाग कॉलोनी मोड़ होते हुए कंकड़बाग ऑटो स्टैंड तक
- कारगिल चौक से बिस्कोमान भवन बस स्टॉप, दूरदर्शन केंद्र, बाटा मोड़, डाक बंगला चौक बस स्टॉप, तारामंडल, जीपीओ, आर ब्लॉक, इनकम टैक्स चौराहा, पटना वीमेंस कॉलेज, बिहार म्यूजियम, हड़ताली मोड़, सचिवालय, ललित भवन, चिड़ियाघर, शेखपुरा, आईजीआईएमएस, आशियाना मोड़, जगदेव पथ, गोला रोड, आरपीएस मोड़, सगुना मोड़, दानापुर तक
- कारगिल चौक से बिस्कोमान भवन, डाक बंगला चौराहा, तारामंडल, जीपीओ, आर ब्लॉक, सप्तमूर्ति, पुराना सचिवालय, चितकोहरा मोड़, अनीसाबाद, ख्वाजा इमाम मजार, महावीर कैंसर संस्थान, फुलवारीशरीफ ब्लॉक, वाल्मी, पटना एम्स तक

**6 से 25 रुपये तक है किराया-** पिंक बसों का किराया भी इतना रखा गया है कि महिलाओं पर आर्थिक बोझ ना पड़े। 6 रुपये से 25 रुपये खर्च कर महिलाएं पिंक बस में सफर कर सकती हैं। अगर गांधी मैदान से दानापुर रेलवे स्टेशन तक जाते हैं, तो अधिकतम 25 रुपये खर्च होंगे।

## मुकेश सहनी के इंतजाम में जुट गई बीजेपी, हर प्रमंडल में मछुआरा सम्मेलन करेगी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में लगभग 8-9 फीसदी निषाद समाज के वोटरों पर सन ऑफ मल्लाह के नाम से मशहूर मुकेश सहनी का प्रभाव काटने और यथासंभव वोट बटोरने के लिए भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने हर प्रमंडल में मछुआरा सम्मेलन करने का फैसला किया है। महत्वपूर्ण ये बात है कि आयोजन एनडीए के बैनर तले नहीं होगा बल्कि भाजपा का खुद का कार्यक्रम होगा। शुक्रवार को ही चिराग पासवान की पार्टी लोजपा-रामविलास ने भी एनडीए में रहते हुए अलग से बहुजन भीम संवाद के नाम से स्वतंत्र कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। कुछ समय पहले एनडीए के दलों ने मिलकर अभियान और कार्यक्रम की बात की थी लेकिन ज्यों-ज्यों चुनाव नजदीक आ रहा है, इस तरह के स्वतंत्र कार्यक्रमों से क्या संदेश जाएगा, समझने वाली बात है।

भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ की शुक्रवार को पटना में प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में निर्णय हुआ है कि पार्टी हरेक कमिश्नरी मुख्यालय में मछुआरा सम्मेलन करेगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी



शामिल हुए। भाजपा ने जून-जुलाई में आयोजित होने वाले मछुआरा सम्मेलनों की तारीख भी तय कर ली है। 10 जून को मुजफ्फरपुर, 14 जून को कटिहार, 18 जून को दरभंगा, 22 जून को मोतिहारी, 26 जून को समस्तीपुर, 30 जून को खगड़िया और 10 जुलाई को पटना के बापू सभागार में मछुआरा सम्मेलन होगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बैठक के बाद कहा कि 15 दिनों के अंदर मछुआरा आयोग का गठन कर दिया जाएगा, जिसमें इसी समाज के नेता सदस्य और अध्यक्ष बनाए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### लातेहार में अवैध शराब से भरा कंटेनर पकड़ा गया:48 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार के चंदवा थाना पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान 48 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। शराब दमन दीव से बिहार ले जाई जा रही थी। बोतलों पर सेल फॉर ऑनली फॉर भूटान लिखा था। चंदवा थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध शराब बिहार भेजी जा रही है। इसके बाद चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई।चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाई गई। इसी दौरान दमन दीव से आ रही कंटेनर ट्रक रोका गया। जांच में उसमें 1000 पेटी रॉयल स्पेशल अंग्रेजी शराब मिली। एक पेटी में 180 एमएल की 48000 छोटी बोतलें थीं।चालक से कागजात मांग की गई, लेकिन वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने ट्रक और शराब जब्त कर ली। चालक जयपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है।

### जमशेदपुर में पूजा-पाठ के सामान के गोदाम में आग, 2 करोड़ से ज्यादा का नुकसान

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गदड़ा में शुक्रवार देर रात पूजा सामग्री के गोदाम में आग लग गई। आग की तेज लपटों के कारण आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। झारखंड सरकार और टाटा मोटर्स की ओर से 6 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। जब आग लगी थी तब तेज हवा भी तेज चल रही थी। इस कारण आग की लपटें तेजी से फैल रही थीं। इससे आसपास के रिहायशी इलाकों में भी आग फैलने का खतरा बना हुआ था। गोदाम में लकड़ी, अगरबत्ती, धूप, पूजा की सजावटी सामग्री और अन्य ज्वलनशील सामान रखा था। गोदाम मालिक के मुताबिक, आग से 2 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

### गिरिडीह में नक्सलियों के हथियारों का जखीरा बरामद

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च अभियान में बड़ी सफलता मिली है। खुखरा थाना क्षेत्र के जोकानाल के पास से नक्सलियों का बंकर बरामद किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन में पुलिस ने जंगल में जमीन के अंदर छिपाए गए 14 हथियार बरामद किए। इनमें 303 बोर का राइफल, एसएलआर, एक 12 बोर बंदूक और 14 सिंगल शॉट बंदूकें शामिल हैं। बरामद सामग्री में 7.62 एमएम की 38 और 9 एमएम की 10 गोलियां , बंडल कॉर्डेक्स वायर और भारी मात्रा में बारूद भी शामिल है। गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि पुलिस और सीआरपीएफ की टीमें पारसनाथ पर्वत की तराई वाले इलाके में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं। बरामदगी में नक्सलियों के दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री भी मिली है। पुलिस और सीआरपीएफ की टीमें क्षेत्र में लगातार सर्च अभियान चला रही हैं।

### बाबूलाल सठिया गए हैं..., इरफान अंसारी ने नेता प्रतिपक्ष पर लगाए ये गंभीर आरोप

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को निशाने पर लिया है। बोकारो की घटना पर मरांडी की प्रतिक्रिया को उन्होंने गलत बताते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी सठिया गए हैं। उनकी राजनीति का स्तर अब पूरी तरह गिर चुका है। बोकारो की घटना पर जिस तरह की भ्रामक और अमानवीय बातें वे कह रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण और उनके नैतिक और मानसिक दिवालियापन का प्रमाण है।एक महिला के साथ क्या हुआ, यह जांच का विषय है। लेकिन भाजपा खुद को कानून से ऊपर मानती है और निर्णय भी खुद ही लेने लगी है। ऐसे समय में पीड़िता के परिवार को सांत्वना देना अगर गलत है तो मैं यह गलती बार-बार करूंगा, क्योंकि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। अंसारी ने कहा कि भाजपा के पास ना तो कोई जनहित का मुद्दा है, ना कोई संवेदनशीलता, सिर्फ घृणा और नफरत फैलाकर वोट बैंक की राजनीति करना इनका काम रह गया है।

# अब ट्रेनों में स्लीपर के यात्री का फर्स्ट एसी में नहीं होगा अपग्रेडेशन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** ट्रेनों के स्लीपर श्रेणी में सफर करने वाले यात्रियों को अपग्रेडेशन के तहत फर्स्ट एसी में यात्रा करने की सुविधा नहीं मिलेगी। रेल मंत्रालय ने आदेश जारी करते हुए अपग्रेडेशन नीति में संशोधन करते हुए सुविधाओं में कटौती की है।

रेलवे बोर्ड के निदेशक (पैसेंजर मार्केटिंग-2) द्वारा जारी आदेश के तहत किसी भी ट्रेन में उपलब्ध सीटों के अधिकतम उपयोग के उद्देश्य से रेल प्रशासन वेटिंग सूची के यात्रियों को अपग्रेडेशन सुविधा का लाभ देती थी।

2006 से शुरू इस योजना के तहत उपलब्ध रिक्त स्थान के बदले में पूरा किराया देने वाले यात्रियों को उच्च श्रेणी में अपग्रेडेशन की सुविधा देती थी, लेकिन अब इस नीति में परिवर्तन किया गया है।

नए नियम के तहत अब स्लीपर के वेटिंग टिकट वाले यात्रियों का अपग्रेड पहले विकल्प के रूप में थर्ड एसी इकोनॉमी या थर्ड एसी में होगा। यहां सीट उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें संबधित यात्री के टिकट को दूसरे विकल्प के रूप में सेकेंड एसी में अपग्रेड किया जाएगा।

वहीं, सेकेंड एसी के यात्री का ही अपग्रेडेशन फर्स्ट श्रेणी में हो पाएगा। इसी तरह, सेकेंड सीटिंग के यात्री की टिकट को अब केवल एसी चेयरकार में अपग्रेडेशन मिलेगा, जबकि चेयरकार के यात्री को एक्जीक्यूटिव चेयरकार व विस्टाडोम कोच में और विस्टाडोप कोच के यात्रियों को एक्जीक्यूटिव अनुभूति श्रेणी में ही अपग्रेड किया जाएगा।

**रेलवे ने लागू किया नया नियम**



नई व्यवस्था क्रिस में अपलोड होने के बाद यह व्यवस्था पूरे देश में प्रभावी होगी। नई व्यवस्था राजधानी, दुरंतो सहित सभी तरह के ट्रेनों में प्रभावी होगी।

किसी यात्रा के लिए ट्रेन में टिकट बुक कराते समय संबधित यात्री को आवेदन फार्म में अपग्रेडेशन का विकल्प चुनना होगा, तभी उन्हें अपग्रेडेशन की सुविधा मिलेगी। आइआरसीटीसी से ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय यात्रियों को ऑटोमेटिक अपग्रेडेशन की सुविधा मिलती है।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत वैसे वरिष्ठ नागरिक, जिन्होंने निचले बर्थ कोर्ट के तहत बुकिंग कराई है, ऐसे यात्री यदि अपग्रेडेशन का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें रेलवे की ओर से एक मैसेज भेजा जाए कि आपका टिकट अपग्रेडेशन के तहत निचली सीट मिल सकती है या नहीं। इसके लिए क्रिस सॉफ्टवेयर में आवश्यक अपडेट करने का आदेश दिया गया है। वहीं, रेल मंत्रालय ने आदेश दिया है कि सभी रिक्त सीटों को बिना किसी रोक के अपग्रेडेशन का लाभ दिया जाए।

साथ ही आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि भविष्य में कोई नई श्रेणी शुरू की जाती है तो यात्रियों को अपग्रेडेशन का लाभ केवल दो स्तरों तक ही मिलेगी।

### एसडीपीओ को रेहला थाना में घुसने से रोकना थाना प्रभारी को पड़ा महंगा, एसपी ने लिया एक्शन



**विश्रामपुर (पलामू), एजेंसी।** विश्रामपुर एसडीपीओ को रेहला थाना में घुसने से रोकना थाना प्रभारी को महंगा पड़ा। इस मामले में एसपी रीष्मा रमेशन ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी संतोष कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

दरअसल, पूरा मामला बुधवार की रात का है, जब विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने अवैध रूप से बालू का उठाव करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा। वह ट्रैक्टर को लेकर रेहला थाना गए, लेकिन थाने के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था।

एसडीपीओ ने तत्काल थाना प्रभारी को कॉल किया, लेकिन कॉल का कोई जवाब नहीं मिला। इस दौरान एसडीपीओ ने मौके पर तैनात ऑन ड्यूटी पुलिस अधिकारी से जानकारी ली। जिसमें उनको बताया गया कि थाना प्रभारी के निर्देश पर गेट पर ताला लगा हुआ है।

इस मामले में एसडीपीओ ने रिपोर्ट बनाकर एसपी को दी। जिसके आधार पर एसपी ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी संतोष कुमार को निलंबित कर दिया। उनके स्थान पर शहर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर गुलशन बिरुआ को रेहला का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

उन्होंने शुक्रवार को थाना प्रभारी के पद पर योगदान दे दिया। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी को कम करना है। पुलिस हमेशा सेवा कार्य के लिए तत्पर है।

## कौन सी शादी ? कैसी शादी, हम लोग कुछ नहीं जानते, फिर तिलक की राह देख रहा दूल्हा पहुंच गया थाना

**विश्रामपुर (पलामू), एजेंसी।** रेहला थाना क्षेत्र के सिगसीगी पंचायत अंतर्गत सुलूमदाग जावा खांड़ में 15 अप्रैल को सुजीत कुमार उरांव के घर पर चहल-पहल थी। उसके नाते- रिश्तेदार, पास-पड़ोसी, दोस्त-यार, ग्रामीण सभी जुटे हुए थे।

सभी को खिलाने के लिए मुर्गा-भात बन चुका था। मौका सुजीत कुमार उरांव के तिलक का था। जो भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव के जमुना उरांव के घर से आने वाला था। लेकिन निर्धारित समय तक तिलक लेकर दुल्हन पक्ष के लोग नहीं पहुंचे तो वर पक्ष के लोगों को चिंता होने लगी।

उसके बाद जब लड़की के जीजा जितेंद्र उरांव को फोन किया गया तो जीजा ने कहा कि कौन सी शादी, कैसी शादी, हम लोग कुछ नहीं जानते हैं। इस पर वर पक्ष की ओर से लड़की के गांव में लोकल परिचितों को भेजा गया तो पता चला कि सास-ससुर समेत दुल्हन को उसका बहनोई कहीं भगा ले गया है।

इस पर वर पक्ष के लोग रेहला थाना पहुंचे। जहां सुजीत कुमार उरांव के पिता कपिलदेव उरांव ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि दुल्हन पक्ष की ओर से उनको धोखा दिया गया है।

तिलक समारोह में मेहमान भी आ चुके थे। घर को चारों ओर से सजाया भी गया था। मुर्गा चावल भी बना हुआ था। उनके लड़का का शादी कार्ड भी बंट गया था। बरात जाने के लिए गाड़ी, डीजे, फूल-माला सभी बुक कर दिया गया था। जिसमें उनका लाखों रुपया का नुकसान हुआ है।

पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए उनके द्वारा खर्च की गई राशि को दुल्हन पक्ष से दिलाने का कार्य करें तभी उनको राहत मिलेगी अन्यथा बर्बाद हो जाएंगे।

# झारखंड से निकाले जाएंगे बांग्लादेशी और रोहिंग्या

## एसटीएफ करेगी इनकी पहचान, जिलों में बनेंगे होल्डिंग सेंटर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को चुन-चुन कर निकाला जाएगा। जल्द ही इसकी कवायद प्रदेश में शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए स्पेशल टास्क फोर्स सभी जिलों में बनाया जाएगा। यही स्पेशल टास्क फोर्स बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को चिह्नित करने का काम करेगी। इस बाबत केंद्र की ओर से राज्य के चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखा गया है। 2 मई को लिखे गए पत्र में पूरा प्रोसिजर बताया गया है।

**जिलों में बनाए जाएंगे होल्डिंग सेंटर्स :** केंद्र की ओर से सभी राज्य को यह पत्र भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि सरकारें अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी और म्यांमार निवासियों को चिह्नित करें। इसके बाद इन्हें होल्डिंग सेंटर में रखें। चिह्नित बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को होल्डिंग सेंटर पर रखने के लिए सभी जिले में ऐसा सेंटर बनाने को कहा है।




केंद्र ने कहा है कि ऐसा करने के लिए जिलावार स्पेशल टास्क फोर्स बनाएं, ताकि इन्हें डिपोर्ट किया जा सके। होल्डिंग सेंटर में जांच-पड़ताल पूरी करने के बाद उन्हें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स और कोस्ट गार्ड्स को सौंपा जाएगा। इसके बाद संबंधित देश को उनके नागरिकों को सौंपा जाएगा।

**नागरिकता के दावे पर 30 दिनों में सत्यापन :** पत्र में कहा गया है कि अगर कोई बांग्लादेशी या रोहिंग्या भारतीय नागरिक होने का दावा करते हैं और वे बताते हैं कि संबंधित राज्य में वह रहते हैं तो संबंधित राज्य सरकार, होम सेक्रटरी और जिला प्रमुख उसका नाम, माता-पिता, आवासीय पता, निकटतम रिश्तेदारों का विवरण उक्त राज्य में भेजेगा। इसके बाद संबंधित राज्य/जिला प्रमुख 30 दिनों के भीतर उक्त आदमी के दावे का सत्यापन कर संबंधित राज्य सरकार के जिला प्रमुख को रिपोर्ट सौंपेगी। पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार सभी जिले के प्रमुख को वेरिफिकेशन के लिए दिशा-निर्देश जारी करे। इसके बाद चिह्नित होने पर संबंधित व्यक्ति को उनके देश भेजने तक होल्डिंग सेंटर पर रखा जाएगा।

**संथाल में आदिवासी घुसपैठ है बड़ा मुद्दा :** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ बड़ा मुद्दा है। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बनाया था। वहीं बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर झारखंड हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सुनवाई चल रही है। झारखंड हाईकोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने कहा था कि संथाल परगना में बांग्लादेशियों की घुसपैठ की स्थिति अलार्मिंग है।

वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने राष्ट्रीय जनगणना के हवाले से हाईकोर्ट के समक्ष जो डेटा पेश किया, उसके मुताबिक साल 1951 में संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी आबादी 44.67 प्रतिशत से घटकर साल 2011 में 28.11 प्रतिशत हो गई। इसके पीछे की एक बड़ी वजह बांग्लादेशी घुसपैठ है।

# धुर्वा में दोहरे हत्याकांड का खुला राज, दुष्कर्म का बदला लेने के लिए काट दिए युवकों के सिर

**तुपुदाना (रांची), एजेंसी।** धुर्वा थाना क्षेत्र के गरसुल बांध के पास मिले दो युवकों के शव की पहचान के बाद पुलिस हत्या के पीछे के कारण का भी पता लगा चुकी है। सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि कुछ दिनों पहले दोनों युवकों ने मिलकर खूंटी जिले की एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता का रिश्तेदार खुद जिले का कुख्यात अपराधी है। उसे घटना की जनकारी मिली, जिसके बाद वह गुस्से से पागल हो गया।

बदला लेने के प्लान के तहत उसने अपने कुछ गुर्गो को उनके पीछे लगाया, जो धीरे-धीरे उनसे घुलमिल गए। इसके बाद बीते शनिवार को उसने अपने गुर्गो के जरिए दोनों युवकों तक मैसेज भिजवाया कि धुर्वा के गरसुल बांध के पास एक पार्टी रखी गई है। गुर्गे दोनों को लेकर गरसुल बांध के पास पहुंचे और वहां उन्हें खिलाने-पिलाने के बाद मौका देखकर दोनों के गर्दन काटकर हत्या कर दी।

शवों को वहीं छोड़कर सभी मृतकों की केटीएम बाइक और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। ये जानकारी गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपित ने पुलिस को दी है। हालांकि, पुलिस अभी इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। संभवत~शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर पुलिस पूरी जानकारी देगी।

रांची और खूंटी पुलिस लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही थी। टेक्निकल सेल की मदद से मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने पहले तो पुलिस को घूमाने का प्रयास किया, लेकिन टेक्निकल सेल द्वारा जुटाए गए साक्ष्य एवं सख्ती के आग टूट गया। इसके बाद युवकों की हत्या करने की बात कबूल ली।

पूछताछ में उसने बताया कि हत्याकांड में उसके अलावा उसके चार-पांच और साथी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित कुख्यात अपराधी है। उसपर दर्जनों मामले दर्ज हैं।

धुर्वा थाना क्षेत्र के बालसिरिंग स्थित गरसुल बांध के पास 11 मई को दो युवकों की सिर कटी लाश मिली थी। अगले दिन शवों की पहचान हुई। दोनों मृतक खूंटी थाना क्षेत्र के चामडी गांव के रहने वाले थे। उसके बाद पुलिस ने रिम्स के मार्चरी हाउस से दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए थे।

इसके बाद धुर्वा थाने में इंस्पेक्टर विमल किड़ो के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही थी, जिसके बाद मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी हुई।

# रांची में सरकारी शराब दुकान में 45 लाख का गबन, 4 कर्मियों पर दर्ज हुई एफआईआर

**रांची, एजेंसी।**

राजधानी के शराब दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी लगातार चोरी और गबन कर रहे हैं।ताजा मामला रांची के लालपुर थाना क्षेत्र का है।यहां स्थित एक सरकारी शराब दुकान के कर्मचारियों ने 45 लाख रुपए का गबन किया है।मामले को लेकर लालपुर थाने में शराब दुकान के चार कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है।




### लालपुर थाने में मामला दर्ज

रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के करमटोली चौक के पास स्थित सरकारी शराब दुकान में करीब 45 लाख रुपए का गबन कर लिया गया है।गबन का आरोप दुकान के चार कर्मचारियों गोवर्धन ठाकुर, निरंजन उरांव, राकेश कुमार और सौरभ कुमार सिंह पर लगा है।इस मामले में सरकारी शराब दुकानों से पैसा वसूली के लिए नियुक्त कंपनी एमएस फ्रंटलाइन बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक सर्वजीत कुमार ने चारों के खिलाफ लालपुर थाने में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### क्या है एफआईआर में

कंपनी के प्रबंधक की ओर से थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि आरोपियों ने जुलाई 2023 से फरवरी 2025 के बीच गबन किया है।इसका खुलासा ऑडिट के बाद भौतिक सत्यापन के दौरान हुआ है।जिसमें पाया गया कि जुलाई 2023 से फरवरी 2025 के बीच करीब 16 करोड़ की शराब दुकान में होनी चाहिए थी।लेकिन जांच में यह पता चला कि 27 मार्च 2024 और 25 अक्टूबर 2024 को दुकान में चोरी हुई थी।उस समय 21 लाख की शराब चोरी हुई थी।

उसके बाद जनवरी 2025 को दुकान में आग लग गई थी।जिसमें एक करोड़ से अधिक की क्षति हुई थी।इस हिसाब से 14 करोड़ 66 लाख रुपए सरकारी खाता में जमा होना चाहिए था।मगर 14 करोड़ 21 लाख रुपए ही सरकार के खाते में जमा हुआ।करीब 45 लाख रुपए का गबन किया गया है।वहीं एफआईआर दर्ज होने के बाद लालपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ईजी मनी के चक्कर में साइबर क्राइम की दलदल में फंस रहे युवा, 5 गिरफ्तार

**दुमका, एजेंसी।** जिले में ईजी मनी प्राप्त करने के चक्कर में युवा साइबर क्राइम की दलदल में फंसते जा रहे हैं। शुक्रवार को पुलिस ने 20 - 22 साल उम्र के पांच युवकों को साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया। इन सभी को जेल भेज दिया गया है। दुमका के तालझारी थाना की पुलिस ने प्रतिबिंब एप के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले पांच शातिर ठगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। सभी लोग एक पहाड़ी पर बैठ लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे थे। गिरफ्तार युवकों के नाम वरुण यादव, संजय यादव, विनय यादव, कुंदन यादव और पप्पू मंडल है। ये पांचों 20 - 22 वर्ष के हैं। पप्पू मंडल साइबर क्राइम के मामले में ही पहले भी जेल जा चुका है।

ये सभी लोग कस्टमर केयर में अपना मोबाइल नंबर डालकर लोगों को शिकार बनाते थे। इसके साथ ही लोगों के मोबाइल फोन पर लॉटरी, इनाम, लोन और अन्य तरीकों से रुपए का लालच देकर अपना शिकार बना लेते थे। पुलिस ने इनके पास से एक बाइक, 11 स्मार्ट फोन, 23 सिम और आठ एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि सूचना मिली कि हेठतीनघरा पहाड़ पर कुछ लोग झाड़ी में बैठकर साइबर ठगी कर रहे हैं। सभी को पकड़ने के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें यह सफलता मिली है। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे गूगल के कस्टमर केयर में अपना मोबाइल नंबर डालकर लोगों को शिकार बनाते थे। ठगी के लिए हर हथकंडा अपनाते थे। ईजी मनी के चक्कर में इस क्षेत्र को अपनाया। एसपी ने बताया कि पप्पू पहले भी साइबर ठगी में जेल जा चुका है।



इनके पास से बहुत सी जानकारी हाथ लगी है, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने जानकारी दी कि साइबर क्रिमिनल को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और पिछले 45 दिनों में 20 से अधिक साइबर को जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि कोई भी आपको आसानी से किसी तरह का इनाम या रुपए नहीं देने वाला है। यह सब साइबर क्रिमिनल्स का जाल होता है। इस अपराध से अगर आप बचाना चाहते हैं तो जागरूक बनिए।

## देवघर में मिड-डे-मील खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी, आनन-फानन में छात्रों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**देवघर, एजेंसी।** जिले के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया विद्यालय में गुरुवार को मध्याह्न भोजन (मिड-डे-मील) खाने के बाद कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ गई।स्कूल से घर पहुंचने के बाद कुछ बच्चों को अचानक उल्टी होने लगी।परिजनों ने बच्चों की स्थिति देखकर उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया।




अस्पताल में बच्चों का इलाज शुरू किया गया।चिकित्सक के अनुसार दो से तीन बच्चों की तबीयत ज्यादा खराब थी।इस कारण उनका इलाज किया जा रहा है और बाकी सभी बच्चों को जांच के बाद घर भेज दिया गया है।हालांकि इस दौरान परिजन काफी सहमे नजर आए।अस्पताल में परिजनों की भीड़ लग गई थी। वहीं, पूरे मामले पर देवघर के जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जैसे ही उन्हें जानकारी मिली उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से बात की।जिसमें बताया गया कि दो-तीन बच्चों की ही तबीयत खराब हुई थी।अन्य बच्चे शक की वजह से अस्पताल में भर्ती हो गए थे।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है।उन्होंने कहा कि जिन दो-तीन बच्चों की तबीयत ज्यादा खराब है उनके संबंध में डॉक्टर से बात कर रहे हैं और उनके इलाज को लेकर निगरानी बनाए हुए हैं।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है।जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि तबीयत खराब होने की वजह मध्याह्न भोजन है या फिर किसी अन्य कारण से बच्चों की तबीयत खराब हुई है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# सेना में महिलाओं की संख्या पर हमेशा से उठते रहे हैं सवाल

सेना में स्त्री-पुरुष समानता सुनिश्चित करने में भारत की प्रगति धीमी रही है। बावजूद इसके, महिलाएं तमाम चुनौतियों को पार करते हुए सेना के तीनों अंगों में अपनी जगह बना रही हैं और धीरे-धीरे अग्रणी भूमिका में भी दिखने लगी हैं। मगर यह संख्या अब भी संतोषजनक नहीं है। पुरुषों के मुकाबले जिस अनुपात में महिलाओं को सेना में अवसर मिलना चाहिए, उस पर प्राय- सवाल उठते रहे हैं। कोई दोराय नहीं कि जब जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं, तो सैन्य बलों में उनकी प्रतिभागिता पर्याप्त रूप से क्यों नहीं बढ़ाई जानी चाहिए? अभी सेना में महिलाओं की उपस्थिति कोई बहुत उत्साहवर्धक नहीं है। शीर्ष न्यायालय ने उचित ही सवाल किया है कि जब महिलाएं रफाल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में उनकी संख्या सीमित क्यों है। वे शीर्ष पदों पर क्यों नहीं नियुक्त हो सकतीं। स्थायी कमीशन के लिए भी सेना में कार्यरत महिलाओं को लंबा संघर्ष करना पड़ा था। अपने अधिकारों के लिए उन्हें कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। तब शीर्ष न्यायालय के एक महत्त्वपूर्ण फैसले के बाद सेना में उच्च पद पर उनके पहुंचने का रास्ता खुला था। स्त्री-पुरुष समानता के सवाल पर अदालतें सरकार को अपनी मानसिकता बदलने की नसीहत देती रही हैं। महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का फैसला सुनाते समय भी जब अदालत ने सरकार को टोका था, तो उसका कहना था कि रक्षा बलों में पुरुष अभी महिला अधिकारियों की कमान स्वीकार करने के लिए मानसिक रूप से प्रशिक्षित नहीं हो पाए हैं। मगर अब तो अग्रिम मोर्चे में महिलाएं कई अहम भूमिकाएं निभाने लगी हैं। सीमित संख्या में ही सही, अगर महिलाएं युद्धक विमान उड़ाने के काबिल हो गई हैं, तो क्या पुरुष वर्चस्व की मानसिकता नहीं बदलनी चाहिए। सेना की विभिन्न शाखाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के साथ उन्हें युद्ध क्षेत्र में क्यों नहीं तैनात किया जाना चाहिए। आज सेना की सभी चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिलाएं ही कर रही हैं।

# शांति की आस

रूस और यूक्रेन पिछले तीन साल में युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत के इतने करीब कभी नहीं पहुंचे। यूरोप और एशिया को जोड़ने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में गुरुवार को जब दोनों देश आमने-सामने होंगे, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस लड़ाई को रुकवाने के लिए कोई हल निकल आएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी इस दौरान तुर्किये में मौजूद रहने के संकेत दिए हैं, जो सकारात्मक कहा जा सकता है। इस बार उम्मीद ज्यादा इसलिए है, क्योंकि मुलाकात का प्रस्ताव रूस की तरफ से आया है। यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने रूस के सामने 30 दिनों के संघर्षविराम का प्रस्ताव रखा था। मॉस्को ने इसे तो अस्वीकार कर दिया, लेकिन कहा कि वह सीधी बातचीत के लिए तैयार है। अभी तक रूस और यूक्रेन के बीच किसी न किसी मध्यस्थ की मौजूदगी जरूर रही है। पहली बार यह मुलाकात सही अर्थों में द्विपक्षीय होगी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन इसमें खुद मौजूद रहते हैं या उनका कोई प्रतिनिधि जाता है, इस बारे में मॉस्को ने अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, पर उसका वार्ता की मेज तक पहुंचना ही बड़ा डिवेलपमेंट है। रूस और यूक्रेन अगर इस स्थिति तक पहुंचे हैं, तो इसमें ट्रंप की भूमिका से इनकार नहीं कर सकते। दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभालने के पहले से ही उन्होंने युद्ध रुकवाने की बात कहनी शुरू कर दी थी। यूक्रेन को लेकर ट्रंप और उनके डेप्युटी जेडी वेंस के रवैये की आलोचनाओं के बावजूद यह मानना होगा कि अमेरिका ने हिचक तोड़कर रूस से सीधी बात की। उसने सभी पक्षों पर लड़ाई रोकने का दबाव बनाया है। इस सीधी मुलाकात के लिए भी जब रूस की तरफ से प्रस्ताव आया तो ट्रंप ने यूक्रेन को सुझाव दिया कि उसे तुरंत इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। यूरोप चाहता था कि सीजफायर स्वीकार न करने की स्थिति में रूस पर नए प्रतिबंध लगाए जाएं और अमेरिका इसमें साथ दे।

# मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

(ललित गर्ग)

*परिवार एक संसाधन की तरह होता है। फिर क्या कारण है कि आज किसी भी घर-परिवार के वातायन से झांककर देख लें-दुख, चिंता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, पक्षपात, विवाद, विरोध, विद्रोह के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ होगा।*

वैश्विक परिवार दिवस दुनिया भर के लोगों में प्यार, सद्भाव, एकता को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित विश्व उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन की स्थापना की। परिवार हमें एकसूत्रता में बांधता है, रिश्तों की अहमियत को गहराई से समझाता है, सभी पारिवारिकजनों में प्यार बढ़ाता है। हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करते हुए बेहतर इंसान बनाने में करता है। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनियाभर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए, 1993 में इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया। जैसाकि दुनिया दोहा, कतर में 4-6 नवंबर 2025 में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, तब अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस सतत विकास को आगे बढ़ाने में परिवार-उन्मुख नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जो गरीबी उन्मूलन, सभ्य कार्य और सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियांः सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को उजागर किया जाएगा, जिसमें सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विकास एजेंडा में परिवार-केंद्रित नीतियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। परिवार में रिश्तों की एक मज़बूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। हमारा यह फ़र्ज़ है कि इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में पारिवारिक एकता पर हमेशा से बल दिया जाता रहा है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है, प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है। आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहां है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से जहां बुढ़ापा कांप उठता है, वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नहीं होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। आदमी की हर कोशिश 'घर-परिवार' बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है। परिवार एक संसाधन की तरह होता है। फिर क्या कारण है कि आज किसी भी घर-परिवार के वातायन से झांककर देख लें-दुख, चिंता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, पक्षपात, विवाद, विरोध, विद्रोह के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ होगा। विचारभेद मनभेद तक पहुंचा देगा। विश्वास संदेह में उतर आएगा। ऐसी अनकही तनावों की भीड़ में आदमी सुख के एक पल को पाने के लिए तड़प जाता है। कोई किसी के सहने/समझने की कोशिश नहीं करता।

# आपरेशन सिंदूर से नुकसान तो चीन को हुआ

(अशोक मधुप)

हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है। कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नहीं हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिस्तान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश। भारत के चार दिवसीय आपरेशन सिंदूर को लेकर हुए युद्ध विराम की सबसे बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपनी?अपनी सफलता पर प्रसन्न है। दोनों जश्न मना रहे हैं, किंतु इस युद्ध से सबसे ज्यादा लाभ भारत को हुआ है, और सबसे ज्यादा नुकसान युद्ध से दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे चीन को। भारत युद्ध में अपने शस्त्रों विशेषकर मिसाइलों की गुणवत्ता और सटीकता को पूरी दुनिया में साबित करने में कामयाब रहा। इससे भारत में बनी रक्षा प्रणालियों और हथियारों को लेकर माँग अब बढ़ेंगी। हालाकि चीन युद्ध में शामिल नहीं था किंतु पाकिस्तान उसके अस्त्र-शस्त्रों के बल पर जंग के मैदान में था। चीन के बने उपकरण पहले ही अपनी निम्न क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध थे। इस युद्ध में तो उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने और चीन के सामान की शाख मिट्टी में मिला दी। चीन अब सफाई में भले ही यह कह रहा है कि उसके उपकरण सही हैं, पाकिस्तानी सैनिकों पर उन्हें चलाना नही आया। चीन अब कुछ भी सफाई ने किंतु कोई भी देश अब ये मानने को तैयार नहीं कि चीन के शस्त्र किसी काम के हैं। इस चार दिनी युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान चीन को हुआ। चीन अब कुछ भी तर्क दे, कोई भी दावा करे, अब कोई उसकी बात पर यकीन करने वाला नही है। पाकिस्तान वर्तमान में चीन के बनाए हुए एचक्यू16 और एचक्यू-9 एयर डिफेन्स सिस्टम का इस्तेमाल करता है। एचक्यू-9 जहाँ 125 किलोमीटर तो एचक्यू-16 लगभग 50 किलोमीटर की रेंज वाला एयर डिफेन्स सिस्टम है। पाकिस्तान के लिए चीन ने इसमें बदलाव किए, इसके बावजूद इसका कोई फायदा नहीं हुआ है। ये सिस्टम न तो भारत के द्रोण रोक सके और नहीं मिसाइल। यह एक भी भारतीय मिसाइल, ड्रोन या लोइटेरिंग म्युनिशन नहीं पकड़ पाए। भारत ने तो इन डिफेन्स सिस्टम को ही तबाह कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जेएफ-17 लड़ाकू विमान भी बेचा। पाकिस्तान को इसका भी कोई लाभ न मिल सका। पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन में बने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चीन के विंग लूँग और सीएच सेकेण्ड ड्रोन इस्तेमाल किए थे। इन्हें भी भारत ने सीमा पर ही मार गिराया है। इनमें से कोई भी ड्रोन भारत के किसी टार्गेट को हिट नहीं कर पाया। हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है। कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नहीं हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिस्तान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश। इतना जानने के बावजूद हम भारतवासी सस्ते के चक्कर में चीन का बना सामान धड़ल्ले से खरीदते हैं। कभी चीन से विवाद के समय ही हमारी देशभक्ति जागती है, वह भी कुछ दिन के लिए और मात्र फेसबुक तक। यदि आधे भारतवासी ही एक साल के लिए चीन के बने सामान का बायकाट कर दें तो चीन घुटनों में आ जाए। कुछ साल के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा से मुंह मोड़कर देखिए। चीन रास्ते पर आ जाएगा। लगभग 50 के आसपास अरब देश हैं किंतु दो अरब देश तुर्की और अज़रबैजान ही इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े नजर आए। इस लड़ाई में पाकिस्तान ने तुर्की में बने 40 से ज्यादा द्रोण का इस्तमाल किया, हालाकि ये सभी रास्ते में मार दिए गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.75 लाख भारतीय तुर्की गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.5 लाख भारतीय अज़रबैजान के बाकू गए। 2022-2024 के दौरान अज़रबैजान में भारतीय पर्यटकों के आगमन में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और अज़रबैजान में औसत प्रवास समय 4-6 दिन है। तुर्की में भारतीयों का औसत प्रवास 7-10 दिन है। कुल मिलाकर, भारतीय अज़रबैजान की अर्थव्यवस्था में सालाना 1,000-1,250 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5734

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5733

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 5734

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | | 6 |
| 7 | | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | 8 | 9 | 10 | |
| 11 | 12 | | | ■ | 13 | | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| 19 | | | ■ | 20 | | | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 20 जून 2001 को इन्हें पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनाया गया (8)
7. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
8. शैलीकार को यह भी कहते है (4)
11. ये छत्रपति शिवाजी के गुरू थे (4)
13. किन्हीं दो स्थानों के बीच दूर तय करने वाली विभक्ति, पर्यंत (2)
14. माता का वह दुलार या लाड़-प्यारजो उसकी संतान पर होता है (3)
15. रामायणनुसार यह सुग्रीव का भ्राता तथा अंगद का पिता था, कान में पहनने का आभूषण, कर्ण श्रृंगार (2)
17. कार्य या शक्ति का मात्रक (2)
18. दायक, देने वाला (2)
19. आरजू, तमन्ना, हसरत, आकांक्षा (3)
20. आलोकित, दीप्त, चमकता हुआ (4)
21. फतह (2)
22. सड़क पथ, मार्ग (2)

**ऊपर से नीचे**
1. जनदग्नि के पुत्र जो ईश्वर के सोलहवें अवतार माने जाते है, वैशाख शुक्ल तीज को इनकी जयंती मनाई जाती है (5)
2. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
3. तनख्वाह या वेतन देने वाला (5)
4. किसी मंत्र आदि को बारंबार दोहराना, नाम स्मरण (2)
5. गठरी, पोटली, बंडल, मोटरी (3)
6. भिक्षुक, संयासी, दरवेश, भिखमंगा (3)
9. रंग-बिरंगे पंख वाला कीट, इसे चित्रपतंग भी कहते है (3)
10. काग, कौआ (2)
12. ममतापूर्ण, माता के लाड़-प्यार से भरा हुआ (5)
15. रामायण का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्यकाल का वर्णन है (4)
16. औलाद, संतति, पुत्र या पुत्री (3)
18. जो रिश्तें में बेटी का पति हो, जंवाई (3)
19. बटन का घर, कार्य, मंगलोत्सव (2)

### वर्ग पहेली 5733 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | हु | ल | गां | धी | ■ | ना | ते |
| म | त | ■ | धा | र | क | ■ | ज |
| च | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| रि | वा | ज | ■ | ■ | न | मा | ना |
| त | ■ | बू | टा | ■ | ज | ल | न |
| मा | हि | र | ■ | क | र | ■ | क |
| न | त | ■ | ■ | पा | बं | दी | ■ |
| स | ■ | ■ | फ | ल | द | ■ | ■ |

# आज का राशिफल

## मेष
आज दिन कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने का है। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिनका सही ढंग से निर्वहन करना आपको वरिष्ठों की दृष्टि में ऊंचा स्थान देगा। वित्तीय रूप से दिन संतुलित रहेगा, लेकिन कोई पुराना भुगतान अटक सकता है। संपत्ति या वाहन संबंधित लेनदेन की योजना बन सकती है।

## वृष
आज दिन आर्थिक दृष्टि से उन्नतिदायक है। शुक्र की शुभ स्थिति आय के नवीन स्रोत खोल सकती है, विशेषकर सौंदर्य, कला, फैशन, डिजाइनिंग व मीडिया से जुड़े व्यवसायों में लाभ का योग है। व्यापार में कोई पुराना साझेदार पुनः संपर्क कर सकता है जिससे नया विस्तार संभव है। नौकरी में पदोन्नति या प्रोत्साहन मिलने की प्रबल संभावना है।

## कर्क
आज दिन व्यस्तता और आर्थिक दबावों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा तीव्र हो सकती है, जिससे तनाव महसूस होगा। लेकिन यदि आप संयमित ढंग से निर्णय लेंगे तो परिणाम आपके पक्ष में आएंगे। मीडिया, संचार, प्रिंटिंग व रियल एस्टेट से जुड़े जातकों को विशेष अवसर मिल सकता है।

## सिंह
आज दिन आर्थिक योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु उपयुक्त है। कार्यस्थल में स्थानांतरण या विभागीय परिवर्तन की संभावना बन रही है जो आपके पक्ष में साबित हो सकता है। उच्च अधिकारियों से संबंधों में सुधार होगा और कोई नई जिम्मेदारी आपके करियर को नई दिशा दे सकती है। व्यवसाय में क्लाइंट बेस बढ़ेगा।

## मिथुन
आज दिन धैर्य और विवेक के साथ निर्णय लेने का है। नौकरी में प्रतिस्पर्धा के बावजूद आपकी परिपक्व सोच आपको आगे बढ़ा सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से मतभेद हो सकते हैं, इसलिए शांत रहना लाभदायक रहेगा।

## कन्या
आज दिन व्यापारिक निर्णयों के लिए अनुकूल है। साझेदारी में चल रहे व्यापार को विस्तार देने या किसी नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत के लिए उत्तम समय है। बैंकिंग, अकाउंटिंग, परामर्श या लॉ से जुड़े जातकों को करियर में उन्नति मिलेगी।

## तुला
आज आज का दिन व्यापार में रणनीतिक योजना के निर्माण और कार्यान्वयन के लिए श्रेष्ठ है। व्यापारियों के लिए डील फाइनल होने के योग हैं, विशेषकर यदि वह निर्माण, माइनिंग या टेक्निकल क्षेत्र से संबंधित हो। नौकरी में आपकी परफॉर्मेंस नोटिस में आएगी और आपके प्रयासों को मान्यता मिल सकती है।

## वृश्चिक
आज दिन विशेष आर्थिक लाभदायक साबित हो सकता है। पुराने संपर्कों से लाभ मिलने की संभावना है, विशेषकर व्यापार में। यदि आप स्टार्टअप चला रहे हैं तो कोई फंडिंग या निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा और आपको उच्च अधिकारियों की सराहना मिल सकती है।

## मकर
आज दिन अत्यधिक व्यस्तता वाला हो सकता है, लेकिन मेहनत का फल भी मिलेगा। करियर में आगे बढ़ने के अवसर बनेंगे, विशेषकर इंजीनियरिंग, निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग या प्रबंधन क्षेत्र में कार्यरत लोगों को लाभ होगा। आर्थिक दृष्टि से दिन शुभ है, कोई बड़ा ऑर्डर या क्लाइंट मिलने की संभावना है। खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## कुंभ
आज आपको अप्रत्याशित लाभ होने के आसार हैं। कल शनिदेव की कृपा से आपको मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा। इच्छित सफलताएं मिलने से मन खुशी से झूम उठेगा। कल छोटे भाई बहनों और दोस्तों की मदद से आपकी कोई ऐसी परेशानी दूर होगी, जिसकी वजह से आप तनाव में चल रहे थे। नौकरीपेशा जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहने वाला है।

## धनु
आज आज दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। अविवाहित जातकों के लिए रिश्ता आ सकता है। परिवार में माहौल अनुकूल रहेगा। घर से दूर रहे किसी सदस्य का आज आगमन हो सकता है जिससे दिन हंसी खुशी बीतेगा। आज अपने काम ऑनलाइन माध्यम से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

## मीन
आय में वृद्धि के साथ-साथ किसी नयी जिम्मेदारी का भी प्रस्ताव मिलेगा। निवेश के लिए भूमि या फ्लैट खरीदने की योजना को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। आपके कार्यों से बॉस खुश होंगे। कारोबार के विस्तार की योजना बना रहे हैं तो आज का दिन अच्छा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# सड़क हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत



निज संवाददाता | गिरिडीह

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। अम्बाडीह मोड़ के पास घटी यह घटना न केवल एक परिवार की जिंदगी को खत्म कर गई, बल्कि अपने पीछे एक ऐसा मंजर छोड़ गई जो लंबे समय तक लोगों के जेहन में बना रहेगा। रांची से गिरिडीह के सरिया जा रहे इस परिवार की कार तेज रफ्तार में थी। रास्ते में किसी मोड़ पर अचानक नियंत्रण खो बैठी और पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया, उसके परखच्चे उड़ गए, और कार एक मलबे में तब्दील हो गई। कार में सवार परिवार में पिता, मां और एक मासूम बच्चा थे, जो अपने घर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान छोटकी सरिया निवासी आशीष कुमार बर्णवाल, उनकी पत्नी श्वेता बर्णवाल और उनके डेढ़ साल के बेटे पलटू के रूप में हुई है। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों ने जब दुर्घटनाग्रस्त कार को देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बगोदर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की सहायता से कार में फंसे तीनों को बाहर निकाला गया। घायलों को तुरन्त बगोदर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद श्वेता बर्णवाल और मासूम पलटू को मृत घोषित कर दिया। उनकी स्थिति इतनी गंभीर थी कि मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया था। आशीष कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर किया गया, जहां बेहतर इलाज की कोशिश की जानी थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। रास्ते में ही उनकी सांसे थम गईं और उन्होंने भी दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक हादसे की खबर जैसे ही इलाके में फैली, पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख-पुकार सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। एक साथ परिवार के तीन सदस्यों की मौत ने न केवल उनके परिजनों को तोड़ कर रख दिया, बल्कि पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। पड़ोसियों और जानने वालों के अनुसार आशीष और श्वेता एक सामान्य और खुशहाल दंपति थे, जो अपने बच्चे को लेकर जीवन की सामान्य धारा में लौटने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय लोग इस हादसे को लेकर बेहद दुखी हैं और कई लोग अभी भी इस विश्वास से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं कि एक पल में सबकुछ खत्म हो सकता है। सड़क दुर्घटनाएं आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। यह हादसा भी कहीं न कहीं तेज रफ्तार, लापरवाही और शायद सड़क की स्थिति का परिणाम था। फिलहाल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। परिवार के बचे हुए सदस्य, रिश्तेदार और जानने वाले अब इस दुखद समय में अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे हैं।

## सोती हुई महिला की गोली मारकर हत्या

निज संवाददाता | पलामू



पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघामाड़ा गांव में शुक्रवार की रात एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज वारदात घटी, जिसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। गांव की 50 वर्षीय बिमला देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह अपने पति के साथ घर के बाहर खटिया पर सो रही थीं। यह घटना रात करीब 11 बजे की है, जब चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ था और लोग दिनभर की थकान के बाद गहरी नींद में सोए हुए थे। बिमला देवी के पति हरि भुइयां ने बताया कि दोनों पति-पत्नी खाना खाने के बाद खुले आंगन में अलग-अलग खटियों पर लेटे हुए थे। अचानक एक गोली चलने की आवाज ने हरि भुइयां की नींद तोड़ दी। गोलियों की आवाज के साथ ही उन्होंने देखा कि दो से तीन लोग अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग रहे हैं। जब वे घबराकर उठे और अपनी पत्नी के पास पहुंचे तो देखा कि बिमला देवी के सिर से खून बह रहा है और उनकी हालत बेहद गंभीर है। उन्होंने शोर मचाया, जिससे परिवार के अन्य सदस्य और पड़ोसी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बिमला देवी की सांसें थम चुकी थीं। इस वीभत्स हत्या की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की छानबीन शुरू की। घटनास्थल से पुलिस ने 9 एमएम के दो खाली कारतूस बरामद किए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बिमला देवी की हत्या नजदीक से और पूरी तैयारी के साथ की गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है, ताकि हत्या के कारणों और परिस्थितियों की विस्तृत जानकारी मिल सके। इस हत्याकांड को लेकर मृतका के परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। बिमला देवी के बेटे राकेश कुमार भुइयां ने बताया कि उनकी मां का गांव के कुछ लोगों से पुश्तैनी जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि बिमला देवी खेतों में किसी भी तरह की जुताई या कब्जा नहीं होने देती थीं, जिससे विवाद और बढ़ गया था। राकेश का संदेह है कि इसी विवाद के चलते उनकी मां को योजनाबद्ध तरीके से मौत के घाट उतार दिया गया है। हरि भुइयां भी मानते हैं कि यह हत्या उसी जमीन विवाद की परिणति हो सकती है, क्योंकि इससे पहले भी परिवार को कई बार धमकियां मिल चुकी थीं, हालांकि कोई ठोस शिकायत नहीं दी गई थी। फिलहाल परिजनों ने अभी तक पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी है, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और हत्यारों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# पूजा-पाठ के सामान के गोदाम में आग लगने से 2 करोड़ से ज्यादा का नुकसान

निज संवाददाता | जमशेदपुर



जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गदड़ा में शुक्रवार की देर रात एक भयावह अग्निकांड ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। यहां पूजा-पाठ की सामग्रियों से भरे एक बड़े गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम में आग लगते ही वहां रखे ज्वलनशील पदार्थों ने भीषण रूप ले लिया और देखते ही देखते ऊंची-ऊंची लपटें आसमान तक उठने लगीं। चारों ओर धुआं फैल गया, जिससे लोगों का दम घुटने लगा और स्थिति इतनी भयावह हो गई कि आसपास के रिहायशी इलाकों के लोग अपने घर छोड़कर भागने लगे। तेज हवाओं ने आग को और भड़का दिया और उसे आसपास की इमारतों तक पहुंचने से रोकना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और जिला प्रशासन हरकत में आया। झारखंड सरकार और टाटा मोटर्स की ओर से कुल छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं, जिनकी मदद से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दमकलकर्मियों ने जोखिम उठाकर अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन भीतर का तापमान और धुआं लगातार बढ़ता जा रहा था। कई बार आग बुझाने के दौरान नई लपटें उठती रहीं, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि गोदाम में रखा सामान अत्यंत ज्वलनशील था। गोदाम में लकड़ी, अगरबत्ती, धूप, पूजा के लिए प्रयोग में आने वाली सजावटी वस्तुएं और अन्य सामान बड़ी मात्रा में रखे गए थे, जो तुरंत आग की चपेट में आ गए। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चला है, लेकिन प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने इस मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं और तकनीकी टीम को घटना स्थल पर भेजा गया है ताकि वास्तविक कारणों की पहचान की जा सके। गोदाम के मालिक का कहना है कि इस दुर्घटना में उनका भारी नुकसान हुआ है।

उन्होंने अनुमान लगाया है कि आग से दो करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो चुकी है। उनका वर्षों का कारोबार और मेहनत एक ही रात में खत्म हो गया। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग भी की है, ताकि इस नुकसान की कुछ भरपाई की जा सके। वहीं पुलिस और स्थानीय प्रशासन की ओर से पूरे घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है और लोगों को चेताया गया है कि वे किसी भी स्थिति में वहां न जाएं क्योंकि गोदाम की संरचना अब अस्थिर हो चुकी है और गिरने का खतरा बना हुआ है। रातभर चले राहत और बचाव कार्य के दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इस दौरान कुछ लोगों को हल्की चोटें भी आईं, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई। दमकलकर्मियों की सूझबूझ और तेजी से की गई कार्रवाई ने एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया, वरना यह आग आसपास के रिहायशी इलाकों में फैल सकती थी और जनहानि भी हो सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोदाम काफी पुराना था और उसमें सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। न तो वहां अग्निरोधी उपकरण मौजूद थे और न ही बिजली की व्यवस्था सुरक्षित ढंग से की गई थी। अब इस घटना के बाद प्रशासन ने ऐसे सभी वाणिज्यिक परिसरों की जांच शुरू करने की बात कही है, जहां ज्वलनशील सामग्री रखी जाती है, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई दुर्घटना न हो।

# बैंक लूट की योजना बनाते पिस्टल और कारतूस के साथ तीन युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता | पलामू



जिले में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जो एक बैंक लूट की योजना बना रहे थे। शुक्रवार को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ढेला चौक के पास स्थित एक ग्रामीण बैंक के आस-पास कुछ संदिग्ध लोग रेकी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान पाटन के सतौआ गांव के निवासी अंकेश भुइयां (25), कुलदीप कुमार (20) और लेस्लीगंज के अखौरीपतरा गांव के निवासी जितेन्द्र भुइयां (22) के रूप में हुई है। इन तीनों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उनका पूरी तरह से तलाशी ली, जिसमें से कई अहम सुराग सामने आए। तलाशी के दौरान जितेन्द्र के पास एक लोडेड देशी कट्टा और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसमें अवैध हथियारों के साथ उसकी कई तस्वीरें मिलीं। यह तस्वीरें इस बात की गवाही देती हैं कि जितेन्द्र ने इस प्रकार के अपराधों में पहले भी भाग लिया हो सकता है।

इसके अलावा, कुलदीप के पास से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों से एक बाइक भी जब्त की, जिसे वे लूट की योजना के तहत इस्तेमाल करने वाले थे। लेस्लीगंज के एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने बताया कि इन तीनों आरोपियों का अब तक कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था, लेकिन उनकी संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। इस ऑपरेशन में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पांच पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, और अब पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि उनके साथ और कौन लोग शामिल हैं, और उनका मकसद क्या था।

## 50 हजार की चेन लूटकर बदमाश हुए फरार

जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) (नि.सं.)। जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में चेन स्नैचिंग की एक और घटना सामने आई है। छोटा दुर्गा पूजा मैदान के पास मॉर्निंग वॉक कर रही संजना झा से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली। पीड़िता ने बताया कि वह सुबह की नियमित सैर पर निकली थीं। दो युवक बाइक पर उनका पीछा कर रहे थे। दुर्गा पूजा मैदान के पास एक युवक ने बाइक से उतरकर उनकी करीब 50 हजार रुपए की सोने की चेन छीन ली। स्थानीय निवासी विजय नारायण के अनुसार, पिछले 15 दिनों में यह क्षेत्र में दूसरी चेन स्नैचिंग की घटना है। इससे पहले भी एक महिला को निशाना बनाया गया था। इन घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अपराधियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तुरंत सूचना के बावजूद पुलिस अपराधियों को पकड़ने में विफल रही है।

# पलामू जिले में पुलिस और टीएसपीसी के बीच हुई मुठभेड़, पुलिस ने मौके से कई सामान किया बरामद

## मनातू के होटवार जंगल में चलाया गया सर्च अभियान

- 2 मई को भी हुई थी शशिकांत के दस्ते के साथ मुठभेड़
- 10 लाख का इनामी कमांडर शशिकांत फरार



निज संवाददाता | गोड्डा

पलामू जिले में पुलिस और तृतीय सम्मेलन पीपुल्स कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादियों के बीच ताजा मुठभेड़ ने एक बार फिर राज्य में नक्सली गतिविधियों को लेकर चिंता पैदा कर दी है। यह घटना मनातू थाना क्षेत्र के होटवार जंगल में हुई, जहां पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का 10 लाख रुपये का इनामी कमांडर शशिकांत गंझू अपने दस्ते के साथ किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा है। सूचना के बाद, पुलिस ने एसपी अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में इस क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया था। सर्च ऑपरेशन के दौरान उग्रवादियों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से कई सामान बरामद किए, जिनकी जांच की जा रही है।

हालांकि, इस मुठभेड़ में दो उग्रवादियों के घायल होने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन वे अपनी जान बचाने में सफल रहे और घायल अवस्था में ही मौके से फरार हो गए। इनका साथ देने वाले अन्य उग्रवादी भी मौके से भाग गए। इस मुठभेड़ को लेकर पलामू पुलिस ने पुष्टि की है कि यह शशिकांत के दस्ते के साथ हुई थी। खास बात यह है कि यह दूसरी मुठभेड़ थी, जो शशिकांत के दस्ते के साथ पिछले 16 दिनों में हुई है। इससे पहले, 2 मई को तरहसी थाना क्षेत्र के सिंजो महुअरि जंगल में भी पुलिस और शशिकांत के दस्ते के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें कुछ उग्रवादी घायल हुए थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान लगातार जारी रहेगा। एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक के आदेशों के तहत इन क्षेत्रों में सख्त अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि उग्रवादियों की गतिविधियों को पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सके।

# आधार कार्ड अपडेट के नाम पर साइबर ठगी करने वाले चार अपराधी गिरफ्तार, आठ मोबाइल और 13 सिम कार्ड जब्त

निज संवाददाता | जामताड़ा



जामताड़ा जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये अपराधी आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे। पुलिस ने करमाटाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम बरमसिया में छापेमारी कर आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों में सुहेल अंसारी (21), भुदेव मंडल उर्फ माईकल (24), इकरामुल अंसारी (27) और रमजान अंसारी (32) शामिल हैं। पुलिस को इन आरोपियों से 8 मोबाइल फोन और 13 सिम कार्ड बरामद हुए हैं, जो ठगी के अपराध में इस्तेमाल किए जाते थे। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह साइबर अपराध के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाता था। आरोपियों ने एक शातिर तरीका अपनाया था, जिसके तहत वे आधार कार्ड को अपडेट करने का झांसा देकर लोगों को व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजते थे। जैसे ही पीड़ित व्यक्ति इस फाइल को इंस्टॉल करता, उनकी मोबाइल स्क्रीन हैक हो जाती थी। इस हैकिंग के माध्यम से ये अपराधी पीड़ितों के ई-वॉलेट से पैसे निकाल लेते थे। पुलिस ने बताया कि यह अपराधी नेटवर्क बहुत व्यापक था, और उनका कार्यक्षेत्र सिर्फ जामताड़ा तक सीमित नहीं था, बल्कि पश्चिम बंगाल, बिहार और ओडिशा के कई हिस्सों तक फैल चुका था। ऐसे मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, और यह गिरोह इस तरह के अपराधों को एक संगठित तरीके से अंजाम दे रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने यह भी पाया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से कुछ का पहले भी साइबर अपराध में नाम आ चुका है। सुहेल अंसारी और भुदेव मंडल उर्फ माईकल पहले भी इस प्रकार के अपराधों में आरोपी रहे हैं, और अब इनकी गिरफ्तारी ने पुलिस को यह उम्मीद दी है कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों तक भी जल्द पहुंचा जा सकेगा। इस मामले में जामताड़ा साइबर अपराध थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है, और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के अपराधों से बचने के लिए आम जनता को जागरूक किया जाएगा, और साथ ही साइबर सुरक्षा के उपायों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जाएगी।

## पशुओं को खुरिया रोग से बचाव हेतु बांटा गया दवा

पाकुड़ (नि.सं.)। प्रखंड पशु चिकित्सालय में प्रखंड के सभी वैक्सीनेटरों के बीच एफएमडी एवं एलएसडी नामक दवा का वितरण किया गया। इस बावत जानकारी देते हुए प्रखंड भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमर कुमार ने बताया कि आगामी सोमवार से पशुओं में होनेवाली खुरिया एवं गांठ रोग से गाय, बैल, बछिया के बचाव को लेकर वैक्सीनेशन कार्यक्रम की शुरुआत वैक्सीनेटरों द्वारा की जा रही है। उन्होंने पशुपालकों से अपने पालतू जानवरों को यह टीका जरूर करवा लेने की अपील की है। डॉ. अमर ने कहा कि इससे पशुओं के रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। साथ ही इससे खुरिया, गांठ सहित कई अन्य बीमारियों से जानवरों की रक्षा होती है। प्रखंड के कुल 10 वैक्सीनेटरों के बीच इस दवा का वितरण किया गया है।

# गैस रिसाव की चपेट में आने से झुलसे दंपती

निज संवाददाता | गुमला

गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें एक दंपती गैस रिसाव की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। यह घटना दुरदुरिया गांव की है, जहां 48 वर्षीय गौरी उरांव और उनके 58 वर्षीय पति रंथू उरांव के जीवन में एक सामान्य सुबह ने भयावह मोड़ ले लिया। सुबह के समय जब दोनों पति-पत्नी चाय बनाने के लिए किचन में पहुंचे, तब उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि वहां जानलेवा खतरा उनका इंतजार कर रहा है। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर में रात से ही धीमे-धीमे रिसाव हो रहा था, लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह जब गौरी उरांव ने चूल्हा जलाने के लिए माचिस जलाई, तो पूरी रसोई में पहले से जमा हो चुकी गैस ने अचानक आग पकड़ ली। एक पल में ही किचन आग की लपटों में घिर गया और दंपती की चीख-पुकार गूंजने लगी। घटना के वक्त घर में दोनों ही मौजूद थे, उनके बच्चे किसी कारणवश घर से बाहर थे, जो शायद उनके लिए किसी चमत्कार से कम नहीं रहा, वरना हादसे की भयावहता और बढ़ सकती थी। आसपास के लोगों ने जब चीखें सुनीं तो वे दौड़ते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। लपटों और धुएं से भरे घर से दोनों को निकालना बेहद कठिन था, लेकिन ग्रामीणों की तत्परता और हिम्मत ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला। तत्काल स्थानीय लोग उन्हें गंभीर अवस्था में गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मौजूद डॉक्टर श्वेता कुमारी ने उनकी स्थिति की गंभीरता को समझते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया। दोनों पति-पत्नी के शरीर का बड़ा हिस्सा जल चुका है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। डॉक्टरों का कहना है कि जलन इतनी गंभीर है कि उन्हें विशेष देखभाल और इलाज की जरूरत है, जो केवल उच्च स्तरीय चिकित्सा केंद्र में ही संभव है। रिम्स में इलाज के लिए उन्हें एंबुलेंस से रवाना किया गया, जहां प्लास्टिक सर्जन और बर्न यूनिट की निगरानी में उनका इलाज शुरू किया जाएगा। घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गैस सिलेंडर की नियमित जांच और सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि एक छोटी सी चूक भी जानलेवा साबित हो सकती है। गौरी और रंथू उरांव साधारण ग्रामीण जीवन जीने वाले लोग हैं, जिनका दिन खेती और घरेलू कार्यों में गुजरता था। यह हादसा उनके जीवन को पूरी तरह बदल चुका है, और अब उनके परिजन और गांववाले उनकी सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से इस घटना पर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से चिकित्सा सहायता और आर्थिक राहत दी जाएगी।

# बोकारो स्टील प्लान्ट का ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर हुआ आरंभ

निज संवाददाता | गोड्डा



बोकारो स्टील प्लान्ट के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर- 2025 का शुभारंभ 17 मई को हुआ। शिविर का उद्घाटन मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ) कुंदन कुमार ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सी आर के सुधांशु, महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) ए के अविनाश, सहायक महा प्रबंधक (क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएँ) सुभाष रजक समेत अन्य वरीय अधिकारी विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक, मीडिया कर्मी, बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित थे। उद्घाटन के पश्चात् रजक ने बच्चों तथा अभिभावकों को 03 जून तक चलने वाली इस शिविर के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 08 से 15 साल तक के लगभग 478 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है।

बच्चों को 12 अलग-अलग खेलों के प्रशिक्षकों द्वारा शिविर के दौरान प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन खेलों में एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बास्केटबाल, क्रिकेट, फ़ुटबाल, हैंडबाल, हॉकी, कबड्डी, खोखो, वालीबाल, शतरंज एवं तीरंदाजी शामिल हैं। इन खेलों के प्रशिक्षण अलग-अलग स्थानों पर दिए जाएंगे जहां समुचित सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर 03 जून तक चलेगा।

## गुटका, तम्बाकू बेचनेवाले पांच दुकानों से वसूला जुर्माना

पाकुड़ (नि.सं.)। बीडीओ के निर्देशानुसार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सहायक अभियंता रोहित गुप्ता एवं पुलिस अधिकारी ने मिलकर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बसंतपुर सोरला, बन्नोग्राम, चौकीसाल आदि गांवों में दुकानदारों को तम्बाकू गुटखा आदि निषिद्ध पदार्थ बिक्री करते पाया गया। जिनसे चेतावनी दंड स्वरूप पांच दुकानदारों से सांकेतिक दंडस्वरूप एक हजार रुपया फाइन लिया गया और भविष्य में गुटखा, तम्बाकू, सिगरेट आदि निषिद्ध पदार्थ नहीं बेचने की कड़ी हिदायत दी गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे निषिद्ध पदार्थ की बिक्री एवं सेवन प्रतिबंधित है। भविष्य में जांच के दौरान अगर दुकानों पर गुटखा तंबाकू पाए जाते हैं तो तम्बाकू निषेध अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि तम्बाकू व गुटका बेचना दंडनीय अपराध है। इसे बेचना बन्द करे, भविष्य में पकडे जाने पर बड़े आर्थिक दण्ड के साथ कानूनी करवाई भी की जा सकती है।

# बरौनी-हल्दिया पाइप लाइन से क्रूड ऑयल चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया, टैंकर और चोरी के औजार बरामद

निज संवाददाता | देवघर



देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र से एक बड़ी चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है, जिसमें बरौनी-हल्दिया पाइपलाइन से क्रूड ऑयल की चोरी की गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक निताय हाजरा है, जो सारवां थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव का निवासी है, जबकि दूसरा आरोपी मनोज यादव है, जो देवघर थाना क्षेत्र के रिखिया गांव का निवासी है। मधुपुर पुलिस को एक सप्ताह पहले इस वारदात की सूचना मिली थी, जब बदिया गांव के पास पाइपलाइन में छेड़छाड़ कर क्रूड ऑयल चोरी किया गया था। पुलिस ने आरोपियों से एक बाइक, 17 हजार रुपये नगद, और तेल चोरी करने के लिए इस्तेमाल किए गए उपकरण बरामद किए हैं। चोरी में शामिल टैंकर को कोडरमा थाना क्षेत्र में रखवाया गया है, और मामले की जांच जारी है। यह पहली बार नहीं है जब इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की पारादीप-हल्दिया-बरौनी भूमिगत पाइपलाइन को निशाना बनाया गया हो। पिछले एक साल में देवघर और जामताड़ा जिलों में कुल चार बार पाइपलाइन पर इस तरह के हमले हो चुके हैं। यह गंभीर मामला है, और पुलिस मुख्यालय ने इस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष टीमों का गठन किया है, ताकि इन अपराधों का पर्दाफाश किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, इन चोरी की वारदातों के पीछे एक तकनीकी रूप से दक्ष और संगठित गिरोह का हाथ है, जो पाइपलाइन में छेड़छाड़ करने के लिए उन्नत तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल करता है।

पाइपलाइन में ज्वलनशील क्रूड ऑयल का परिवहन होता है, और इससे छेड़छाड़ करने पर विस्फोट का खतरा हो सकता है, जो न सिर्फ जानमाल के नुकसान का कारण बन सकता है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी बेहद नुकसानदेह हो सकता है। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और यह आशंका जताई जा रही है कि इन चोरी की घटनाओं में एक बड़ा गिरोह शामिल हो सकता है। इन घटनाओं ने पाइपलाइन सुरक्षा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं, और अब तक की जांच से यह स्पष्ट हो रहा है कि इन चोरी की घटनाओं के पीछे किसी बाहरी गिरोह का हाथ हो सकता है जो इस क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय है। इन घटनाओं के पीछे एक बड़ा गिरोह होने की आशंका जताई जा रही है, जो एक योजना के तहत पाइपलाइन से तेल चोरी कर इसे अपने लाभ के लिए बेचता है। पुलिस को यह भी पता चला है कि इन चोरों का नेटवर्क इतना मजबूत और संगठित है कि यह किसी भी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर अपने काम को अंजाम दे देता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# अफगानों के लिए फिर पसीजा भारत का दिल, अटारी के रास्ते 160 ट्रकों को दी स्पेशल एंट्री




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एक बार फिर अफगानिस्तान के प्रति अपनी दरियादिली दिखाते हुए अटारी-वाघा सीमा के रास्ते 160 अफगान ट्रकों को विशेष प्रवेश की अनुमति दी है। ये ट्रक सूखे मेवे और नट्स जैसे सामान लेकर भारत पहुंचे हैं। यह कदम भारत और तालिबान के बीच हाल ही में हुई पहली राजनीतिक बातचीत के बाद उठाया गया है।

## भारत-तालिबान के बीच पहला राजनीतिक संपर्क

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी। यह भारत और तालिबान के बीच पहला औपचारिक राजनीतिक संपर्क था। मुत्ताकी ने ईरान और चीन की अपनी आगामी यात्रा से पहले जयशंकर को फोन किया था। यह कुछ ऐसा है जिसे भारत बहुत महत्व देता है। इस बातचीत के अगले ही दिन भारत ने अफगान ट्रकों को अटारी सीमा के रास्ते प्रवेश की अनुमति दी। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने शुरू में वाघा सीमा पर इन ट्रकों की मंजूरी में देरी की, लेकिन शुक्रवार को कुछ ट्रकों को अटारी में उतारने की अनुमति दी गई।

## पहलगाम हमले के बाद तनाव

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके बाद भारत ने 24 अप्रैल को अटारी-वाघा सीमा को बंद कर दिया था। इस हमले के लिए भारत ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया।

भारत ने ट्रांसशिपमेंट की सुविधा सहित सभी व्यापार को निलंबित कर दिया। इसके बावजूद, अफगानिस्तान के लिए भारत ने यह विशेष छूट दी है।

## अफगानिस्तान के साथ भारत का व्यापार

भारत दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, जहां दोनों देशों के बीच लगभग 1 बिलियन डॉलर का व्यापार होता है। अफगानिस्तान से भारत में मुख्य रूप से सूखे मेवे, सेब और अन्य सामान आते हैं। अटारी-वाघा सीमा भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार का सबसे सस्ता और तेज मार्ग है। सीमा बंद होने से पहले प्रतिदिन 40-45 अफगान ट्रक अटारी पहुंचते थे।

## पाकिस्तान की भूमिका

पाकिस्तान ने अप्रैल में सीमा बंद होने के बाद 150 अफगान ट्रकों को भारत में प्रवेश की अनुमति दी थी, जो 25 अप्रैल से पहले पाकिस्तान में दाखिल हो चुके थे। इस बार भी पाकिस्तान ने अफगान दूतावास के अनुरोध पर कुछ ट्रकों को मंजूरी दी। हालांकि, भारत-पाकिस्तान व्यापार और लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध जारी है।

## मानवीय सहायता में भारत का योगदान

भारत ने 2021 के बाद से अफगानिस्तान को 50,000 टन गेहूं, 350 टन दवाइयां, 40,000 लीटर मालाथियॉन (कीटनाशक) और 28 टन भूकंप राहत सामग्री भेजी है। इसके अलावा, भारत ने 2,000 अफगान छात्रों को ऑनलाइन स्कॉलरशिप प्रदान की है। सूत्रों ने बताया कि अफगान पक्ष ने इस सहायता की सराहना की है।

## भारत-तालिबान संबंधों में सुधार

पहलगाम हमले के बाद तालिबान ने हमले की निंदा की और भारत के साथ एकजुटता दिखाई। तालिबान ने पाकिस्तान के उन दावों को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि भारत ने अफगानिस्तान पर मिसाइल दागे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस साल की शुरुआत में दुबई में मुत्ताकी से मुलाकात की थी, जिसके बाद से भारत अफगानिस्तान में अपने परियोजनाओं को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। भारत ने अफगान शरणार्थियों के लिए मानवीय सहायता पर विचार करने का संकेत दिया है, जिन्हें पाकिस्तान से निष्कासित किया गया है। हालांकि, तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता देने का फैसला अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रुख पर निर्भर है, जो तालिबान की समावेशी शासन और महिलाओं पर प्रतिबंध हटाने की नीतियों पर सवाल उठाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल कांग्रेस ने केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को बेनकाब करने की योजना में शशि थरूर को शामिल करने के प्रस्ताव का स्वागत किया



**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को बेनकाब करने की योजना में शशि थरूर को शामिल करने के प्रस्ताव का स्वागत किया है। कांग्रेस की राज्य इकाई ने उन सभी रिपोर्ट्स का स्वागत किया जिनमें पार्टी के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर को मल्टी पार्टी डेलीगेशन का हिस्सा बनाकर विदेश भेजा जाएगा। इस डेलीगेशन का उद्देश्य दुनिया भर में चल रहे आतंकवाद में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करना होगा।

शशि थरूर को प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने की रिपोर्ट पर केरल कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में कांग्रेस इकाई में ने लिखा कि देश को वैश्विक स्तर पर एक विश्वसनीय प्रतिनिधि की आवश्यकता है। पार्टी ने कहा, ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री मोदी और उनके विदेश मंत्री जयशंकर ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विश्वसनीयता को खो दिया है तो इस समय राष्ट्र को एक ऐसी आवाज की आवश्यकता है जो सम्मान प्राप्त कर सके। देश की आवाज को वैश्विक स्तर पर मुखरता के साथ रख सके। हम भाजपा के भीतर प्रतिभा की कमी को पहचानते हैं और देश के नेतृत्व के लिए एक कांग्रेसी नेता को चुनने के लिए सरकार की सराहना करते हैं।

इसके साथ ही केरल कांग्रेस ने इस बात पर पूरा भरोसा जताया कि शशि थरूर वैश्विक स्तर पर भारत के पक्ष को बड़ी मजबूती के साथ रखेंगे। इसके साथ ही वह मोदी सरकार द्वारा की गई पिछली कूटनीतिक भूलों को भी सुधारने में मदद करेंगे।

कई रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार वैश्विक स्तर पर आतंकवाद में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करने के लिए एक बड़ी कूटनीतिक पहल शुरू करने जा रही है।

### पादरी से मिलने को एलओसी पार कर पाकिस्तान पहुंच गई सुनीता, ऑनलाइन हुई थी पहचान




**करगिल, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच नागपुर की 43 साल की महिला सुनीता कश्मीर के करगिल जिले के अंतिम गांव से नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान पहुंच गई। इस घटना ने भारतीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों को हैरानी में डाल दिया है। सूत्रों के अनुसार, नर्स रह चुकी सुनीता ने यह दुस्साहसी कदम एक पाकिस्तानी पादरी से मिलने के लिए उठाया है। उससे ऑनलाइन उसकी पहचान हुई थी। इससे पहले भी दो बार उसने एलओसी को पार करने की कोशिश की थी। तीसरी कोशिश में वह पाकिस्तान पहुंच गई। इससे पहले दो बार उसे अटारी बॉर्डर पर रोका गया था।

मंगलवार को सुनीता अपने बेटे को करगिल के सीमावर्ती गांव हंदरमाण में छोड़कर एलओसी की ओर निकल गई। बेटे को उसने कहा कि वह लौट आएगी, लेकिन जब वह वापस नहीं आई तो स्थानीय ग्रामीणों ने लद्दाख पुलिस को सूचित कर बच्चे को सौंप दिया। हालांकि, भारतीय अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर सीमा पार से उसके पकड़े जाने की पुष्टि नहीं की है। लेकिन खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कहा है कि सुनीता को पाकिस्तानी ग्रामीणों ने देखा, जिसके बाद उसे स्थानीय एजेंसियों ने हिरासत में ले लिया। अब वह पाकिस्तानी जांच एजेंसियों की हिरासत में है, जहां उससे पूछताछ हो रही है। सुनीता के परिवार ने बताया है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और नागपुर के क्षेत्रीय मानसिक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। उसके भाई ने कहा, वह मानसिक रूप से परेशान थी और उसका इलाज चल रहा था। पहले भी दो बार वह सीमा पार करने की कोशिश कर चुकी थी। इससे पहले मार्च में अमृतसर पुलिस ने सुनीता और उसके बेटे को अटारी बॉर्डर पर रोक लिया था।

## आवारा कुत्तों ने दौड़ाया, बचने के लिए इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई गाय

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे की पारंपरिक इमारत 'वाड़ा' के लोगों की नींद शुक्रवार सुबह उस समय शोरगुल से खुल गई, जब आवारा कुत्तों से बचने के लिए एक गाय इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई। दमकल विभाग के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार पेठ इलाके के परदेसी वाड़ा में सुबह करीब 6 बजे की है। दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा, 'आवारा कुत्तों के पीछा किए जाने पर एक जर्सी गाय इमारत के परिसर में घुस गई। वह एक संकरी लकड़ी की सीढ़ी से तीसरी मंजिल पर चढ़ गई।' दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि जब स्थानीय लोग गाय को नीचे नहीं उतार सके तो उन्होंने दमकल विभाग को फोन किया। उन्होंने कहा, 'गाय को सीढ़ियों से नीचे नहीं लाया जा सका। अंतिम उपाय के रूप में, हमने उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए क्रेन और सुरक्षा बेल्ट का इस्तेमाल किया।' इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा रही है और यूजर्स तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। लोगों ने आवारा कुत्तों से निजात पाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की मांग रखी है। उनका कहना है कि इस दिशा में लल्द से जल्द कदम उठाया जाना चाहिए।

आवारा कुत्तों ने 7 साल की बच्ची को मार डाला इसी महीने, महाराष्ट्र के जालना शहर में आवारा कुत्तों के झुंड ने 7 साल की बच्ची पर हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। गांधी नगर इलाके में घटित इस घटना के बाद जालना महानगर पालिका आयुक्त ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में स्वच्छता निरीक्षक को निलंबित कर दिया। मृतक संध्या पटोले अपने घर के पास आंगन में खेल रही थी और तभी कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। घटना के बारे में बात करते हुए उसके चाचा राम पटोले ने कहा, 'परिवार पहले से ही एक रिश्तेदार की मौत हो जाने के कारण शोक मना रहा था और अपने घर पर इकट्ठा हुआ था। इस सब के बीच, संध्या बाहर निकल गई और एक खुले भूखंड के पास खेलने लगी, तभी कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। उसे कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गए।

## ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश में भारत का पक्ष रखने पर सांसद सुप्रिया सुले बोलीं-देश के लिए हम एकजुट

**मुंबई, एजेंसी।** आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भारत सरकार सांसदों का एक प्रतिनिधि मंडल विदेश भेजने जा रही है। इस योजना को लेकर मीडिया से बात करते हुए एनसीपी शरद गुट की सांसद सुप्रिया सुले शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी देशों का दौरा करके ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए सांसदों की आठ समितियां गठित की हैं। इसमें से एक समिति में मुझे भी शामिल होने के लिए कहा गया है। यह स्पष्ट है कि देश के मुद्दे पर हम सभी एक साथ हैं।

शरद गुट की सांसद ने कहा, कल मेरे पास केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू का फोन आया था। उन्होंने मुझे इन आठ में से एक समिति का हिस्सा बनने के लिए कहा है। यह बात बहुत स्पष्ट है कि जब हमारे देश का सवाल हो तो हम सभी राजनैतिक भेदभाव को भुलाकर एक साथ होते हैं और अपने देश का दृष्टिकोण रखने के लिए दूसरे देशों में जाते हैं।

बकौल सुले, प्रत्येक समिति में करीब पांच सदस्य होंगे, जो करीब 10 दिनों तक अलग-अलग देशों का दौरा करके भारत के पक्ष को मजबूती के साथ रखेंगे। इन सभी समितियों के 23 से 24 मई के बीच रवाना होने की संभावना है। एनआई की रिपोर्ट के अनुसार सरकार करीब 40 बहुदलीय सांसदों के सात समूह बनाकर



दुनिया के विभिन्न देशों में यात्रा करने की योजना बना रही है। इस पहल का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित और पोषित आतंकवाद की जानकारी रखना और हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों और उद्देश्यों को उजागर करना शामिल है। इस दौरे के 23 मई से शुरू होने की उम्मीद है।

## भारतीय सेना ने एलओसी के पास के गावों में घर घर जाकर किया संपर्क, पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों को दी सहायता

**कश्मीर, एजेंसी।** पाकिस्तान द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के बाद, भारतीय सेना की रोमियो फोर्स ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास झलस क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया। इस अभियान का उद्देश्य आवासीय संरचनाओं को हुए नुकसान का आकलन करना और प्रभावित नागरिकों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करना था। पाकिस्तान की तरफ से हुई गोलीबारी में लोगों का काफी नुकसान हुआ है। गांव में घाने पीने की चीजे भी खराब हो गयी है। कुछ घरों में राशन की भी परेशानी है। एकजुटता और करुणा के एक मजबूत प्रदर्शन में, भारतीय सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के कई इलाकों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने का अभियान शुरू किया है। ये क्षेत्र हाल ही में पाकिस्तानी गोलाबारी की लहर से बुरी तरह प्रभावित हुए थे। सेना के जवान स्थानीय निवासियों से सक्रिय रूप से बातचीत करते हुए देखे गए, उन्हें न केवल आश्वासन दिया बल्कि दवाइयों और राशन की आपूर्ति जैसी आवश्यक राहत सामग्री भी दी। अब सामने



आए एक वीडियो में सेना के जवानों को सीमा पार से आक्रमण से सबसे अधिक प्रभावित लोगों को सहायता वितरित करते हुए दिखाया गया है। दृश्यों में स्थानीय लोगों को बहुत जरूरी सहायता प्राप्त करते हुए देखा जा सकता है, जबकि सैनिक उनके साथ गर्मजोशी और सहानुभूति के साथ बातचीत करते हैं। यह मानवीय प्रयास भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद नियंत्रण रेखा पर बढ़े तनाव के मद्देनजर किया गया है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में शिविरों को निशाना बनाकर सीमा पार आतंकी ढांचे को खत्म करने के लिए उच्च तीव्रता वाला सैन्य अभियान चलाया गया था। यह अभियान 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले का सीधा और रणनीतिक जवाब था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी।

## पाकिस्तान का जो कोई समर्थन करेगा, उसका बहिष्कार होगा : एकनाथ शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।** तुर्की ने हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव में पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया, जिसे लेकर भारत में नाराजगी फैल गई। भारतीयों की ओर से तुर्की का बड़े पैमाने पर बहिष्कार हो रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जो भी देश पाकिस्तान का समर्थन करेगा, उसका बहिष्कार किया जाएगा। शुक्रवार को ठाणे में उन्होंने कहा, तुर्की ने पाकिस्तान का सपोर्ट किया है जिसे लेकर देशवासी काफी नाराज हैं। इसलिए उनका बहिष्कार किया जा रहा है। तुर्की का सेब या कोई दूसरा सामान हो, उसकी खरीदारी नहीं होगी। हमारे यहां उसका विरोध किया जाएगा। हमारे विधायक ने इसे लेकर एक पत्र सौंपा है जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। इस तरह जो कोई भी पाकिस्तान को सपोर्ट करेगा, हम उसका बहिष्कार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि माफी मांगने से कुछ नहीं होगा, उसे बराबर सबक सिखाया जाएगा।



दरअसल, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के पक्ष का समर्थन किया और भारत के सैन्य अभियानों (जैसे-ऑपरेशन सिंदूर) को पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ बताया। इसके अलावा, तुर्की ने पाकिस्तान को ड्रोन, युद्धपोत और सैन्य सामग्री मुहैया कराई, जिनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, तुर्की के कार्गो विमानों ने पाकिस्तान को सैन्य सामान पहुंचाया, जिसने भारत के गुस्से को और भड़काया। भारत इसका विरोध इसलिए कर रहा है, क्योंकि तुर्की का यह रुख भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ माना जा रहा है।

### भारत में बायकॉट तुर्की अभियान तेज

भारत और तुर्की के बीच 10 बिलियन डॉलर से अधिक का व्यापारिक संबंध रहा है। इसके बावजूद, तुर्की ने कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बार-बार पाकिस्तान का साथ दिया। भारत का मानना है कि तुर्की की सैन्य सहायता आतंकवाद को बढ़ावा दे सकती है, जिसके खिलाफ लंबे समय से लड़ रहा है। भारत में बायकॉट तुर्की अभियान तेज हुआ है, जिसमें तुर्की के उत्पादों और पर्यटन को निशाना बनाया गया है। भारतीय विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी, जिससे तुर्की की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा। यह तनाव भारत-तुर्की संबंधों को और जटिल बना रहा है। भारत का रुख स्पष्ट है कि वह किसी भी देश के ऐसे कदमों को बर्दाश्त नहीं करेगा, जो उसकी सुरक्षा और हितों को चुनौती दें।

## ओवैसी ने कुत्ते से की पाकिस्तान की तुलना, बोले-दुआ करें कि अल्लाह सीधा कर दे पड़ोसी की दुम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम पर हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत में पाकिस्तान को लेकर जिन नेताओं ने गुस्से का इजहार किया है उनमें ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भी एक प्रमुख नाम है। उन्होंने इसबार पाकिस्तान की तुलना कुत्ते और उसके दुम से कर दी है। उन्होंने लोगों से दुआ करने को कहा कि अल्लाह पाकिस्तान की दुम सीधा कर दे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए भारतीय सैनिकों के शौर्य की तारीफ की। अब उन्होंने फिर एकबार पाकिस्तान पर तंज कसा है। ओवैसी ने पाकिस्तान को लेकर कहा कि यह सुधरने वाला देश नहीं है। ओवैसी ने कहा, आप दुआ करो कि अल्लाह उनकी (पाकिस्तान की) दुम को सीधा करे, वरना फिर वक्त आएगा उनको और सीधा करना पड़ेगा। आपको बता दें कि असदुद्दीन औवैसी जिस मंच से पाकिस्तान को सुना रहे थे वहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी मौजूद थे। इस दौरान सभा ने ताली बजाकर ओवैसी के इस बयान का समर्थन किया।

**क्या पाक चीनी विमानों को एयरबेस पर उतार पाएगा- ओवैसी–** इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पर निशाना साधते हुए मंगलवार को सवाल किया कि क्या वे अपने देश के रहीम यार खान एयरबेस पर पट्टे पर लिए गए अपने चीनी विमान उतार पाएंगे, जिस पर दोनों देशों के बीच हाल में हुए संघर्ष के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने हमला किया था। ओवैसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सवाल किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू को अपना परिचय पत्र देने वाले थे तुर्की के नए राजदूत, भारत ने अनिश्चितकाल के लिए टाला कार्यक्रम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में होने वाले उस कार्यक्रम को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया, जिसमें तुर्की के नवनियुक्त राजदूत अली मुरात एरसोय को भारत की राष्ट्रपति को अपना लेटर ऑफ क्रेडेंस (राजनयिक मान्यता पत्र) सौंपना था। इस कार्यक्रम में थाइलैंड के राजदूत और बांग्लादेश के उच्चायुक्त को भी अपने-अपने मान्यता पत्र प्रस्तुत करने थे। लेटर ऑफ क्रेडेंस वह औपचारिक दस्तावेज होता है जिसके माध्यम से किसी राजनयिक को दूसरे संप्रभु देश में आधिकारिक रूप से राजदूत या उच्चायुक्त नियुक्त किया जाता है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''राष्ट्रपति भवन में आज (गुरुवार को) होने वाला परिचय पत्र समारोह कार्यक्रम संबंधी समस्याओं के कारण स्थगित कर दिया गया है।'' हालांकि, इसमें उन राजदूतों का उल्लेख नहीं किया गया था जिन्हें परिचय पत्र प्रस्तुत करना था। बताया जा रहा है कि तुर्किये, थाईलैंड, कोस्टा रिका और संट किट्स के नवनियुक्त राजदूत तथा बांग्लादेश के उच्चायुक्त राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले थे।




यह फैसला ऐसे समय में आया है जब भारत की विमानन सुरक्षा नियामक संस्था ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन होल्डिंग की भारतीय शाखा सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। सरकार ने 12 मई को कहा था कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उससे पहले पाकिस्तान को तुर्की के समर्थन, विशेषकर उसके कूटनीतिक और रक्षा सहयोग, को गंभीरता से लिया है।

सूत्रों के अनुसार, यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में शाम 4 बजे निर्धारित था। तुर्की के नामित राजदूत एरसोय की नियुक्ति इस वर्ष मार्च में हुई थी। नई दिल्ली स्थित थाई दूतावास के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि उन्हें एमईए से कार्यक्रम स्थगित किए जाने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम आज दोपहर 4 बजे होना था, लेकिन स्थगित कर दिया गया है। हमें कोई कारण नहीं बताया गया है। हम अधिक स्पष्टता और नई तारीख का इंतजार कर रहे हैं। थाइलैंड की राजदूत चावनार्ट थंगसुमफन्ट ने भी मार्च में कार्यभार संभाला था।

बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने भी एमईए से सूचना प्राप्त होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि कार्यक्रम अंतिम समय में क्यों रद्द किया गया और अब तक नई तारीख क्यों नहीं दी गई है। बांग्लादेश ने रियाज हमीदुल्ला को फरवरी में भारत के लिए उच्चायुक्त नियुक्त किया था, लेकिन वे अप्रैल में नई दिल्ली पहुंचे।

इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 27 फरवरी को पनामा, गुयाना, सूडान, डेनमार्क और फलस्तीन के राजदूतों और उच्चायुक्तों से राष्ट्रपति भवन में उनके 'लेटर ऑफ़ क्रेडेंस' स्वीकार किए थे। विशेषज्ञों का मानना है कि हालिया घटनाक्रम, खासकर तुर्की के प्रति भारत की सुरक्षा चिंताओं और कूटनीतिक संदेशों के चलते यह स्थगन महज 'शेड्यूलिंग' मुद्दा नहीं हो सकता। हालांकि आधिकारिक रूप से अभी तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

# नाडा की डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में इंटरपोल के प्रतिनिधि; सिनर-अल्कारेज इटैलियन ओपन के फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को रोम में टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी।

डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में सीबीआई और इंटरपोल के अधिकारियों का होना हर किसी को चौंका सकता है, लेकिन विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) डोपिंग के खतरे की जड़ यानी प्रतिबंधित पदार्थों के उत्पादकों और प्रदाताओं तक पहुंचने के लिए अपना पूरा ध्यान खुफिया जानकारी जुटाने और उसकी गहराई तक पहुंचने में लगा रहा है। इस कवायद में भारत न पीछे रह जाए, इसके लिए राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने पांच दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में इंटरपोल के अधिकारियों के साथ विभिन्न एशियाई देशों की कानून प्रवर्तक एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नाडा के महानिदेशक अनंत कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की जांच और उन्हें जागरूक करना जरूरी है, लेकिन वाडा ने अब समस्या की जड़ तक पहुंचने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, इसका मुख्य लक्ष्य एशियाई क्षेत्रों के डोपिंग निरोधक अधिकारियों को एक साथ लाना है। वाडा ने ड्रग आपूर्ति करने वालों के बारे में जानकारी जुटाने पर फोकस किया है। टेस्ट और शिक्षा से एक हद तक डोपिंग पर नियंत्रण लाया जा सकता है लेकिन सभी के टेस्ट नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, जब आप सीधे इन गतिविधियों की जड़ पर प्रहार करते हैं तो कामयाबी ज्यादा मिलती है। वर्कशॉप में



इंडोनेशिया, मालदीव, श्रीलंका, फिलीपीन और दक्षिण एशिया क्षेत्रीय डोपिंग निरोधक संगठन के अधिकारियों ने भाग लिया। समझा जाता है कि भारत की ओर से सीबीआई के अधिकारी इसमें मौजूद थे। भारत का डोपिंग रिकॉर्ड पिछले कई साल में अच्छा नहीं रहा है और डोप उल्लंघन करने वाले देशों की वाडा की सूची में भारत काफी ऊपर है।

### इटैलियन ओपन का फाइनल

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को रोम में टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी। सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अक्टूबर में चीन ओपन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुआ पिछला मुकाबला टाईब्रेकर में जीता था। सिनर हालांकि अल्कारेज के खिलाफ उस हार के बाद से लगातार 26 मैच जीत चुके हैं। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अब तक 10 में से छह मुकाबले जीते हैं जबकि चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

### बीसीसीआई मुख्यालय में अपने नाम पर बोर्ड रूम बनाए जाने पर तेंदुलकर ने कहा

# इस गर्मजोशी भरे कदम के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा, सबसे पहले, रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), (देवजीत) सैकिया (सचिव) जी, राजीव जी (उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) और रोहन (गौंस देसाई, संयुक्त सचिव) का बहुत-बहुत धन्यवाद। बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है। वहां से लेकर इस जगह तक, यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन है। जो चीज इसे और भी खास बनाती है, वह है ये अनमोल ट्रॉफियां। तेंदुलकर ने शनिवार को बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए अपने भाषण में कहा, यह दर्शाता है कि आधिकारिक पदाधिकारियों, बीसीसीआई पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने किस तरह से योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया- देश को यह हासिल करने में मदद की। इसलिए ये अनमोल क्षण हैं। ये ऐसे क्षण हैं जब पूरा देश एक साथ आता है और जश्न मनाता है। 2011 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखने के बाद, तेंदुलकर ने उस समय को याद किया जब वह अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे थे और फिर उनके भाई के शब्दों ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और अंततः अपने छठे प्रयास में वानखेड़े स्टेडियम में खिताब जीता।

2007 में जब हम वेस्टइंडीज से वापस आए, तो थोड़ी निराशा हुई। मेरे दिमाग में कई विचार आए कि क्या मुझे खेलना जारी रखना चाहिए या अब मुझे दूसरी तरफ चले जाना चाहिए। मुझे याद है कि मैं अपने भाई से बात कर रहा था और उसने कहा, 2011 में, विश्व कप भारत में खेला जाएगा और फाइनल मुंबई - वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इस ट्रॉफी के साथ, क्या आप खुद को विजय की गोद में ले जाते हुए देख सकते हैं? यही वह जगह है जहां से यात्रा फिर से शुरू हुई। उन चार सालों में, बस एक ही लक्ष्य था, जो यह ट्रॉफी थी। संभवतः मेरे जीवन के सबसे कठिन क्षण, 2007 से, 2011 तक, मेरे जीवन का सबसे अच्छा क्रिकेट क्षण। यह एक उल्लेखनीय यात्रा थी।

1983 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखकर तेंदुलकर पुरानी



यादें ताज़ा करते हुए कहते हैं, मेरे करियर की शुरुआत भी इसी ट्रॉफी, प्रूडेंशियल कप और खिलाड़ियों में से एक रोजर की वजह से हुई थी। मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं। वहां से लेकर 2011 तक, एक टीम के तौर पर हम जो कुछ भी हासिल कर पाए, उसके लिए मैं अधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मिलकर काम किया, कुछ चीजों की योजना बनाई और योजना ऐसे कमरों में बनती है। मुझे यकीन है कि पूर्ववर्तियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और हम सभी ने इसके नतीजे देखे। भारतीय क्रिकेट के भविष्य के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, हमारे पास यहां एक शानदार टीम है। कुछ अच्छे लीडर, कुछ अच्छे युवा जो बहुत कुछ हासिल करना चाहते हैं, न केवल बीसीसीआई के लिए, बल्कि देश के लिए भी। अपने देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मुझे यकीन है कि सही फैसले लिए जाएंगे।

# धोनी के रिटायरमेंट पर सस्पेंस खत्म, सीएसके ने बताया माही का फ्यूचर प्लान !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी 43 साल की उम्र में भी आईपीएल खेल रहे हैं। धोनी को लेकर कहा जा रहा है कि यह उनका आखिरी सीजन है। धोनी फिलहाल पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 में सीएसके का प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक रहा है और टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। सिर्फ इतना ही धोनी के खुद फॉर्म भी इस समय उनका साथ नहीं दे पा रही है। ऐसे में उनके टीम में होने पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसके बावजूद सीएसके के फैंस धोनी के लिए अभी भी टीम को पूरा सपोर्ट कर रहे हैं। इस सीजन में सीएसके को अभी दो मैच और खेलने हैं। ऐसे में फैंस में यह जानने की कौतूहल मची है कि क्या धोनी इसके बाद अब येलो जर्सी दोबारा फिर नजर आएंगे या फि नहीं। क्या सीएसके के एक युग का अंत होने वाला, लेकिन इस बीच टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जो खबर सामने आई उससे जान सीएसके और धोनी फैंस झूम उठेंगे।



### आईपीएल 2026 में खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी

धोनी को लेकर फिलहाल सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वह आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए मैदान पर उतरेंगे या फिर नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रेंचाइजी के लोगों का मानना है कि धोनी अभी टीम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। टीम में अभी भी कई चीजें ठीक करनी हैं, जिसके लिए धोनी का मार्गदर्शन जरूरी है। अगर ऐसा होता है तो धोनी निश्चित रूप से आईपीएल 2026 में खेलते हुए दिख सकते हैं। ऐसा नहीं है कि एमएस धोनी से आईपीएल रिटायरमेंट को लेकर सवाल नहीं पूछे गए हैं। एक मैच के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आईपीएल 2025 उनका आखिरी सीजन है। इसके जवाब में उन्होंने कहा था कि इस पर वह कुछ समय बाद फैसला लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपनी फिटनेस को लेकर भी बात की थी। धोनी का मानना है कि आईपीएल में आगे खेलना है या फिर नहीं ये उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।



# 1 साल में 2300 करोड़ की कमाई...

## इस स्टार खिलाड़ी पर हुई पैसों की बारिश, फिर बना दुनिया में नंबर-1

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल की दुनिया न केवल प्रतिभा और जुनून का मंच है, बल्कि यह एक विशाल आर्थिक मंच भी है, जहां स्टार खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों और ब्रांड वैल्यू के दम पर करोड़ों की कमाई करते हैं. फोर्ब्स ने हर साल की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है. इस बार कई बड़े खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई करते हुए लिस्ट में अपनी जगह बनाई है. वहीं, एक दिग्गज कमाई के मामले में इतना आगे है कि दूसरा खिलाड़ी उसके आसपास भी नहीं है. पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बार फिर लिस्ट में नंबर-1 बनने में कामयाब रहे हैं. क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मई 2024 और मई 2025 के बीच सबसे ज्यादा कमाई की है. फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पिछले 1 साल में 275 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,356 करोड़ रुपए) की कमाई की है. इसी के साथ वह लगातार तीसरी बार इस लिस्ट में टॉप पर रहे हैं. वहीं, ये 5वां मौका है जब उन्होंने एक साल में सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में दुनिया के सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है.

40 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा सऊदी प्रो लीग के क्लब अल-नासर के साथ उनकी 225 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सालाना सैलरी से आता है. इसके अलावा, नाइकी, बिनांस, और हर्बालाइफ जैसे ब्रांड्स से उनकी ऑफ-फील्ड कमाई को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाया. इसके साथ उनकी एंडोर्समेंट डील्स और सोशल मीडिया की अपार लोकप्रियता (लगभग 939 मिलियन फॉलोअर्स) भी इसका एक बड़ा कारण है.

### रोहित शर्मा के लिए राहुल द्रविड़ का खास संदेश

# अब मुंबई में टिकट की चिंता नहीं मुझे पता है किससे संपर्क करना है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड़, जिन्हें क्रिकेट की दुनिया में 'द वॉल' के रूप में जाना जाता है,उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में रोहित को बधाई दी। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, अरे रोहित, लगता है तुमने उन स्टैंड्स में इतने छक्के मारे कि उन्हें तुम्हारे नाम पर रखना ही पड़ा! द्रविड़ ने इस सम्मान को रोहित के लिए एक सपने के सच होने जैसा बताया। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि एक युवा लड़के के रूप में तुमने वानखेड़े जैसे प्रतिष्ठित स्टेडियम में खेलने का सपना देखा होगा। लेकिन क्या तुमने कभी सोचा था कि एक दिन इस स्टेडियम का एक स्टैंड तुम्हारे नाम पर होगा? यह मुंबई और भारतीय क्रिकेट में तुम्हारे योगदान का सच्चा पुरस्कार है।

द्रविड़ ने रोहित के शानदार प्रदर्शनों की तारीफ करते हुए कहा, वानखेड़े जैसे विश्व स्तरीय स्टेडियम में खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है, और रोहित, तुमने न केवल वहां खेला, बल्कि अनगिनत यादगार पारियां खेलकर उसे और खास बनाया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी जोड़ा, अब जब तुम्हारे नाम पर स्टैंड है, तो अगली बार मुंबई में टिकट की कमी होने पर मुझे पता है कि किससे संपर्क करना है!

### वानखेड़े का सच्चा स्टार

रोहित शर्मा का वानखेड़े स्टेडियम के साथ रिश्ता बेहद खास है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उन्होंने इस मैदान पर कई ऐतिहासिक जीत हासिल की हैं। उनके बल्ले से निकले छक्कों ने न केवल प्रशंसकों का दिल जीता, बल्कि इस स्टेडियम को क्रिकेट प्रेमियों के लिए और भी यादगार बना दिया। वानखेड़े में रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने कई आईपीएल खिताब जीते और उनकी व्यक्तिगत पारियों ने भी इस मैदान



को एक अलग पहचान दी।

रोहित का यह सम्मान उनके उस समर्पण का प्रतीक है, जिसके साथ उन्होंने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक, टी20 में रनों का अंबार, और कप्तान के रूप में उनकी शानदार रणनीतियां- रोहित ने हर प्रारूप में अपनी छाप छोड़ी है। वानखेड़े का यह स्टैंड उनके उस जुनून और मेहनत का सम्मान है, जिसने उन्हें 'हिटमैन' बनाया।

### एक नया अध्याय

रोहित शर्मा के नाम पर स्टैंड का नामकरण केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा भी है। यह हर उस युवा क्रिकेटर को प्रेरित करेगा, जो वानखेड़े के मैदान पर खेलने का सपना देखता है। जैसा कि द्रविड़ ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रोहित के नाम वाला यह स्टैंड और भी कई छक्कों का गवाह बनेगा। यह स्टैंड न केवल रोहित की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि भारतीय क्रिकेट के सुनहरे भविष्य का भी प्रतीक है।

### परिवार, दोस्त और प्रशंसकों के लिए गर्व का पल

राहुल द्रविड़ ने अपनी शुभकामनाओं में रोहित के परिवार और दोस्तों को भी शामिल किया। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह तुम्हारे लिए, तुम्हारे परिवार और दोस्तों के लिए एक शानदार दिन होगा। यह सम्मान न केवल रोहित के लिए, बल्कि उनके उन लाखों प्रशंसकों के लिए भी गर्व का क्षण है, जो उनके हर छक्के पर तालियां बजाते हैं।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक के लिए घातक महिला रेसलर ने किया क्वालीफाई, चैंपियनशिप का भी किया बचाव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई में मनी इन द बैंक की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन में कई रोमांचक मुकाबले हुए। टिफनी स्ट्रैटन ने अपना डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियनशिप सफलतापूर्वक बचाया। एलेक्सा ब्लिस और सोलो सिकोआ ने मनी इन द बैंक के लिए क्वालीफाई किया। इस एपिसोड में द रॉक जिन्हें ड्वेन जॉनसन के नाम से भी जान जाता है। उनका जन्मदिन भी मनाया गया।

### 7 जून को होगा मनी इन द बैंक

फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन में डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक की शुरुआत हो चुकी है। यह इवेंट 7 जून को लॉस एंजिल्स के इंटुइट डोम में होगा। बैकलैश के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई ने तुरंत इस बड़े इवेंट की तैयारी शुरू कर दी है। इस एपिसोड में विमेंस चैंपियनशिप का शानदार मुकाबला हुआ। साथ ही, मनी इन द बैंक के लिए क्वालीफाइंग मैच भी शुरू हो गए।

### टिफनी स्ट्रैटन ने किया चैंपियनशिप का बचाव

मुख्य मुकाबले में टिफनी स्ट्रैटन का सामना पूर्व चैंपियन नाया जैक्स से था। टिफनी स्ट्रैटन को अपना डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियनशिप बचाना था। मैच में तब मोड़ आया जब नाओमी स्टील की कुर्सी लेकर रिंग में आई। लेकिन जेड कार्गिल ने उन्हें रोक दिया। इस मौके का फायदा उठाते हुए स्ट्रैटन ने जैक्स के चेहरे पर कुर्सी से ड्रॉपकिक मारी। फिर अपना सिग्नेचर मूव प्रीटिएस्ट मूनसॉल्ट एवरलगाकर जीत हासिल की। पहले विमेंस मनी इन द बैंक क्वालीफायर में एलेक्सा ब्लिस, चेल्सी ग्रीन और मिचिन के बीच मुकाबला था। चेल्सी ग्रीन ने चोरी से जीतने की कोशिश की। लेकिन ब्लिस ने ग्रीन पर सिस्टर अबिगेल डीडीटी मारकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ब्लिस ने लैडर मैच में अपनी जगह पक्की कर ली।

## रोस्टन चेज वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तानःदो साल बाद टीम में वापसी, ब्रैथवेट की जगह लेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने दो साल से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर रोस्टन चेज को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वह क्रैग ब्रैथवेट की जगह लेंगे। ब्रैथवेट ने इस साल के मार्च में टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज ने उनकी कप्तानी में खेले 39 मैच में से 10 टेस्ट जीते, 22 हारे और सात ड्रॉ रहे। चेज 2023 में आखिरी बार टेस्ट खेला था चेज ने आखिरी बार मार्च 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेला था। तब से वेस्टइंडीज ने 13 टेस्ट खेले, लेकिन उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। अब टीम में वापसी के साथ ही उन्हें कप्तान बनाया गया है। इससे पहले वे एक वनडे और एक टी-20 में कप्तानी कर चुके हैं।चेज की अगुआई में टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी, जो 25 जून से ब्रिजटाउन में शुरू होगी। चेज अब तक 49 टेस्ट खेले हैं चेज ने अब तक 49 टेस्ट में 2265 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक शामिल हैं। उनका औसत 26.33 है। गेंद से भी उन्होंने 85 विकेट लिए हैं। शुरुआत में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। पहले 10 टेस्ट में उनका बैटिंग एवरेज 48.53 रहा, लेकिन इसके बाद उनका ग्राफ गिरा। 6 खिलाड़ियों के नाम पर विचार के बाद चेज का नाम पर हुआ फैसला वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तान के लिए रोस्टन चेज के अलावा जॉन कैम्पबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन जैसे खिलाड़ी भी रेस में थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि कप्तान चुनने के लिए एक डेटा-आधारित, साइकोमेट्रिक टेस्ट वाला प्रोसेस अपनाया गया था। सभी प्रक्रिया के बाद रोस्टन चेज को कप्तान चुनने का फैसला किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### पुलिस ने अवैध देशी शराब सहित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** पुलिस ने अम्बा, माली, बारुण और ओबरा थाना क्षेत्र में विशेष कार्रवाई करते हुए कुल 279 लीटर देशी शराब जब्त की है। इसी दौरान पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल भी बरामद की है। इस मामले में कुल छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से अवैध शराब की बिक्री और सेवन पर कड़ा प्रतिबंध लगाने का संदेश दिया है। पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे शराब से दूर रहें, जिससे उनकी सेहत बेहतर बनी रहे और जीवन खुशहाल हो सके। औरंगाबाद पुलिस लगातार लोगों की सुरक्षा और सेवा में तत्पर है और ऐसे अवैध कार्यों पर सख्ती से कार्रवाई करती रहेगी।

### मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद) (एसवीवी.सं.)।** जिले के खुदवां थाना क्षेत्र ग्राम रामनगर में हुए एक मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व गांव में बच्चों को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी, जो धीरे-धीरे उग्र रूप ले ली और मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान आरोपित ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया था, जिससे पीड़ित पक्ष को गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद पीड़ित परिवार द्वारा खुदवां थाना में मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की और नामजद आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में ग्राम रामनगर से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। खुदवां थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी प्रकार के सामाजिक विवाद या हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से सतर्कता बरती जा रही है।

पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने आयोजित प्रेसवार्ता में दी जानकारी, कहा

# उत्तर कोयल परियोजना के डूब क्षेत्र के किसानों को फिर मिलेगा मुआवजा

- 15 लाख और एक एकड़ जमीन देने का ऐलान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



उत्तर कोयल नहर परियोजना को लेकर एक बार फिर बड़ी राहत की खबर सामने आई है। इस परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले सात गांवों के 780 किसान परिवारों को सरकार द्वारा दोबारा मुआवजा देने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। प्रत्येक परिवार को 15 लाख रुपये नकद और एक एकड़ जमीन दी जाएगी। इस फैसले से वर्षों से संघर्ष कर रहे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और परियोजना के कार्य में भी तेजी आएगी।

इस संबंध में औरंगाबाद से पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली किस्त के रूप में किसानों को 10 लाख रुपये और गढ़वा जिले के विश्रामपुर कस्बे में एक एकड़ जमीन दी जा रही है। जब किसान जमीन पर काबिज हो जाएंगे, तब उन्हें दूसरी किस्त के तौर पर 5 लाख रुपये और दिए जाएंगे। इससे डैम का डूब क्षेत्र खाली हो जाएगा और गेट लगाने का रास्ता भी साफ हो जाएगा।

पूर्व सांसद ने कहा कि यह फैसला औरंगाबाद, पलामू, गढ़वा और गया जिले के किसानों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। उन्होंने राजद के वर्तमान सांसद अभय कुशवाहा पर निशाना साधते हुए कहा कि श्रेय लेने के लिए भी समझदारी चाहिए। उत्तर कोयल परियोजना का इतिहास सबको पता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई यह कहे कि पोखरण परमाणु परीक्षण उसी ने शुरू कराया था, तो वह मजाक का पात्र बनेगा।

सुशील कुमार सिंह ने कहा कि यह योजना 1975 में मंजूर हुई थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की लापरवाही के कारण यह अधूरी पड़ी रही। 2009 में जब वह दोबारा सांसद बने, तब उन्होंने इसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। कई कोशिशों के बावजूद योजना आगे नहीं बढ़ सकी। सिंचाई मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने डैम में फाटक लगाने का आदेश दिया, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय ने टाइगर प्रोजेक्ट का हवाला देकर रोक लगा दी। इसके बाद भी कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखे गए और मंत्री जयराम रमेश ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई, लेकिन मंत्रालय बदलने के बाद प्रयास विफल हो गए।

उन्होंने बताया कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जब उन्हें इस योजना की जानकारी दी गई, तो उन्होंने इसे तुरंत गंभीरता से लिया। प्रभावित क्षेत्रों के सांसदों की टोली बनाई गई, जिसमें चतरा, पलामू, जहानाबाद और गया के सांसद शामिल थे। प्रधानमंत्री से लगातार मुलाकातें हुईं और अंततः 2017 में अधूरे कार्यों के लिए 1622 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। हालांकि बाद में जटिलताओं के कारण बजट बढ़ाकर 2456 करोड़ रुपये कर दिया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर : शहर में निकाली गयी 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा', पाकिस्तान मुर्दाबाद और सेना जिंदाबाद के नारे

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शनिवार को जिले में 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' का आयोजन किया गया। विजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में निकाली गई यह यात्रा गांधी मैदान से आरंभ होकर रमेश चौक, ब्लॉक मोड़ होते हुए पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा तक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। इस दौरान कारगिल शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा के दौरान आम नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय', 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के गगनभेदी नारे लगाए। यात्रा में महिला, युवा, बुजुर्ग और बच्चे उत्साह से शामिल हुए और पूरे नगर में देशभक्ति का वातावरण बन गया। इस यात्रा का उद्देश्य हाल ही में भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की वीरता और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना था। आयोजकों ने बताया कि यह ऑपरेशन भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक बन चुका है, जिसने संकट में फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर पूरी दुनिया में भारत की ताकत का एहसास कराया।

भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना द्वारा चलाया गया ऑपरेशन सिंधु पाकिस्तान के लिए एक करारा जवाब था। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद के नागरिकों द्वारा इस यात्रा में दिखाया गया उत्साह यह साबित करता है कि आज हर भारतवासी सेना के साथ खड़ा है। जिले के महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने कहा कि अब भारत बदल चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान की किसी भी हरकत का उसी अंदाज में जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत आतंकवाद के समूल नाश के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक दीपक कुमार ने कहा कि एक समय सैनिकों के शौर्य का प्रमाण मांगने वालों को देश की जनता ने सत्ता से बाहर कर दिया था। अब ऐसे नेताओं को विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि नागरिक भारत विरोधी देशों के सामानों का बहिष्कार करें और हर स्तर पर देश की प्रतिष्ठा को मजबूत करें।

इस आयोजन में पूर्व विधान परिषद सदस्य राजन सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, मुकेश कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष अनीता सिंह, रेखा गुप्ता, अभिषेक बसु, आशुतोष, अनिल कुमार सिंह, राहुल कुमार, अमिताभ सिंह उर्फ रिंकू सिंह, राकेश सिंह, अनूप मिश्रा, प्रकाश कुमार, सौरभ कुमार, नगर अध्यक्ष अमित गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहम्मद अहसान, खुर्शीद अहमद, मरगुब आलम, रंजय अग्रहरि, विकास कुमार सिंह, सतीश कुमार, मोनू, बबलू कुमार, शिवकुमार गुप्ता, पिंटू गुप्ता, गुड़िया सिंह, सुमन अग्रवाल, इंदु देवी, सोनू योगी, नीरज गुप्ता, प्रभात चंद्र यादव समेत सैकड़ों की संख्या में नागरिक शामिल हुए।

# तेज आंधी के दौरान चलती बाइक पर गिरा पेड़, तीन भाई-बहनों की हालत गंभीर

- : तीनों गंभीर रूप से घायल; गोलू और अंकिता को हायर सेंटर (नारायण मेडिकल कॉलेज, जमुहार) रेफर किया गया, शिल्पी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



तेज आंधी और अचानक बिगड़े मौसम ने जिले में एक परिवार को गहरी त्रासदी में डाल दिया। नवीनगर प्रखंड के महुली गांव के पास अंबा-नवीनगर रोड पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक विशाल पेड़ तेज हवा में उखड़कर चलती बाइक पर आ गिरा। बाइक पर सवार तीन भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें दो की हालत इतनी नाजुक है कि उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर करना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में घायल युवकों की पहचान लौआ बार सिकरिया रतन गांव निवासी कमलेश सिंह के बेटे कुंदन कुमार उर्फ गोलू, बेटी शिल्पी और अंकिता कुमारी के रूप में हुई है। तीनों रिश्ते में आपस में भाई-बहन हैं और सोमवार को कंप्यूटर क्लास से लौट रहे थे।

बताया गया कि शिल्पी और अंकिता कंप्यूटर क्लास के लिए नवीनगर बाजार गई थीं। क्लास समाप्त होने के बाद उनके भाई गोलू उन्हें बाइक से घर लेकर लौट रहे थे। जैसे ही तीनों महुली गांव के पास पहुंचे, अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज आंधी शुरू हो गई। गोलू ने जल्द से जल्द बहनों को सुरक्षित घर पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन मौसम ने तबाही का रूप ले लिया। हल्की बारिश शुरू हुई और उसी दौरान एक बड़ा पेड़ सड़क किनारे से टूटकर सीधे बाइक पर गिर गया। हादसा इतना भयंकर था कि तीनों पेड़ के नीचे दबकर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दौड़कर उन्हें बाहर निकाला और रेफरल अस्पताल नवीनगर पहुंचाया। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने गोलू और अंकिता की हालत को गंभीर बताया और बेहतर इलाज के लिए उन्हें नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जमुहार रेफर कर दिया। वहीं, घायल शिल्पी का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और सभी को समय रहते चिकित्सा सुविधा दिलाने में जुट गए।

# ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर तीन घायल, हालत नाजुक



निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

ऑटो ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार 3 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ओबरा थाना क्षेत्र के मायापुर गांव निवासी देवा राम, प्रकाश कुमार और मनोज तिवारी शामिल है। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने ऑटो चालक को पकड़ लिया। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

घायलों ने बताया कि वे टाइल्स लगाने का काम करते हैं। शनिवार को तीनों अपने घर से बाइक से बेल गांव में टाइल्स लगाने जा रहे थे। इस दौरान ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। सदर अस्पताल में इलाज के बाद देवा राम की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है, जबकि घायल प्रकाश और मनोज तिवारी का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के काशी बिगहा गांव के पास की है। घायल के परिजन ने कहा कि धक्का मारने वाले ऑटो चालक ने इलाज का खर्चा उठाने का भरोसा दिलाया था। बाद में मौका देखकर वो फरार हो गया। अस्पताल पहुंचने पर उसे फोन करते रहे, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया।

# पुलिस कार्यालय में कांड अनुसंधान को लेकर तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभा कक्ष में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थानों से आए पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाना था, जिससे कांडों के अनुसंधान में आधुनिक तकनीक का बेहतर उपयोग किया जा सके। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से अधिकारियों को विविध तकनीकी उपकरणों, डिजिटल टूल्स एवं सॉफ्टवेयर के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि अपराध स्थल की सूक्ष्म जांच, मोबाइल डेटा विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज की तकनीकी जांच, डिजिटल सबूतों को संरक्षित करने की विधियां एवं साइबर अपराध से जुड़े मामलों की तहकीकात में तकनीक का सही इस्तेमाल कितना जरूरी है।

प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों ने भी अपने सवाल रखे, जिनका जवाब विशेषज्ञों ने सरल भाषा में समझाकर दिया। यह प्रशिक्षण सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें सभी को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से नई तकनीकों से अवगत कराया गया। पुलिस विभाग की इस पहल की सभी अधिकारियों ने सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से अनुसंधान कार्यों में गति आएगी और अपराधियों तक जल्द पहुंचा जा सकेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार, आगे भी इस तरह के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

# दाउदनगर अनुमंडल कार्यालय के नव निर्मित भवन का भव्य उद्घाटन



निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)

शनिवार को औरंगाबाद जिले के दाउदनगर अनुमंडल में एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब नव निर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन का उद्घाटन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ जिला न्यायाधीश औरंगाबाद, जिलाधिकारी औरंगाबाद एवं पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस नव निर्मित भवन का निर्माण प्रशासनिक कार्यों को और भी सुदृढ़, सुचारु व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालय कक्ष, बैठक कक्ष, अभिलेखागार, आगंतुक कक्ष सहित कई अहम व्यवस्थाएं की गई हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भवन की निर्माण गुणवत्ता की सराहना की और कहा कि इससे दाउदनगर अनुमंडल के प्रशासनिक कार्यों में तीव्रता आएगी, साथ ही आम जनता को भी सुविधाजनक ढंग से सेवाएं मिलेंगी। इस अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे वातावरण और भी उत्सवमय हो गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह भवन जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करेगा और एक नयी कार्य संस्कृति की शुरुआत होगी। साथ ही यह भरोसा भी जताया गया कि आने वाले समय में ऐसे और भी जनहितकारी निर्माण कार्य पूरे जिले में किए जाएंगे।

# प्रिंस कुमार ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दो रजत पदक जीतकर बढ़ाया राज्य का मान

- प्रिंस कुमार इस वर्ष बिहार के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो-दो पदक जीतकर राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

एसवीवी सं. | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नबीनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चरण महादेव के माली टोला निवासी प्रिंस कुमार ने 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय देते हुए राज्य को दो रजत पदकों की गौरवपूर्ण उपलब्धि दिलाई है। प्रिंस ने 100 मीटर दौड़ और 4×100 मीटर रिले रेस में शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया, जिससे न केवल उनके गांव-घर का नाम रोशन हुआ बल्कि पूरे बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव का क्षण मिला। प्रिंस कुमार, जो अनुज कुमार सिंह के पुत्र हैं, इस वर्ष बिहार के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में दो पदक जीतने का कारनामा किया है। उनकी यह उपलब्धि राज्य के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनकर सामने आई है, जिससे खेलों के प्रति रूचि और समर्पण को नई दिशा मिली है। खेल जगत से जुड़े विशेषज्ञों और शिक्षकों का मानना है कि प्रिंस की मेहनत, अनुशासन और लगन ने उन्हें यह सफलता दिलाई है। उनके इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी यदि इरादा मजबूत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

बिहार सरकार एवं खेल निदेशालय ने प्रिंस कुमार को उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने यह विश्वास भी जताया कि आने वाले समय में प्रिंस कुमार जैसे और भी खिलाड़ी बिहार का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रोशन करेंगे।

प्रिंस की सफलता से उनके गांव में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों और युवाओं में हर्ष का माहौल है। उनके स्कूल, प्रशिक्षकों और परिजनों ने उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस जीत के साथ प्रिंस कुमार ने यह सिद्ध कर दिया कि बिहार के गांवों से भी ओलंपिक जैसे बड़े खिताबों की राह निकल सकती है, बस जरूरत है निरंतर मेहनत, सरकारी समर्थन और सही मार्गदर्शन की।

# नीलाम-पत्र वादों की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश, वसूली में तेजी लाने पर जोर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शनिवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में नीलाम-पत्र वाद की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही और नीलाम वादों की प्रगति, तामिला, वसूली और पोर्टल पर अपलोड की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे पीडीआर पोर्टल पर अपने-अपने संबंधित वादों की जानकारी अपलोड कराना सुनिश्चित करें, ताकि वादों की स्थिति की वास्तविक जानकारी और समीक्षा संभव हो सके। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन वादों में ऋणि द्वारा राशि जमा कर दी गई है, उन मामलों में संबंधित बैंक से कोर्ट फीस और तलवाना राशि जमा कराकर वाद को विधिवत समाप्त कराना आवश्यक है।

बैठक में नीलाम शाखा द्वारा धारा-53 से संबंधित मामलों की चर्चा भी की गई। इसमें यह निर्देश दिया गया कि जिन मामलों में धारा-7 के तहत पहले ही नोटिस निर्गत हो चुका हो, उनमें आगे से प्री-बॉडी वारंट न जारी कर सीधे बॉडी वारंट निर्गत किया जाए। सभी वादों में धारा-7 के नोटिस की तामिला कराना अनिवार्य बताया गया, और जिन मामलों में वारंट जारी हो चुका है, वहां संबंधित पक्षों को थाने के माध्यम से उपस्थित कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से यह भी कहा कि जिन मामलों में बकाया राशि अधिक है, उनमें तत्काल प्रभाव से तामिला कर चेतावनी दी जाए, और यदि राशि वसूल नहीं हो रही है तो वारंट जारी कर अग्रेतर विधिक कार्रवाई की जाए। इसका उद्देश्य नीलाम वादों के अंतर्गत राजस्व वसूली को प्रभावी ढंग से बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, जिला स्तरीय बैंकिंग सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की आगामी बैठकों में बैंकों की रिकवरी टीम को तामिला में सहयोग देने का एजेंडा रखने का निर्देश भी नीलाम शाखा के प्रभारी पदाधिकारी को दिया गया। इस अहम बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, प्रभारी राजस्व शाखा सच्चिदानंद सुमन, नीलाम शाखा प्रभारी रितेश कुमार यादव समेत जिले के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिले में लंबित नीलाम पत्र वादों के निष्पादन और बकाया राशि की त्वरित वसूली के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे प्रशासनिक सख्ती और वित्तीय अनुशासन को नया बल मिलेगा।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने की किसानों से डीएपी की जगह सिंगल सुपर फॉस्फेट के उपयोग की अपील

- एसएसपी में फॉस्फोरस के साथ सल्फर, कैल्शियम और जिंक जैसे तत्व भी मौजूद हैं।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

फसल बुआई के इस महत्वपूर्ण समय में, कृषि विज्ञान केंद्र सिरिस ने किसानों को डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) के स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) का उपयोग करने की सलाह दी है। केंद्र की मृदा वैज्ञानिक डॉ. प्रतिभा कुमारी ने बताया कि एसएसपी एक किफायती, टिकाऊ और पोषक तत्वों से भरपूर उर्वरक है, जो न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार करता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखता है।

डॉ. कुमारी के अनुसार, एसएसपी में फॉस्फोरस के अलावा सल्फर, कैल्शियम और जिंक जैसे आवश्यक पोषक तत्व भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होते हैं, जो फसल की वृद्धि और गुणवत्ता में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके विपरीत, डीएपी पूरी तरह से आयातित खाद है, जिसकी आपूर्ति अक्सर सीमित रहती है और समय पर किसानों को उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे में एसएसपी एक व्यवहारिक और प्रभावी विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया है।

तुलनात्मक रूप से देखें तो एक बैग (50 किलो) डीएपी से 23 किलोग्राम फॉस्फोरस और 9 किलोग्राम नाइट्रोजन मिलता है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 1450 रुपये है। वहीं यदि किसान 3 बैग एसएसपी और 1 बैग यूरिया का प्रयोग करते हैं, तो उन्हें 24 किलोग्राम फॉस्फोरस, 5.5 किलोग्राम सल्फर, 10 किलोग्राम कैल्शियम और 23 किलोग्राम नाइट्रोजन प्राप्त होता है, जिसकी कुल लागत मात्र लगभग 1370 रुपये होती है। इस तरह एसएसपी और यूरिया का संयोजन न केवल लागत की दृष्टि से किफायती है, बल्कि फसल के पोषण में भी अधिक उपयोगी है। कृषि विज्ञान केंद्र सिरिस ने सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वे डीएपी की जगह एसएसपी एवं यूरिया का उपयोग करें और वैज्ञानिक सलाह के अनुसार उर्वरकों का संतुलित प्रयोग कर अपनी पैदावार बढ़ाएं तथा मिट्टी की सेहत बनाए रखें।

# विशेष समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने 73 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर नकेल कसने हेतु चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत जिले की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। इस अभियान में कुल 73 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें हत्या, हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, शराब पीने जैसे संगीन मामलों के आरोपी शामिल हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में हत्या के 2, हत्या के प्रयास के 4, पॉक्सो एक्ट से संबंधित 1, शराब पीने के आरोप में 19 और 45 गैर-जमानतीय वारंटी शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई ने अपराधियों के बीच हड़कंप मचा दिया है और आमजन के बीच सुरक्षा की भावना को बल मिला है। इस अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिले के सभी थानों को सख्त निर्देश दिए गए थे कि वांछित और फरार अपराधियों को चिन्हित कर त्वरित कार्रवाई की जाए। पुलिस की टीमों ने रात-दिन लगातार छापेमारी कर यह उपलब्धि हासिल की। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जिले में कानून का राज स्थापित करने के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता से भी अपील की गई है कि वह पुलिस को सहयोग करें और अपराधियों की सूचना तुरंत दें। इस प्रकार की कड़ी कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि औरंगाबाद पुलिस अपराध पर नियंत्रण और न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी में फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस ने अवैध शराब निर्माण और तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सलैया थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस ने सटीक जानकारी और कठोर मेहनत के बाद उन अपराधियों को पकड़ने में सफलता पाई। बताया गया है कि ये दोनों आरोपी लंबे समय से अवैध शराब के निर्माण और तस्करी में सक्रिय थे, जिससे समाज में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ रही थीं। पुलिस ने इस कार्रवाई से नशे के खिलाफ अपना दृढ़ संकल्प जाहिर किया है और कहा है कि अवैध शराब की तस्करी और उसके दुष्प्रभावों को रोकने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। यह गिरफ्तारी समाज को सुरक्षित बनाने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय प्रशासन भी इस कार्रवाई की सराहना कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे अपराधों पर कड़ी नजर रखने का आश्वासन दिया है।